फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 11 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 11 अगस्त, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT

No Shok Greater Than SantanShok
'You have lost a beloved son. There is no way of getting him back. There are so many other sons who will look forward to your care!'
ART MEETS LUXURY
Jaipur Watch Company unveils Raja Ravi Varma Collection celebrating a fusion of heritage and horology.



*यह कहानी है एक मादा प्लैटिपस की जिसने पूरे ज़ू स्टाफ को मूर्ख बनाया और "प्रैग्नैंसी" का नाटक किया। वर्ष 1947 में ऑस्ट्रेलिया से दो प्लैटिपस, पैनॉलपी (मादा) और सैसिल (नर) न्यूयॉर्क के ब्रॉंक्स ज़ू लाए गए। मूलतः ऑस्ट्रेलिया में मिलने वाले प्लैटिपस ऐसे स्तनपायी जीव हैं जो अंडे देते हैं और इनके बच्चे मां की त्वचा के छिद्रों से निकलने वाला दूध पीते हैं। हालांकि ब्रॉंक्स ज़ू के क्यूरेटर्स के प्रोत्साहन से सैसिल पैनॉलपी के आसपास मंडराने लगा, पर पैनॉलपी ने उसमें कोई रुचि नहीं दिखाई। अगले वर्ष प्रजनन काल के दौरान पैनॉलपी ने सैसिल के प्रति रुझान दर्शाया। इसके बाद क्यूरेटर्स ने जब इनके आस-पास यूकलिप्टस की पत्तियां रखीं तो पैनॉलपी उन्हें बिल में ले गई। यह देख क्यूरेटर्स बहुत खुश हुए क्योंकि प्लैटिपस पत्तियों से ही घोंसला बनाते हैं। कुछ सप्ताह बाद पैनॉलपी बिल में घुस गई और 6 दिन बाद बाहर आई। बाहर आकर उसने बहुत सारा खाना खाया और वापस बिल में चली गई। क्यूरेटर्स को यकीन हो गया कि वो प्रजनन करेगी। फिर, क्यूरेटर्स उसके लिए बहुत सा खाना रखने लगे, वो सब खा जाती थी। क्यूरेटर्स को यकीन था कि, पैनॉलपी ने प्रजनन कर लिया होगा। वो 16 सप्ताह तक इंतजार करते रहे, यह सोचकर कि, मादा प्लैटिपस बच्चों की नर्सिंग कर रही होगी। फिर एक दिन अचानक मौसम बिगड़ा तो क्यूरेटर्स को डर लगा कि ठंड से बच्चों को नुकसान ना हो जाए। उन्होंने बच्चों को रैस्क्यू करने के लिए 50 पत्रकारों व फोटोग्राफर्स को बुलाकर उनके सामने बिल खोदा तो अंदर उन्हें बिलों का पूरा नैटवर्क तो मिला पर ना घोंसला दिखा ना प्लैटिपस के बच्चे। वो दंग रह गए यह देखकर कि, एक प्लैटिपस ने उन्हें मूर्ख बना दिया। सैसिल ने उसके बाद चार साल तक पैनॉलपी को रिझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ।*

# दो घंटे 13 मिनट के भाषण में प्र.मंत्री मोदी ने मणिपुर को सिर्फ 5 मिनट दिए

## मणिपुर पर विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब में मोदी का सारा जोर अपनी उपलब्धियाँ गिनाने पर रहा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। लोकसभा में इंडिया गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने अधिकांश भाषण में मणिपुर में चल रही त्रासदी का उल्लेख टाला और अपनी सरकार की उपलब्धियों का ढोल पीटते हुए इंडिया गठबंधन पर हमला बोला।

लोकसभा में इंडिया गठबंधन और भाजपानीत एन.डी.ए. के बीच तीखी बहस के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव भगवान का आशीर्वाद है और भाजपा तथा एन.डी.ए. सभी रिकॉर्ड तोड़ देंगे। उन्होंने कहा, "हमारा सुधार, कार्य प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र तथा सही आयोजना एवं कड़ी मेहनत ने देश को नई ऊंचाईयों पर पहुंचा दिया।

प्रधानमंत्री के भाषण में अपना, अपनी पार्टी और सरकार का स्तुतिगान था जबकि इंडिया गठबंधन और

- भाषण में शुरू के 90 मिनट तक उन्होंने मणिपुर पर एक शब्द नहीं कहा, फिर जब विपक्ष ने विरोध में वॉकआउट शुरू कर दिया, तब मोदी ने मणिपुर का उल्लेख किया।
- विपक्ष के सदन से बाहर जाने के बाद मोदी ने कहा कि, पूरा देश मणिपुर की महिलाओं के साथ है।
- चुनावी अंदाज में दिए गए इस जवाब में मोदी का मुख्य निशाना राहुल गांधी रहे। मोदी ने कहा कि, कांग्रेस एक गरीब को प्रधानमंत्री के पद पर नहीं देख सकती है। उन्होंने सदन में नारे बाजी को भी प्रोत्साहित किया।
- मोदी ने तीसरे कार्यकाल की पिच तैयार करने की कोशिश की और कहा कि, तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

खासकर कांग्रेस पर हमला था। दरअसल उन्होंने सदन में नारेबाजी आरंभ करवाई।

प्र.मंत्री मोदी दो घंटे 13 मिनट तक बोले। आश्चर्यजनक रूप से मोदी ने अपने भाषण के पहले 90 मिनट में मणिपुर त्रासदी पर एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने अपना भाषण 5:10 बजे आरंभ किया और 6:40 बजे तक उन्होंने मणिपुर का नाम तक नहीं लिया लेकिन जब उनकी इस असफलता के विरोध में विपक्ष उठकर जाने लगा तो वे मणिपुर पर बोलने लगे।

एक बार जब विपक्ष सदन से बाहर चला गया, तब मोदी ने कहा कि पूरा देश मणिपुर की महिलाओं के साथ है।

विपक्ष पर प्रधानमंत्री के हमले में मुख्य निशाना बने राहुल गाधी उनके भाषण के दौरान सदन में मौजूद थे। मोदी ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान असल में लूट की दुकान है। कांग्रेस एक गरीब को प्रधानमंत्री स्वीकार नहीं कर सकती।

अपनी आक्रामक शैली में मोदी संसद में ऐसे भाषण दे रहे थे जैसे वे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हो। अपनी सरकार के कसीदे पढ़ते हुए उन्होंने कहा, "हमारे तीसरे कार्यकाल में हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमारे आज के कदम 1000 साल के लिए भारत की नींव रख रहे है।"

मोदी ने कहा, "मैंने 2018 में कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव हमारा नहीं,

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## राजस्थान हाई कोर्ट को मिलेंगे दो नए जज

नई दिल्ली, 10 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने, 3 अगस्त को हुई अपनी बैठक में नौ हाईकोर्ट जजों के स्थानांतरण का जो निर्णय लिया था, उसकी घोषणा की है।

घोषणा के अनुसार, न्यायाधीश समीर जे. दवे को गुजरात हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा जस्टिस अरुण मोंगा को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की सिफारिश भी की है।




## ई-पास से होगी सुप्रीम कोर्ट में एन्ट्री

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। एक अन्य सुधार के तहत चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी. वाय. चन्द्रचूड़ ने "सुस्वागतम" नामक नया पोर्टल लॉंच किया और कहा इससे नए वकीलों, आगन्तुकों, मीडिया, इन्टर्न्स व अन्य के लिए स्वयं को ऑनलाइन

- चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने "सुस्वागतम" नाम का नया पोर्टल लॉंच किया और कहा कि, अब वकील, मीडिया व अन्य लोग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर ई-पास लेकर सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश कर सकते हैं।

रजिस्टर करवाने और सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश के लिए ई-पास बनवाने में आसानी होगी।

5 जजों की एक संविधान बैंच धारा 370 हटाने के खिलाफ तर्क-वितर्क सुनने के लिए जैसे ही एकत्रित हुई, सी.जे.आई. ने इस ऑनलाइन सुविधा की घोषणा की।उन्होंने कहा कि "सुस्वागतम"

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# वक्ताओं की लिस्ट में अधीर रंजन का नाम नहीं होने का मुद्दा क्यों उठाया प्र.मंत्री मोदी ने?

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वक्ताओं की सूची में अधीर रंजन चौधरी की गैर मौजूदगी का उल्लखे कर के टी.एम.सी. (तृणमूल कांग्रेस) के साथ सहयोग को लेकर, कांग्रेस के स्थानीय एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच दरार को हाईलाइट करने की कोशिश की।

बंगाल कांग्रेस 2024 के आम चुनाव लड़ने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन के पूरी तरह खिलाफ है। बंगाल कांग्रेस का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के गठबंधन से बंगाल में स्थानीय स्तर पर पार्टी का उत्थान एवं उत्कर्ष बुरी तरह बाधित होगा।

कांग्रेस और सी.पी.आई.(एम)-दोनों के ही राष्ट्रीय नेतृत्व एवं स्थानीय नेतृत्व की ये दरारें बढ़ती जा रही हैं तथा खुल कर सामने आती जा रही है। धर्मसंकट बिल्कुल साफ है- स्थानीय कांग्रेस तृणमूल के साथ किसी भी प्रकार के सहयोग के पूरी तरफ खिलाफ है, चाहे इसका नतीजा कुछ भी क्यों न हो।

अविश्वास प्रस्ताव की मुख्य बहस में

- समझा जाता है कि, मोदी ने तृणमूल के साथ गठबंधन के मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय नेतृत्व के बीच मतभेद को उभारने के लिए यह मुद्दा उठाया।
- बताया जाता है कि, अधीर रंजन ने अविश्वास प्रस्ताव पर बोलने के लिए समय देने के लिए लोकसभा स्पीकर से विशेष आग्रह किया था।

अधीर रंजन चौधरी, जो बंगाल में राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं, की अनुपस्थिति की ओर प्रधानमंत्री का संकेत संदर्भित दरार की ओर तो इशारा कर ही रहा है, इसके साथ ही, प्रधानमंत्री की ओर से इस मतभेद का लाभ लेने की कोशिश भी दिखाई दे रही है।

बताया जाता है कि अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बोलने के लिये, लोकसभा अध्यक्ष का विशेष अनुग्रह चाहा था। ममता बनर्जी राहुल गांधी की सदन में वापसी से काफी अनिश्चितता की स्थिति महसूस कर रही हैं। वे काफी डिफेन्सिव नज़र आ रही हैं तथा गठबंधन के पक्ष में विश्वास-निर्माण के रूप में, राष्ट्रीय दल से कुछ सुविधाओं की माँग करेंगी।

यह स्थिति राहुल गांधी की संसदीय सीट की बहाली के बाद, एक नये यथार्थ को भी दर्शाती है। राहुल गांधी की दमदार वापसी से ममता बनर्जी तथा अन्य नेता स्वयं को बौने से महसूस कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने तो राहुल गांधी की वापसी को लेकर दिये गये अपने बयानों में कंजूसी बरती है।

इस बदली हुई स्थिति में, ममता बनर्जी कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की तुलना में, बहुत ज्यादा गौण भूमिका में आ गई हैं। उनकी स्थिति बहुत कम उल्लेखनीय रह गई है क्योंकि पश्चिमी बंगाल के बाहर उनका कहीं कोई आधार नहीं है।

अनेकानेक टेलीविजन बहसों तथा सार्वजनिक चर्चाओं में, कांग्रेस पार्टी के

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## 'मोदी ने हमें कुछ नहीं दिया राहुल ने हमारी मदद की'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुधवार को लोकसभा में किये गये इस दावे, कि प्रधानमंत्री मोदी की मदद से किस प्रकार महाराष्ट्र के यवतमाल नगर में रहने वाली कलावती का जीवन परिवर्तित हो गया, की पोल 24 घंटे के भीतर ही खुल गई।

कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी

- महाराष्ट्र के यवतमाल की कलावती ने अमित शाह के इस दावे को सफेद झूठ बताया कि, प्रधानमंत्री की मदद से उसका जीवन बदल गया।

वैबसाइट पर एक वीडियो क्लिप प्रस्तुत की, जिसने शाह के झूठ की तो कलई खोल दी, साथ ही यह भी बता दिया कि उनका जीवन जननायक राहुल गांधी के साथ हुई भेंट के बाद किस तरह बदला है। मराठी भाषा की इस वीडियो क्लिप में, कलावती ने कहा कि उनके परिवार के खाने-पीने, पढ़ाई-लिखाई तथा

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# मोदी का भाषण कांग्रेस और राहुल से भी ओत-प्रोत रहा

## मणिपुर के मुद्दे पर प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर अपने जवाब में मोदी ने मणिपुर को बहुत ही कम तवज्जो दी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रुचि दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

विपक्ष द्वारा केन्द्र सरकार के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से बाध्य होकर प्रधानमंत्री को संसद में आना पड़ा और बहस का जवाब देना पड़ा। इस दौरान मोदी का पूरा फोकस कांग्रेस पार्टी पर रहा।

मोदी ने अपनी वाक्पटुता का पूरा परिचय दिया, लेकिन, विपक्ष के नए गठजोड़ के हमलों का प्रत्युत्तर देते समय वो उद्विग्न नज़र आए।

कांग्रेस के विरुद्ध बहुत कुछ कहने के बाद उन्होंने मणिपुर का मुद्दा उठाया, लेकिन सिर्फ इतना ही कहा कि, इस विषय पर अमित शाह सब कुछ कह चुके हैं और राज्य में जो कुछ हो रहा है उसके लिए कांग्रेस दोषी है।

नरेन्द्र मोदी ने महंगाई, राष्ट्रीय सुरक्षा, चीन की घुसपैठ और उन अनेक समस्याओं के बारे में कुछ नहीं कहा, जिनका सामना देश कर रहा है।

- उन्होंने भाषण में अपनी सरकार का जमकर गुणगान किया, फिर विपक्ष को कोसने पर ध्यान केन्द्रित किया।
- प्रायः संसद से दूर रहने वाले मोदी को अविश्वास प्रस्ताव के कारण मजबूरन सदन में आना पड़ा।

लगता है कि प्रधानमंत्री अपने स्वयं के शब्दों से इतने आश्वस्त हैं कि, वो वाकई में यह मानते हैं कि, वो देश को बहुत अच्छी तरह चला रहे हैं।

प्रधानमंत्री जब राहुल गांधी की "मोहब्बत की दुकान" को लक्ष्य बनाकर कांग्रेस के विरुद्ध बोल रहे थे तब संयुक्त विपक्ष ने वॉक आउट कर दिया।

प्रधानमंत्री का भाषण सुनकर ऐसा नहीं लगा कि वो मणिपुर तथा देश के अन्य भागों के लोगों के हालात को लेकर संवेदनशील हैं।

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सी.जे.आई. को बाहर रखना चाहती है केन्द्र सरकार

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए बिल लाई सरकार, भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में बिल पेश

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। एक नए विधेयक ने नया विवाद खड़ा कर दिया है जिससे मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर नियंत्रण हो जाएगा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इस संस्था पर कब्जा जमाना चाह रहे हैं। इस विधेयक के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों की नियुक्ति के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश का स्थान एक केन्द्रीय मंत्री लेंगे। कांग्रेस ने इसे चुनाव आयोग को "प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली" बनाने का कुत्सित प्रयास बताया। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार यह 2024 के चुनावों में अपने पक्ष में धांधली करने की भाजपा की रणनीति है।

इस वर्ष 2 मार्च को दिए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब तक वह मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कानून नहीं बना देता तब तक नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करेगी जिसमें प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। शीर्ष कोर्ट ने केन्द्र सरकार से यह भी कहा था कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए एक स्थायी

- सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष 2 मार्च को फैसले में कहा था कि, इलैक्शन कमिश्नर ऑफ इण्डिया की नियुक्ति के लिए समिति गठित की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सदस्य होंगे।
- सरकार इस कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केन्द्रीय मंत्री को लाना चाहती है।
- विपक्ष ने इस पर भारी विरोध जताया और कहा कि, सरकार 2024 के चुनावों में फर्जीवाड़े की तैयारी कर रही है।

सचिवालय स्थापित करने पर विचार करना चाहिए और इसका खर्चा देश के बजट से होना चाहिए ताकि आयोग वास्तव में स्वतंत्र हो सके। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जो चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं करता वह कानून के शासन की धज्जियां उड़ाता है।

राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर चल रहे हंगामे के बीच पेश किए गए नए विधेयक के अनुसार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति पांच उम्मीदवारों का पैनल तैयार करेगी। उसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति के समक्ष रखा जाएगा जिसमें विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामांकित एक केन्द्रीय मंत्री होंगे।

विपक्षी नेताओं का आरोप है कि यह विधेयक प्रजातंत्र को कमजोर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में विश्वास नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला पसंद नहीं आता उसे बदलने के लिए संसद में कानून बना देते हैं। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा, "यदि प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानते तो यह खतरनाक स्थिति है।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा, "मोदी सरकार ने बेशर्मी से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कुचल दिया और चुनाव आयोग को अपना प्यादा बना रहे है।"

## 'भारत में विलय, यानि जम्मू-कश्मीर ने अपनी सम्प्रभुता भारत को सौंप दी'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अगस्त। अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू -कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के पांचवें दिन, गुरुवार को चीफ जस्टिस

- सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी धारा 370 को हटाए जाने के मसले पर चल रही सुनवाई के दौरान की।

ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चंद्रचूड़ ने जम्मू -कश्मीर बार एसोसिएशन की तरफ से बहस कर रहे ज़फर शाह के तर्क के जवाब में महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि, राज्य सरकार की भारत सरकार के साथ हर तरह की एकमतता होना जरुरी नहीं है।

उन्होंने कहा कि, एकमतता के कई

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## विचार बिन्दु

**अशिक्षित रहने से पैदा ना होना अच्छा है, क्योंकि अज्ञान ही सब विपत्ति का मूल है। अज्ञानी के लिए खामोशी से बढ़कर कोई चीज़ नहीं और यदि उसमे यह समझाने की बुद्धि हो तो वह अज्ञानी नहीं रहेगा। –शेख सादी**

# सांसद की सदस्यता की अयोग्यता के बाबत संविधान के अनुच्छेद 103 की क्या कोई भूमिका है?

माननीय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने अपने आदेश दिनांक 4 अगस्त, 2023 से मानहानि के केस में जो 2 वर्ष की सजा राहुल गांधी को दी थी, उसके दोष सिद्धि (Conviction) की सजा पर रोक लगा दी है। फलस्वरूप राहुल गांधी की संसद की सदस्यता की अयोग्यता समाप्त हो गई, क्योंकि 2 वर्ष की सजा के कारण वे सदस्य रहने के अयोग्य हो गये जैसा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) सपठित अनुच्छेद 102(1)(म) संविधान में प्रावधान है। लोकसभा सचिवालय ने केन्द्र सरकार के गजट दिनांक 7 अगस्त 2023 की विज्ञप्ति जारी कर उनकी सदस्यता बहाल कर दी वस्तुतः लोक सभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के 4 अगस्त के आदेश को देखते हुये राहुल गांधी की अयोग्यता को वापिस लिया जाता है। 24 मार्च 2023 को जारी अधिसूचना को अगले अदालती आदेश तक स्थगित किया जाता है। वे 136 दिन बाद संसद पहुंचे और उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव की बहस में भाग लिया सूरत की कोर्ट ने 7 जुलाई 2023 के आदेश से 2 वर्ष की सजा दी थी। याद रहे मानहानि के अपराध के हेतु अधिकतम सजा 2 वर्ष की है।

संविधान के अनुच्छेद 102 में यह प्रावधान है कि संसद का सदस्य चुनने के बाद किन–किन परिस्थितियों में वह अयोग्य करार दिया जा सकता है। अनुच्छेद 102(1)(म) में यह व्यवस्था दी गई है कि संसद की अयोग्यता के हेतु संसद कानून बनाकर प्रावधान कर सकती है। चुनाव कानून जिसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के नाम से पुकारा जाता है उसकी धारा 8(3) में यह व्यवस्था है कि यदि किसी सांसद को 2 वर्ष की सजा सक्षम कोर्ट द्वारा दी जाती है तो वह सदस्यता हेतु अयोग्य घोषित माना जावेगा।

माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिनांक 4.8.2023 से कन्वीक्शन को निलम्बित कर दिया है। उसका परिणाम यह हुआ कि वे संसद के सदस्य पुनः हो गये। संविधान के अनुच्छेद 102 में सांसद की अयोग्यता के कारणों का उल्लेख है। संसद, संसद सदस्यों से मिलकर बनती है, संसद का सदस्य बनने पर अर्थात् अपनी सीट ग्रहण करने से पूर्व शपथ, तीसरी अनुसूची के अनुसार होनी चाहिये। 2 वर्ष की सजा के बाद राहुल गांधी संसद सदस्य नहीं रहे और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से Conviction पर रोक लगने के फलस्वरूप उनकी सदस्यता बहाल हो गई। संविधान का अनुच्छेद 99 कहता है संसद का सदस्य कहलाने से पूर्व उसे शपथ लेना आवश्यक है। राहुल गांधी ने शपथ नहीं ली है। संभवतः सदस्यता के रेस्टोर होने पर, इसकी आवश्यकता नहीं है।

अनुच्छेद 102 का संबंध संसद के सदस्य की अयोग्यता से है। अनुच्छेद 120 के उप अनुच्छेद (1)(म) यह कहता है कि संसद द्वारा बनाये गये कानून द्वारा अयोग्यता को परिभाषित किया गया है। वह कानून जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 है, जिसकी धारा 8(3) में यह व्यवस्था है।

अनुच्छेद 103 यह निर्देश देता है कि जब कभी सांसद की अयोग्यता का प्रश्न उठाया जावे तो इसके निर्णय के हेतु विवाद को अनुच्छेद 103(1) के तहत राष्ट्रपति को भेजना होगा और उनका निर्णय Final होगा। राष्ट्रपति के लिये निर्णय देने से पूर्व चुनाव आयोग की राय लेनी होगी। अनुच्छेद 103 को निम्नलिखित रूप से उद्धृत किया गया है।

Article 103. Decision on questions as to disqualifications of members: - (1) If any question arises as to whether a member of either House of Parliament has become subject to any of the disqualifications mentioned in clause (1) of article 102, the question shall be referred for the decision of the President and his decision shall be final.

(2) Before giving any decision on any such question, the President shall obtain the opinion of the Election Commission and shall act according to such opinion.

> **देश की जनता अपेक्षा करती है कि (1) क्या मानहानि के केस में जिसमें 2 वर्ष की सजा जो अधिकतम है, कब दी जा सकती है? (2) अयोग्यता का निर्णय कौन करेगा? किस Authority को यानी लोकसभा अथवा चुनाव आयोग में से सदस्य को अयोग्य घोषित करने का अधिकार किसे है तथा क्या देश के राष्ट्रपति को सांसद को अयोग्य करने का अधिकार है? क्या इस हेतु निर्णय देने से पूर्व चुनाव आयोग से राय लेना आवश्यक है?**

प्रस्तुत केस में चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट सूरत की कोर्ट में दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया और राहुल गांधी को दोषी करार दिया तथा 2 वर्ष की सजा दी। सजा के विरूद्ध राहुल गांधी सेशन्स कोर्ट में अपील की थी। सेशन्स कोर्ट ने Sentence को Suspend किया, किन्तु Conviction को स्टे नहीं किया। इसके विरूद्ध राहुल गांधी गुजरात हाईकोर्ट गये 07.03.2023 को सूरत हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की रिवीजन पिटीशन में कन्वीक्शन को स्टे करने से इन्कार किया।

सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी पेश की गई और सर्वोच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने Conviction को स्टे कर दिया। फलस्वरूप जैसा ऊपर लिखा है राहुल गांधी की अयोग्यता फिलहाल स्थगित हो गई। राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो गई। राहुल गांधी दिनांक 8.8.2023 को संसद में उपस्थित हुये और उन्होंने अपना वक्तव्य संसद में दिया।

लोकसभा सचिवालय ने विज्ञप्ति जारी कर राहुल गांधी की सदस्यता कुछ समय के लिये बहाल की। संसद के सदस्य की निरर्हता (अयोग्यता) जन प्रतिनिधित्व एक्ट 1951 की धारा 8(3) से संबंध है। राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा हुई है। सजा होते ही संसद की सीट वेकेन्ट हो जाती है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151ए स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है कि सीट वेकेन्ट होने की तारीख से 6 माह में बाई इलेक्शन होना चाहिये। संविधान के अनुच्देद 103 का प्रावधान बाध्यकारी है कि राष्ट्रपति अपने निर्णय से पूर्व सदस्य की निरर्हता के बाबत चुनाव आयोग से राय लेंगे।

संसद के सदस्य की निरर्हता जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8(3) से संबंध है मानहानि के केस में 2 वर्ष का Conviction जुडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दिया है और अयोग्यता पर स्टे एसएलपी में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। यह माना गया है कि Conviction को स्टे करने का यह असर है कि अयोग्यता फिलहाल नहीं रही। कोर्ट के आदेश की प्राप्ति पर चुनाव आयोग ने अयोग्यता का आदेश पारित किया है, किन्तु लोकसभा सचिवालय की विज्ञप्ति से राहुल गांधी का Conviction स्टे हुआ है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिनांक 04.08.2023 को Conviction (दोष सिद्धि) पर रोक लगाई। राहुल गांधी की संसद की सदस्यता Restore (बहाल) हुई है। यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 141 के अनुसार देश के कानून के समान है। इसे लागू करना कोर्ट व सरकार सभी पक्षकारों पर बाध्यकारी है। इसे चुनौती भी नहीं दी जा सकती।

इस लेख का कोई संबंध सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिनांक 04.08.2023 की वैधता को चुनौती देने का नहीं है। लेख इसलिये लिखा गया है कि कानून के विद्यार्थी यह जान सकें कि उपरोक्त परिस्थितियों में सही विधि क्या होनी चाहिये?

मानहानि के केस में 2 वर्ष तक की सजा दी जा सकती है। प्रश्न है प्रस्तुत केस में, उसकी विशिष्ट परिस्थितियों में 2 वर्ष की सजा दिया जाना क्या औचित्यपूर्ण है? संविधान के अनुच्छेद 102 में संसद के सदस्य को अयोग्य घोषित करने के कई कारण दिये हैं, उनमें उप अनुच्छेद (1)(म) में यह व्यवस्था दी है कि संसद कानून बनाकर अयोग्यता निर्धारित कर सकती है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 संसद द्वारा बनाया गया कानून है उसमें 2 वर्ष की सजा का प्रावधान है। 2 वर्ष की सजा/दोष सिद्धि यानी कन्वीक्शन पर सदस्य अयोग्य करार दिया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 103 में यह व्यवस्था है कि संसद की सदस्यता के बाबत कोई विवाद हो तो उसका निर्णय महामहीम राष्ट्रपति जी करेंगे। वे इस बाबत चुनाव आयोग से राय ले सकते हैं।

देश की जनता अपेक्षा करती है कि (1) क्या मानहानि के केस में जिसमें 2 वर्ष की सजा जो अधिकतम है, कब दी जा सकती है? (2) अयोग्यता का निर्णय कौन करेगा? किस Authority को यानी लोकसभा अथवा चुनाव आयोग में से सदस्य को अयोग्य घोषित करने का अधिकार किसे है तथा क्या देश के राष्ट्रपति को सांसद को अयोग्य करने का अधिकार है? क्या इस हेतु निर्णय देने से पूर्व चुनाव आयोग से राय लेना आवश्यक है?

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# प्राथमिक शिक्षा की पढ़ाई बीच में छोड़ने के कारण देश में निरक्षरता लगातार बढ़ रही है



राजेन्द्र जोशी

**भारत** जैसे विशाल देश में शिक्षा का महत्व पिछले तीन दशक से सरकार और समाज के विचार का विषय बन बन गया। सरकार और समाज अगर किसी विषय को चुनकर समाधान करना चाहे तो समय अधिक नहीं लगता। ऐसे में सरकार को प्राथमिक शिक्षा के महत्व को समझना होगा, जिसे पिछले दशक में हाशिए पर रखा जा रहा है। एक समय था जब प्राथमिक शिक्षा का अपना अलग महत्व होता था, अलग सिस्टम होता था, सबसे अधिक मजबूती से प्राथमिक शिक्षा पर ध्यान दिया जाता था।

चर्चा करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्राथमिक शिक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है, हम हर साल उन आंकड़ों को खोजते हैं जहां शत प्रतिशत नामांकन के बाद भी बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों की संख्या बढ़ती ही जाती है, सरकारों के पास संसाधन होते हुए भी प्राथमिक शिक्षा के दौरान बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों के आंकड़े तीन–चार साल बाद पेश किए जाते हैं। जबकि पन्द्रह वर्ष के बाद वह विद्यार्थी प्रौढ़ शिक्षा के रूप में नामांकित होने लगते हैं, 15 वर्ष की उम्र के बाद व्यक्तियों को स्कूल में जाकर प्राथमिक शिक्षा का अध्ययन करने में लज्जा आती है, क्योंकि वह उम्र पीछे छूट जाती है जिस उम्र में उन्हें प्राथमिक शिक्षा लेनी होती है। विचारणीय विषय है कि पिछले एक दशक में प्रौढ़ साक्षरता भी लगभग बंद होने के कगार पर है, तीन दशक पहले भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना इसीलिए की गई थी कि देश में शत–प्रतिशत साक्षरता का संकल्प पूरा किया जाए। पिछली जनगणना के आंकड़ों से सुकून हमें मिला और अनेक राज्यों ने क्वांटम जंप लिया था, यह बात विस्तार से मैं आपके साथ बाद में साझा करूंगा। फिलहाल हम इसके प्रारंभिक कारणो की चर्चा कर रहे है। प्राथमिक शिक्षा में बीच में छोड़ने वाले बच्चों की अनदेखी लगातार सरकारों द्वारा की जा रही है, ऐसी बात नहीं है की सरकारों ने शिक्षा की तरफ ध्यान ना दिया हो।

मिड डे मील, दूध वितरण, निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण, स्कूल ड्रेस उपलब्ध करवाना इत्यादि अनेक योजनाएं सरकारी विद्यालयों में लागू की गई। हमने यह सोचा था कि यह योजनाएं निरक्षरता पर रोक लगा देगी और जहां से निरक्षरता पैदा होती है वहां पर पूरी तरह लगाम लग जायेगा। समग्र शिक्षा की स्थापना हुई, संसाधन बढ़ाए गए, परंतु प्राथमिक शिक्षा बीच में छोड़ने के कारणों की इतनी अनदेखी की गई कि उसे संभाल पाना मुश्किल है।

आज भी लगभग 30 प्रतिशत बच्चें बीच में ही पढ़ाई छोड़ जाते हैं, सरकारी आंकड़ों की ठीक से पड़ताल की जाए तो हमारे सामने यह भी आएगा कि प्रवेशोत्सव को जिस उत्साह से प्रारंभ किया गया था वह दो–तीन माह में ही दम तोड़ देता है। ऐसे में सरकार की और समाज की यह जिम्मेदारी है कि अनदेखी को ठीक किया जाना चाहिए। जहां तक प्राथमिक शिक्षा बीच में छोड़ने के कारणों की पड़ताल की जाए तो सबसे बड़ा कारण तो मातृभाषा में शिक्षा न दिया जाना एवं आदिवासी गरीब क्षेत्रों में रोजगार का विषय सबसे अधिक परेशान करता है। एक और बात जो इसकी अनदेखी का बड़ा कारण है स्वयंसेवी संस्थाओं को सरकार ने लगभग समाप्त कर दिया। अन्यथा बीच में पढ़ाई छोड़ने के कारणों का पता लगाने और उन पर काम करने में स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाएं भी मददगार हुआ करती थी।

एक बड़ा कारण सरकार ने प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा का एकीकरण करने से प्राथमिक शिक्षा पर समुचित रूप से ध्यान नहीं दिया जाना भी पढ़ाई बीच में छोड़ने के कारणों में प्रमुखता से समझा जा सकता है। हमेशा केंद्रीयकरण गुणवत्ता कमजोर करता है। विकेंद्रीकरण अभियान को मजबूती देता है, अभी भी समय है प्राथमिक शिक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों पर उनके परिवारों पर ध्यान दिया जाए प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में हो, प्राथमिक शिक्षा का प्रबंध एवं प्रबंधकीय व्यवस्था का ढांचा पूर्व की भांति अलग हो, प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए, एवं प्राथमिक शिक्षा के स्कूल अधिक से अधिक खोले जाए तो प्राथमिक शिक्षा बीच में छोड़ने पर लगाम लगता है इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

**लेखक शिक्षाविद एवं साक्षरताकर्मी है।**

**– राजेन्द्र जोशी,**
**कवि–कथाकार**

# जालोर में स्मार्टफोन लेने के लिये महिलायें परेशान नजर आई

## शिविर में फोन के लिए फर्जी नरेगा कार्ड बनाने में लगे लोग

- **फोन लेने के लिए शिविर में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ पहुंची**
- **ऐसे में यह योजना केवल मात्र दिखावा साबित होती नजर आई**

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के नगर परिषद में स्मार्ट फोन लेने वाली महिलाओं की भीड़ नजर आई। ऐसे में फोन लेने की औपचारिकता पूर्ण करने में ही महिलाएं परेशान नजर आई। कई महिलाएं तो थक–हार कर घर की तरफ चली गई। वहीं फोन लेने को लेकर परिषद में फर्जी में नरेगा हाजरी दर्ज करने का खेल चलता नजर आ रहा है। ऐसे में यह योजना केवल मात्र दिखावा साबित होती नजर आई।

मुख्यमंत्री ने गुरूवार को इंदिरा गांधी स्मार्टफोन देने की योजना का शुभारम्भ किया। ऐसे में स्मार्ट फोन लेने के लिए जालोर नगरपरिषद में शिविर में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ नजर आई। ऐसे में भीड़ को काबू करने को लेकर किसी प्रकार से पुलिस की व्यवस्था नही होने से महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले चरण में केवल मात्र विधवा, मनरेगा श्रमिक व उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ही फोन उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। ऐसे में चिरंजीवी से जुड़े सभी लाभार्थियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा भ्रामक प्रचार किया गया कि चिरंजीवी मुखिया को फोन मिलेंगे। ऐसे में कई महिलाएं शिविर पहुंची। लेकिन बाद में मालूम हुआ कि उन्हें फोन नहीं मिलेगा तो वे निराश होकर घर की ओर लौट गई।

वहीं परिषर के कार्मिक भी फोन को लेकर फर्जी नरेगा कार्ड बनाने में जुट गये। इस योजना का लाभ वास्तविक हकदार को नही मिलकर पहुंच वाले इस योजना का लाभ जरूर उठा लेंगे। ऐसे में सरकार द्वारा फोन वितरण के नाम पर महिलाओं को चक्कर लगाने पर मजबूर कर दिया।

लोगों का कहना था कि महिलाओं को फोन देने से महिलाएं घरेलू कार्य नहीं कर पायेगी तथा फ्री नेट पर दिनभर मोबाईल पर बीजी रहेगी। ऐसे में महिलाओ के हाथ में फोन देने से फायदा की जगह नुकसान ज्यादा है। ऐसे में परिषद में धूप में दिनभर कई महिलाएं फोन प्राप्त करने का इंतजार करती रही। लेकिन औपचारिकता अधिक होने से औपचारिकता पूर्ण नही होने से कई महिलाएं निराशा घर लौटी। मुख्यमंत्री की यह योजना फायदा की बजाय नुकसानदायी साबित होगी।

जालोर जिला मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत लाभार्थी पूजा चौहान, खुशी कंसारा, अनिता कुमारी, पुष्पा कुमारी, करूणा, ज्योत्सना चौधरी, पूजा, उमेती देवी, धोपी देवी, कसनी देवी व अनिता को स्मार्ट फोन प्रदान करने के साथ ही इंटरनेट कनेक्टिविटी का लाभ दिया गया।कार्यक्रम में जिला कलक्टर निशान्त जैन, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार, जालोर उपखण्ड अधिकारी दौलतराम चौधरी, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी, राज्य भूदान बोर्ड के सदस्य नैनसिंह राजपुरोहित, बीसूका की जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, सवाराम पटेल, डॉ. भरत मेघवाल, आमसिंह परिहार, भोमाराम मेघवाल, इन्दु परिहार व सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार सहित अन्य जन प्रतिनिधि अधिकारी एवं योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# पोकरण के सत्यमेव चौक से सौ फुट का तिरंगा सात माह से गायब है

- **तिरंगे के नदारद होने को लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौन**

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण शहर से जैसलमेर सड़क मार्ग पर स्थित शक्ति स्थल के सामने सत्यमेव चौक से लगभग सात माह से सौ फीट का तिरंगा लगा हुआ नहीं होने से देशी विदेशी पर्यटकों एवं बाबा रामदेवरा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार 26 जनवरी पर लगा हुआ था। लगभग 7 माह बीत जाने के बाद भी तिरंगा झंडा कुछ दिनों बाद ही नदारद हो गया। वहीं जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते देश की आन बान शान देश का तिरंगा झंडा सत्यमेव चौक में लगा हुआ नहीं है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सौ फीट का तिरंगा लगाने की छूट मिलने एवं सरकारी बजट से पर्यटक स्थलों पर लगाने की विधिवत घोषणा के बाद पालिका क्षेत्र में लगाने के स्थान को लेकर को पक्ष व विपक्ष द्वारा आरोप प्रति आरोपों के दौर के बाद लाखों रुपए का सरकारी बजट खर्च कर पालिका प्रशासन द्वारा लगाया गया था। वहीं सत्यमेव चौक पर तिरंगे झंडे के स्थल पर राजनेताओं के नामों की बड़ी शिलालेख लगाकर वाहवाही लूटी गई थी। वही सौ फिट के तिरंगे के नदारद होने को लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौन नजर आते हैं।

# नेशनल स्कूल गेम्स का कैलण्डर जारी

- **नेशनल गेम्स की मेजबानी इस बार बीकानेर, जयपुर और जोधपुर को भी सौंपी गई**

**बीकानेर, (निसं)।**एक साल पहले तक स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन नहीं हो रहा था और अब सेशन की शुरूआत में ही पूरे साल का कलेंडर घोषित कर दिया गया है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कलेंडर के मुताबिक ही अब राजस्थान के स्कूल्स में टूर्नामेंट की डेट्स तय होगी। नेशनल गेम्स की मेजबानी इस बार बीकानेर, जयपुर और जोधपुर को भी सौंपी गई है।

शिक्षा निदेशालय में खेलकूद प्रभारी अशोक व्यास ने बताया कि स्कूल नेशनल गेम्स अक्टूबर से शुरू हो जाएंगे जो जनवरी 24 तक अनवरत चलते रहेंगे। अलग–अलग खेलों की जिम्मेदारी अलग–अलग स्कूल्स को सौंपी गई है। राजस्थान को भी कई खेलों का आयोजन दिया गया है। इसमें वेट लिफ्टिंग अंडर –19 बॉयज एंड गर्ल्स का नेशनल स्कूल टूर्नामेंट बीकानेर में नवम्बर के पहले सप्ताह में आयोजित होगा। पिछली बार स्टेट वेट लिफ्टिंग भी बीकानेर में हुई थी। टेनिस का अंडर 17–19 गर्ल्स का टूर्नामेंट जोधपुर में होगा। ये टूर्नामेंट दिसम्बर के पहले सप्ताह में होगा। अंडर14 गर्ल्स बास्केटबॉल का नेशनल टूर्नामेंट बाडमेर में नवम्बर के पहले सप्ताह में होगा। जूडो का नेशनल स्कूल टूर्नामेंट फरवरी 24 में श्रीगंगानगर में होगा। सॉफ्टबॉल का अंडर 17 बॉयल एंड गर्ल्स टूर्नामेंट बीकानेर में नवम्बर के पहले सप्ताह में होगा। कबड्डी का अंडर 17 गर्ल्स टूर्नामेंट जयपुर में जनवरी के फर्स्ट वीक में होगा। इसी आधार पर अब राजस्थान में स्टेट लेवल टूर्नामेंट का कलेंडर जारी होगा। इससे पहले जिला स्तरीय खेलकूद भी स्कूल्स में आयोजित किए जाएंगे। नेशनल गेम्स की डेट्स तय होने से राजस्थान सहित देशभर में स्कूली टूर्नामेंट समय पर ही होंगे। इस बार भी एसजीएफआई में राजस्थान का प्रतिनिधित्व होने के कारण नेशनल गेम्स बीकानेर को मिल रहे हैं। शिक्षा निदेशालय से उप निदेशक अरविन्द व्यास और खेल प्रभारी अशोक व्यास दोनों एसजीएफआई में राजस्थान के प्रतिनिधि है।

## राशिफल शुक्रवार 11 अगस्त, 2023



पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (अधिक), कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, मृगशिरा नक्षत्र प्रातः 6:02 तक, व्याघात योग दिन 3:10 तक, बव करण सांय 5:49 तक, चन्द्रमा आज सांय 4:58 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–वृष, मंगल–सिंह, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज कमला (पुरूषोत्तम) एकादशी व्रत स्मार्तों का है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:58 तक, लाभ–अमृत 7:38 से 10:54 तक, शुभ 12:32 से 2:10 तक, चर 5:26 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:04



### मेष

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।



### वृष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।



### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। सूर्यास्त पश्चात अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।



### सिंह

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।



### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी।



### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



### वृश्चिक

परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



### धनु

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



### मकर

घर–परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



### कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। घर–परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

# क्या सत्ता और संगठन को अपने ही नेताओं पर भरोसा नहीं?

## इसलिए चुनिंदा नेताओं को ही समितियों में शामिल किया गया है, जिन कमेटियों पर सारा दारोमदार, चुनावों में वे बेअसर होंगी?

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त लोकसभा पर्यवेक्षकों तथा प्रदेश कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक 11 अगस्त को वार रूम पर संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसुदन मिस्त्री लेंगे। बैठक में सचिन पायलट, मोहनप्रकाश सहित सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, अमृता धवन, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, राज्य पर्यवेक्षक शशिकांत सेंथिल सहित लोकसभा पर्यवेक्षकगण तथा कमेटी के सदस्य मौजूद रहेंगे।

कांग्रेस की इस महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक से पहले कांग्रेस नेताओं का दावा है कि राजस्थान में कांग्रेस चुनावी अभियान में भाजपा को पीछे छोड़ चुकी है। कांग्रेस नेता यह बात इसलिए कह रहे हैं, कि राजस्थान में कांग्रेस ने चुनाव अभियान समिति और राजनीतिक मसलों की कमेटी का गठन कर दिया है, जो राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनाव अभियान और राजनीतिक मसलों को देखेगी। वैसे इन दोनों कमेटियों को ध्यान से देखा जाए तो चुनाव समिति में जहां 29 नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं।

वहीं राजनीतिक मसलों की कमेटी में 35 नेताओं को शामिल किया गया है। अब इन दोनों कमेटियों को ध्यान से देखें, तो चुनाव समिति के 29 नेताओं को हूबहू राजनीतिक मामलों की समिति में भी शामिल कर लिया गया है। वहीं बदला सिर्फ इतना है कि चुनाव समिति के अध्यक्ष पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बनाए गए हैं, तो राजनीतिक मसलों की कमेटी के अध्यक्ष राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा बनाए गए हैं।

**■ क्योंकि चुनाव समिति में शामिल 29 नेताओं को ही पॉलिटिकल अफेयर कमेटी में सदस्य बना दिया, जो खुद ही चुनाव लड़ेंगे!**

इसके अलावा चुनाव समिति और राजनीतिक मसलों की कमेटी में बदला इतना है कि 6 नए सदस्य राजनीतिक मसले देखने वाली कमेटी में शामिल किए गए हैं। इनमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, विधायक प्रशांत बैरवा, हाकम अली खान, रफीक खान, एआईसीसी सचिव कुलदीप इंदौरा हैं। यानी कि इन 6 सदस्यों के अलावा चुनाव समिति की सूची और राजनीतिक मसलों के मामले की समिति की सूची देखी जाए तो क्रम संख्या भी नहीं बदली गई है। सिर्फ सीपी जोशी वरिष्ठ हैं, ऐसे में उन्हें राजनीतिक मसलों की कमेटी में शामिल किया गया है, इसलिए एक जगह क्रम बदला गया है। इसके अलावा उसी क्रम के साथ में चुनाव समिति के सदस्य राजनीतिक मसलों की समिति में भी सदस्य बनाए गए हैं।

कहा जा रहा है कि राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता और संगठन को अपने ही नेताओं और अपने ही पदाधिकारियों पर ज्यादा विश्वास नहीं है। यही कारण है कि दोनों समितियों में 29 नेता हूबहू लेकर वही शामिल कर लिए गए।

दूसरी और कुछ लोग यह भी कहते हैं कि राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता और संगठन इन नेताओं के हाथों मजबूर हैं। ऐसे में इन नेताओं को हर समिति में शामिल किया जाना मजबूरी सा बन गया है। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि जो कांग्रेस राजस्थान में सत्ता रिपीट करने की बात कर रही है, वह यह भी तय नहीं कर पा रही है कि किसे तो चुनाव लड़ाएगी, किससे संचालन करवाएगी और कौन नेता राजनीतिक मसलों पर अपने विचार पार्टी को देंगे। क्योंकि इन दोनों समितियों में शामिल अधिकांश नाम चुनाव लड़ने वाले हैं, इनमें से मुख्यमंत्री अशोक तय नहीं कर पा रहे है कि किसे तो चुनाव लड़ाएंगे, किससे संचालन करवाएंगे और कौन नेता राजनीतिक मसलों पर अपने विचार पार्टी को देंगे। क्योंकि इन दोनों समितियों में शामिल अधिकांश नाम चुनाव लड़ने वाले हैं, इनमें से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, सचिन पायलट को छोड़ दें तो अधिकांश नेताओं की स्थिति यह है कि चुनाव के दौरान वह अपना विधानसभा क्षेत्र छोड़कर दूसरे क्षेत्र में प्रचार के लिए जाने का जोखिम भी नहीं उठा पाएंगे।

इसके बावजूद ऐसे नेताओं को दो-दो समिति का सदस्य बनाया गया है। ऐसे में भले ही कांग्रेस के नेता खुद को भाजपा के चुनाव अभियान से आगे बता रहे हो, लेकिन फिलहाल बनी चुनाव समिति और राजनीतिक मामलों की समिति की सूची देखने के बाद तो लगता है कि कांग्रेस के होमवर्क में अभी बहुत सी कमियां देखने को मिल सकती है।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए फ्यूल सरचार्ज समाप्त

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब घरेलू व कृषि बिजली उपभोक्ताओं को फ्यूल सरचार्ज नहीं देना होगा। फ्यूल सरचार्ज की 2500 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री ने गुरूवार को बिडला ऑडिटोरियम में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शुभारंभ समारोह में यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट एवं किसानों को 2000 यूनिट तक बिजली प्रतिमाह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। पूर्व में मुख्यमंत्री ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट तक फ्यूल सरचार्ज व अन्य शुल्क समाप्त करने की घोषणा की थी। अब इसका दायरा और बढ़ाते हुए समस्त घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए फ्यूल सरचार्ज समाप्त करने की घोषणा की गई है।



**कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शाहपुरा, जयपुर के वीर सपूत बाबूलाल हरितवाल को राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने उनके पैतृक गाँव खोरालाड़खानी पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि वीर सपूत बाबूलाल हरितवाल का भारत माँ की रक्षा के लिए बलिदान सदैव अमर रहेगा।**

## आयकर विभाग ने 4 किलो सोने के जेवर रिलीज किये

**जयपुर**, (का.सं.)। हाईकोर्ट के आदेश से आयकर विभाग ने बुधवार को ज्वैलर की 4 किलो स्वर्णाभूषण रिलीज कर दिये।

मामले के अनुसार आयकर विभाग की इंवेस्टिगेशन विंग जोधपुर ने एक ज्वैलर के यहां सर्च कर 4 किलो स्वर्णाभूषण जब्त किये। जबकि ज्वैलर ने धारा 132 के बयानों में इसे अपना स्टॉक बताया। ज्वैलर के वकील सिद्धार्थ रांका ने राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर बैंच में रिट दाखिल की व बहस के दौरान तर्क दिया कि ज्वैलर ने अपने धारा 132 के बयानों में इस ज्वैलरी को अपना स्टॉक बताया है। उन्होंने कहा कि ज्वैलर ने इस जब्त ज्वैलरी को स्टॉक इन ट्रेड बताया व साक्ष्य पेश किये। उनके तर्कों के आधार पर अदालत ने ज्वैलरी रिलीज करने का आदेश दिया और कहा कि आयकर विभाग ने 120 दिनों में न तो जब्ती को कन्फर्म करने का, ना ज्वैलरी को रिलीज करने का आदेश दिया।

# कोटपूतली नगर परिषद की तोड़फोड़ के पक्ष में दी गई दलील से संतुष्ट नहीं हुई अदालत

## अदालत ने कहा कि नगर परिषद अगली तारीख तक सड़कों की चौड़ाई दर्शाते हुए नक्शे पेश करे

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद द्वारा हाईवे से संलग्न दो सड़कों पर, कानूनी प्रक्रिया की अवहेलना करते हुए, तोड़फोड़ की कार्रवाई करते हुए करीब 150 मकानों व दुकानों को ध्वस्त करने से संबंधित मामले पर सुनवाई हुई। नगर परिषद की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में 59 मामलों को एकसाथ संलग्न कर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह नगर परिषद की ओर से प्रस्तुत तर्कों से संतुष्ट नजर नहीं आये कि जिन सड़कों की चौड़ाई के लिये तोड़फोड़ की गई थी, उस सड़क को चौड़ा करने से पूर्व नगर परिषद ने कानूनी प्रक्रिया की पूरी तरह से पालना की थी। अदालत ने नगर परिषद को इस मामले की अगली सुनवाई तक उक्त क्षेत्र के नक्शे पेश करने के लिये कहा है जिनमें उक्त सड़कों की, तोड़फोड़ की कार्रवाई से पूर्व, की वास्तविक चौड़ाई चिन्हित हो।

अदालत नगर परिषद की ओर से इस मौखिक दलील से भी संतुष्ट नहीं हो पायी कि जिस सड़कों की चौड़ाई बढ़ाकर 80 फीट करने का दावा किया जा रहा था, उस सड़क की चौड़ाई कार्रवाई से पूर्व 60 फीट थी। दरअसल नगर परिषद की ओर से ही अदालत के समक्ष तथ्य प्रस्तुत किये गये थे कि पूर्व में तत्कालीन नगर पालिका की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि 60 फीट सड़क को बढ़ाकर 80 फीट किया जायेगा और कार्यवाही के दौरान सड़क पर निर्मित सभी अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जायेगा।

**■ अदालत ने पूछा कि सड़क को चौड़ा करने से पूर्व तत्कालीन नगर पालिका ने आपत्तियां आमंत्रित की थीं या नहीं? और सड़क चौड़ा करने का प्रस्ताव गजट नोटिफिकेशन में प्रकाशित किया गया था कि नहीं?**

इस मामले में 50 से भी अधिक याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोहरा ने ही मुख्य तौर पर पैरवी की थी। उन्होंने अदालत में 2011 के मास्टर प्लान की प्रति भी पेश की थी जिसके अनुसार जिन दो सड़कों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है, यानी शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक और नगर पालिका तिराहा से कोटपूतली चौराहे तक, उन सड़कों की चौड़ाई कभी 60 फीट थी ही नहीं। उन्होंने अदालत को बताया कि तत्कालीन नगर पालिका ने 60 फीट चौड़ी सड़कों को 80 फीट चौड़ा करने का फैसला लिया था। उन्होंने अदालत को बताया कि 60 फीट चौड़ी सड़कें "आर्टिरियल" यानी मुख्य सड़क मार्ग की श्रेणी में आती हैं, परंतु जिन सड़कों पर कार्रवाई की गई है उनकी चौड़ाई 60 फीट हैं ही नहीं बल्कि उनसे काफी कम हैं। उन्होंने अपने तर्क को और प्रबलता से पेश करने के लिये कोटपूतली के पुराने मास्टरप्लान के नक्शे भी पेश किये।

जिस पर अदालत ने नगर परिषद की ओर से पैरवी कर रहे वकील से पूछा कि अगर यह मान भी लिया जाये कि उक्त सड़कों की चौड़ाई 60 फीट थी, तब भी नगर परिषद को सड़क चौड़ा करने से पूर्व स्थानीय लोगों से आपत्ति मांगनी होती, फिर उनका निस्तारण कर प्रस्ताव राज्य सरकार से पारित कराना होता, और अन्ततः सड़क चौड़ी कराने का प्रस्ताव गजट नोटिफिकेशन के जरिये प्रकाशित करना होता। अदालत ने नगर परिषद के वकील को बोला कि वे अगली सुनवाई पर मामले के सभी दस्तावेज पेश करे।

# मुख्यमंत्री मुफ्त की घोषणाएं कर राजस्थान को और अधिक कर्ज में डुबा रहे हैं : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट 2022-23 में 2500 करोड़ रुपये से चिरंजीवी परिवार की कार्डधारी महिलाओं को 3 वर्ष की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन देने की घोषणा के अनुसरण में बजट 2023-24 प्रस्तुत होने यानी करीब 17 माह बाद चुनावी साल में आनन-फानन में आचार संहिता से 2 माह पूर्व 1.35 करोड़ में से मात्र 40 लाख महिलाओं/बेटियों को ही स्मार्टफोन दिया जा रहा है। शेष करीब 95 लाख महिलाओं को फोन कब मिलेगा, इसकी सरकार कोई गारंटी देने को तैयार नहीं है। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान पहले ही आर्थिक आपातकाल में है। करीब 5 लाख 79 करोड़ के कर्ज में डूबा हुआ है, इसके बावजूद घोषणाजीवी मुख्यमंत्री महिलाओं के खोये जनाधार को वापिस हासिल करने की जुगत में मुफ्त की घोषणाएं कर राजस्थान को और अधिक कर्ज में डूबा रहे हैं। इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना में महिलाओं को बिना पर्याप्त बजटीय प्रावधान के फोन बांटकर सरकार भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है।

राठौड़ ने कहा कि वर्तमान युग 5जी टेक्नोलॉजी का है। 5जी टेक्नोलॉजी के एक बेहतर फोन की कीमत औसतन 15 हजार रुपये भी मानी जाये तो करीब 19 हजार 950 करोड़ रुपये की आवश्यकता सरकार को होगी। लेकिन सरकार चुनावी वर्ष में अपनी पुरानी घोषणा को पूरा करने की आड़ में महिलाओं को मात्र 6800 रु प्रति फोन हस्तांतरित कर रही है। आज के दौर में 6800 रुपये का फोन महिलाओं के लिए अनुपयोगी ही साबित होगा और घर में बच्चों के खिलौने के रूप में काम आयेगा। इससे डिजिटल राजस्थान का सपना कैसे साकार होगा?

राठौड़ ने कहा कि बिना पर्याप्त बजटीय प्रावधान के महिलाओं को मोबाइल कंपनियों के गोदाम में बिना बिके, आउटडेटेड टेक्नोलॉजी व वर्तमान मे जिन्हें कोई खरीदना पसंद नहीं करता, वो फोन महिलाओं को दिये जा रहे हैं। सैमसंग ए 3 कोर गैलेक्सी जैसे फोन तो मार्केट में प्रचलन में ही नहीं हैं। महिलाओं को अन्य कंपनियों के फोन खरीदने के लिए ज्यादा कीमत अपनी जेब से चुकानी होगी। कांग्रेस सरकार अब एक सरकार की तरह नहीं बल्कि एक मोबाइल फोन डीलर की तरह से काम कर रही है जिसका उद्देश्य मात्र मार्केट से चलन में बाहर हो चुके मोबाइल फोन को खपाना है।

## वन बार वन वोट : बीसीआर व चुनाव समिति से मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दी बार एसोसिएशन, जयपुर के 28 अगस्त को होने वाले वार्षिक चुनाव के लिए 17 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2023 के दौरान किसी अन्य बार एसोसिएशन में मतदान नहीं करने के संबंध में मांगे जा रहे शपथ पत्र को लेकर बीसीआर व दी बार एसोसिएशन की चुनाव समिति से 16 अगस्त तक जवाब देने के लिए कहा है।

जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश नरेन्द्र सिंह व अन्य की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। इस मामले में पिछले दिनों एकलपीठ ने याचिकाओं का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ताओं को खंडपीठ के समक्ष चुनाव के शपथ पत्र में कैलेंडर वर्ष को लेकर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए कहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा और अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि दी बार एसोसिएशन जयपुर आगामी चुनाव में मतदाताओं से शपथ पत्र मांग रही है, लेकिन वह शर्त गलत है जिसमें 17 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2023 की अवधि में किसी अन्य बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान करने वालों को योग्य नहीं माना है।

## डीओआईटी के निलंबित संयुक्त निदेशक ईडी रिमांड पर

**जयपुर**, (का.सं.)। ईडी मामलों की विशेष अदालत ने योजना भवन के बेसमेंट में मिले 2.31 करोड़ रुपए की नकदी और एक किलोग्राम सोना से जुड़े मामले में निलंबित चल रहे डीओआईटी के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव को 14 अगस्त तक ईडी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। ईडी ने आरोपी से पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड मांगी थी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच अधिकारी से पूछा कि इस साल अब तक कितने मामले दर्ज किए गए हैं। आईओ ने 24 प्रकरण दर्ज होने की जानकारी दी। इस पर अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि ईडी आजकल छोटे-छोटे मामले भी अपने हाथ में लेने लगी है। ऐसे मामले सामान्य भ्रष्टाचार से जुड़े हैं, लेकिन ईडी जांच में शामिल हो जाती है। वहीं आरोपी वेद प्रकाश के रिमांड लेने पर सवाल करते हुए कोर्ट ने पूछा कि जब रुपए और सोने की बरामदगी हो चुकी है और एसीबी आरोप पत्र भी पेश कर चुकी है व आरोपी से कोई बरामदगी नहीं होती है तो फिर उसे रिमांड पर लेने की क्या जरूरत है। इस पर आईओ ने कहा कि आरोपी पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। वहीं बरामद राशि व सोने का स्त्रोत की जानकारी भी लेनी है। ऐसे में रिमांड की जरूरत है। वहीं ईडी के रिमांड मांगने का विरोध करते हुए वेद प्रकाश के वकील ने कहा कि ईडी ने बुधवार को सुबह सात बजे से रात दस बजे तक आरोपी के आवास पर सर्च की। इस दौरान ईडी ने उससे पूछताछ भी की। वहीं देर रात गिरफ्तार करने के बाद आरोपी रातभर व दोपहर पौने तीन बजे तक ईडी की हिरासत में रहा है।


**तीये की बैठक**



हमारी पूजनीय **श्रीमती शीला सक्सेना** धर्मपत्नी स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना का देवलोकगमन 09.08.2023 को हो गया। तीये की बैठक 11.08.2023 को सायं 5.00 से 6.00 बजे तक मंगलम अरोमा, कानाराम पैराडाइज के पास, पत्रकार कॉलोनी, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- सीए हेमन्त कुमार सक्सेना-तुलिका सक्सेना, देवेन्द्र कुमार सक्सेना-सुनीला सक्सेना (पुत्र-पुत्रवधु), अमीषा, मेघा, चाहना (पौत्री), करण (पौत्र)

9414077740, 9414371127



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


## उदयपुरवाटी नगरपालिका चेयरमैन के निलंबन पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वायत्त शासन विभाग के गत 25 जुलाई के उस आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत उदयपुरवाटी नगर पालिका के चेयरमैन रामनिवास सैनी को निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही अदालत ने स्वायत्त शासन सचिव और निदेशक से जवाब देने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश रामनिवास सैनी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने मुलाकात की। पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।**

## '2023 में जनता कांग्रेस को कहेगी नो कॉन्फिडेंस'

**जयपुर**। संसद में विपक्ष की तरफ से पेश किये अविश्वास प्रस्ताव के अस्वीकृत होने पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज पूरे देश ने संसद में भाजपा और एनडीए की ताकत देखी। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर संसद और देश दोनों का समय बर्बाद किया। विपक्ष का ये प्रस्ताव लाने का उद्देश्य एनडीए का नही अपितु स्वयं के गठबंधन का विश्वास जानना था। विपक्ष जानन चाहता था कि कुछ दिन पूर्व बने हमारे गठबंधन के साथी हमारे साथ है भी की नहीं। देश की जनता 2028 में फिर से विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाने का अवसर देगी। जिस प्रकार देश की जनता ने कांग्रेस को नो कॉन्फिडेंस कहा है। उसी प्रकार आने वाले विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता भी गहलोत सरकार को नो कॉन्फिडेंस कहकर विदा करेगी और राजस्थान में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।


**आम सूचना** मेरी अभिभाष्या अमिता जैन पत्नी पी.सी. जैन ने प्लॉट संख्या डी-7 स्थित विश्वकवि रविन्द्रनाथ टैगोर नगर, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर द्वारा भूखण्ड के मूल अलाटी वीरेन्द्र कुमार गंगवाल से मौखिक अनुबंध के जरिये खरीद की हुयी सम्पत्ति है। वीरेन्द्र कुमार गंगवाल ने मेरी अभिभाष्या को बेची हुई उक्त भूखण्ड को पुनः अन्य व्यक्ति को अवैध बेचान कर दिया है जिसके संबंध में मेरी अभिभाष्या का निषेधाज्ञा, घोषणा व तकमील मुआयदा की कानूनी कार्यवाही जयपुर स्थित न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमे के लम्बित रहते हुए उक्त सम्पत्ति को किसी को भी बेचान करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई ऐसा अवैध बेचान होगा तो वह प्रभावशून्य व अवैध होगा।
अशोक देवानी, एडवोकेट
दिनांक- 10.08.2023 मोबाईल-9829064041

**राजस्थान उप आवासन आयुक्त, वृत्त-प्रथम**
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6627 दिनांक-03.08.2023
**जाहिर आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर जयपुर योजना जयपुर में मण्डल द्वारा अवाप्त भूमि के बदले मुआवजा स्वरूप 15 प्रतिशत आवासीय विकसित भूखण्ड संख्यामें आवास संख्या 22/A1/12 क्षेत्रफल 480.00 वर्गमीटर का आवंटन का खातेदार श्री दिलीप अग्रवाल पुत्र श्री कल्याण मल अग्रवाल को किया गया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 11989 दिनांक 12.10.2020 को जारी किया गया था। श्री दिलीप अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 15.10.2020 को सब रजिस्ट्रार जयपुर पंचम के पंजीकृत करवाये गये। श्री दिलीप अग्रवाल द्वारा श्री जगदीश चन्द जैन पुत्र श्री मूल चन्द जैन को दिनांक 04.12.2020 को आवासीय विकसित भूखण्ड संख्या 22/A1/12 North West Part क्षेत्रफल 240.00 वर्गमीटर मुख्तयारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जगदीश चन्द्र जैन द्वारा मुख्तयारनामा आम की हैसियत से दिनांक 30.12.2020 को श्री राजीव कुमार पुत्र श्री प्रकाश नारायण के नाम सब रजिस्ट्रार जयपुर पंचम के यहा विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। तत्पश्चात मण्डल में क्रेता श्री राजीव कुमार द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवासीय भूखण्ड संख्या 22/A1/12 उत्तर पश्चिमी 240.00 वर्गमीटर का रिकार्ड में उप विभाजन एवं पुर्नगठन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर उपविभाजन आदेश क्रमांक अति.मु.न.नि./स.आ.म./जयपुर/2022-23/242 दिनांक 30.08.2022 के द्वारा उप विभाजन एवं पुर्नगठन किया गया। श्री राजीव कुमार की मृत्यु दिनांक 08.04.2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती उपमा द्विवेदी पत्नी स्व. श्री राजीव कुमार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड के आवासीय, भूखण्ड संख्या 22/A1/12 उत्तर पश्चिमी 240.00 वर्गमीटर में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड संख्या 22/A1/12 उत्तर पश्चिमी 240.00 वर्गमीटर के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती उपमा द्विवेदी पत्नी स्व. श्री राजीव कुमार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम सूचना**
**न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट**
टोडाभीम जिला करौली राज.
बीना बनाम सचिव ग्राम पंचायत भजेडा
दावा बावत घोषित किये जाने सविल डेथ नोटिस हर खास आम
हर खास आम को सूचित किया जाता है कि वादिया बीना ने इस न्यायालय में उक्त उनवानी वाद पत्र इस आशय का पेश किया है कि वादिया का पति गोविन्द सिंह दिनांक 01/02/1998 को अपने गांव दांतली तहसील टोडाभीम जिला करौली राज. से टोडाभीम बाजार आया हुआ था, लेकिन शाम तक वह घर नही पहुंचा। जो काफी तलाश करने के बाद भी नही मिला, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट भी थाना टोडाभीम ने दी। लेकिन पुलिस द्वारा वह दर्ज नही की गयी। इसके बाद से ही वादिया अनवरत रूप से उसकी तलाश कर रही है। लेकिन इसके बाद भी उसका कोई अता-पता नही चला है। इसलिये उक्त गोविन्द सिंह की सिविल डेथ घोषित की जाकर सक्षम अधिकारी से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने एवं गोविन्द सिंह की खातेदारी में दर्ज कृषि भूमियों को नामान्तकरण वादिया को अपने नाम सक्षम प्राधिकारी से करवाने का हकदार घोषित किया जावे।
अतः उक्त वाद पत्र बाबत हर खास आम को किसी को भी कोई आपत्ति किसी भी प्रकार की हो तो इस न्यायालय के सक्षम दिनांक 14.8.2023 को दिन में 10:00 बजे दावे का उत्तर देने हेतु स्वयं या पिलीडर द्वारा उपसंजात होवे। उक्त तारीख को आप यदि उपसंजात नही होंगे तो वादिया की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह नोटिस दिनांक 20.7.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
(मुहर) **सिविल न्यायाधीश**
**टोडाभीम, जिला-करौली (राज.)**

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
**(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)**
**अज अदालत श्रीमान अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-1 मुकाम जयपुर महानगर द्वितीय**
**श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक जयपुर संघ बाबत एल.आर. मुकेश कुमार**
**दावा बाबत C.S. 593/12**
**मुकदमा नम्बर-192 सन् 2001**
मुसम्मी राजेश कुमार वल्द स्व. मुकेश कुमार कौम सिन्धी साकिन म.नं. 1129 सुरज भवन के नीचे दुकान गोपाल जी का रास्ता, जयपुर
चूंकि... ने इस अदालत में तारीख... माह... सन् 199 को 1.... बनाम 2....दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतव्फी.....बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही... 16 माह 09 सन् 2023 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 08.08.2023 को जारी किया गया।
(मोहर) **रीडर ग्रेड-प्रथम**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-01 जयपुर महानगर-द्वितीय**

**खोया पाया**

मेरे भूखण्ड सं. एफए-123, संशोधित नंबर ए-637 ए-ब्लॉक सिद्धार्थ नगर, नियर जवाहर सर्किल, जयपुर का सोसायटी द्वारा प्रदत्त ग्राउंड प्लान कहीं खो गया है। जिस किसी को मिले मुझे 9414236976 (सोनी देवी) पर सूचित करें।

प्लाट नं. 116/185 अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर के नोड्यूज, प्रतिलिपि स्लिप नियमितिकरण, बैलेंस लेटर व उसकी रसीद जो विधिका झुरनी के नाम है। वह कहीं खो गए हैं। मिलने पर सूचित करें। 9828040881

मेरे मकान संख्या 92/222 गोखले मार्ग, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर के मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें। सतीश चन्द्र अग्रवाल-9314874251

मेरे प्लाट बी-47-48 एवं बी-49-50 शिवम सिटी का मूल सोसायटी पट्टा, साईडप्लान, रसीद गुम गये। जिसको मीणावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर ने जारी किया था। सम्पर्क-मीता बापना-9929417000

मेरे प्लाट बी-189-190 शिवम सिटी का मूल सोसायटी पट्टा, साईडप्लान, रसीद गुम गये। जिसको मीणावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर ने जारी किया था। सम्पर्क-प्रमोद बापना-9799317000

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 3 च 31 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड, जयपुर राज. का मूल आवन्टन पत्र क्रमांक 10174 दिनांकित 7/6/1975 व मूल अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 321 दिनांकित 17/5/1990 खो गया है श्री प्रदीप कुमार मूलराजानी व श्रीमती जानवी मूलराजानी ने उपरोक्त मकान पर ऋण लेने के लिये स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया आर ए सी पी सी तृतीय मेट्रिक्स मॉल जवाहर नगर जयपुर राज. के यहाँ आवेदन किया है यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस के अन्दर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया आर ए सी पी सी तृतीय के यहाँ आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। सूचित रहे।
**एडवोकेट दिलीप कुमार पारीक राज.हाई कोर्ट**

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/922 दिनांक-21.06.2023
**कार्यालय आदेश** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 65/11 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 46.080 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री नन्दकिशोर पालीवाल पुत्र श्री कुलाराम पालीवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4226 दिनांक 27.02.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.04.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3810 दिनांक 22.03.2004 के द्वारा श्रीमती सुधा कटारिया पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार कटारिया के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.04.2004 को करवाया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3921 दिनांक 19.02.2021 के द्वारा श्रीमती लवजीत अरोरा पत्नी श्री सूरज कुमार के नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। श्रीमती लवजीत अरोरा पत्नी श्री सूरज कुमार के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती पूजा यादव पत्नी श्री दीपेन्द्र यादव को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर में दिनांक 18.03.2023 को करवाया गया। श्रीमती पूजा यादव पत्नी श्री दीपेन्द्र यादव के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास की लीजडीड अपने पक्ष में हस्तान्तरण करवाने हेतु आवेदन पत्र के साथ वैधानिक/वांछित दस्तावेज प्रस्तुत किये है। अतः मण्डल द्वारा समस्त वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त आवास संख्या 65/11 मानसरोवर जयपुर को श्रीमती पूजा यादव पत्नी श्री दीपेन्द्र यादव के नाम हस्तान्तरित किया जाता है भविष्य में उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्यवाही श्रीमती पूजा यादव पत्नी श्री दीपेन्द्र यादव अपने नाम एवं हस्ताक्षरों से करेंगे/करेंगी।
नोट- कार्यालय आदेश क्रमांक मुख्य/2020/1275 दिनांक 24.01.2020 के अनुसार यह आदेश किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण/अनाधिकृत उपयोग का नियमितिकरण नहीं एवं कार्यालय आदेश क्रमांक मुख्य/2021/894 दिनांक 21.12.2021 के क्रम में जारी किया जा रहा है।
यह आदेश उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम प्रियंका रेवंत देवासी से बदलकर प्रियंका देवासी पत्नी श्री सीमांत देवासी कर लिया है। भविष्य में मुझे प्रियंका देवासी के नाम से ही जाना जाए। पता-342 रजनी विहार, अजमेर रोड, जयपुर-302021

मै रऊफ मोहम्मद पुत्र फैज मोहम्मद मैं अपना नाम बदलकर मोहम्मद रऊफ पुत्र फैज मोहम्मद रख लिया है भविष्य में मुझे मोहम्मद रऊफ के नाम से जाना जावें। पता-48-ए, जगदीश कॉलोनी, रामगढ मोड, जयपुर-9829054415

मै गायत्री देवी पत्नी स्वं. श्री श्रवण सिंह, आर्मी नं. 3003613 एन, रैंक सिपाही युनिट-9 राजपूत, मेरे पति के सर्विस दस्तावेजों में मेरा नाम ग्यात्री देवी तथा जन्म तिथि 1.12.1984 गलत दर्ज हो गया था जबकी मेरा सही नाम गायत्री देवी और जन्म तिथि 01.01.1984 है।

मै गायत्री देवी पत्नी स्वं. श्री श्रवण सिंह, आर्मी नं. 3003613 एन, रैंक सिपाही युनिट-9 राजपूत, मेरे पति के सर्विस दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम हेमांशु गलत दर्ज हो गया था। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम हिमांशु सिंह है।

I have changed my name from Chander Prakash to Chander Prakash Choraria S/o Dalam Chand Choraria for all purpose. Resi.: J-115, Ashok Chowk, Adarsh Nagar, Jaipur

I Kamlesh Devi is legally wedded spouse of army no 2994226K NK Late arishal R/o village jhujharpur teh.khetri manota kalan district jhunjhunu have changed my daughter name From RENU is wrong entered in service record To RENU KUMARI vide affidavit dated 9 Aug 2023 before district notary Jaipur

# माण्डलगढ़ की मानपुरा पंचायत को शाहपुरा जिले में शामिल करने का विरोध

## ग्रामीणों का धरना जारी, एसडीएम कार्यालय के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया



ग्रामीणों ने माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरने की शुरुआत की।

■ आक्रोशित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और रैली के रूप में उपखण्ड कार्यालय पहुंचे

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की मानपुरा ग्राम पंचायत को नवसृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने के विरोध में ग्रामीणों ने गुरुवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ से धरने की शुरुआत की गई। ग्राम पंचायत क्षेत्र के आक्रोशित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने माण्डलगढ़ मुख्यालय पर गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और रैली के रूप में उपखण्ड कार्यालय पहुंचे।

मानपुरा पंचायत बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष ने कहा कि माण्डलगढ़ की ग्राम पंचायत मानपुरा को शाहपुरा जिले से निरस्त कर भीलवाड़ा जिले में ही रखा जाए। सरपंच चंदादेवी प्रजापत ने कहा कि किसी भी हालत में हमे शाहपुरा जिला मंजूर नहीं हैं। हम ग्रामीणों की माँग पर शान्ति पूर्वक धरना देकर सरकार तक हमारी मांग को पहुंचा रहे हैं, अगर सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी तो उठा आंदोलन किया जाएगा।

आक्रोशित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बताया कि हमारी माँग अगर सरकार नहीं मानती हैं, तो धरना, प्रदर्शन के बाद सड़क पर चक्काजाम किया जाएगा और आगामी विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के पक्ष में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। माण्डलगढ़ इलाके की ग्राम पंचायत मानपुरा में गुरुवार से व्यापारिक प्रतिष्ठान मांग पूरी होने तक बंद रखे जाएंगे। सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा।वहीं मनरेगा श्रमिकों ने भी मनरेगा कार्य का बहिष्कार किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य गोपाल मालवीय ने धरनार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिले की मानपुरा पँचायत को शाहपुरा जिले में शामिल होने की घोषणा पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश भड़क गया हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता कर समाधान किया जाएगा। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ओर राज्य मंत्री धीरज गुर्जर को भी ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया जाएगा। मालवीय ने कहा जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक मैं ग्रामीणों के आंदोलन में साथ खड़ा रहूंगा।

उक्त मामले में माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों के प्रति ग्रामीणों में भारी रोष नजर आया। बताया कि चुनावों में वोट लेने के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेता घर घर दस्तक देने आ जाएँगे, लेकिन आज हमारी समस्या पर सभी चुप्पी साधे बैठे हैं। माण्डलगढ़ में उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरना देने में मानपुरा सरपंच चंदा देवी प्रजापत, पंचायत बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष महावीर पाराशर, वार्ड पंच प्रेम देवी, मनीष जोशी,बनवारी लाल पारीक, कैलाश कुमावत, महावीर जैन, कैलाश जाट, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

वहीं माण्डलगढ़ बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं व स्टाम्प वेंडर, डीड राइटर ने कार्य स्थगित कर दो दिन तक न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय किया है। भीलवाड़ा जिले में माण्डलगढ़ उपखण्ड की काछोला तहसील को नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने का अधिवक्ताओं ने पुरजोर विरोध किया तथा काछोला तहसील को व्यवहारिक तौर पर भीलवाड़ा जिले में रखने की मांग की। इस मामले में मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि काछोला तहसील को शाहपुरा जिले में शामिल कर माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय किया है। वैष्णव ने माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय पर धरना दे रहे मानपुरा पंचायतवासियों को संबोधित कर हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। काछोला क्षेत्र की सभी पंचायते मांडलगढ़ उपखंड मुख्यालय से जुड़ी होकर दूरी में निकट एवं सुलभ पड़ती हैं।इसलिए मानपुरा को शाहपुरा जिले से बाहर करने की मांग की।

इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष कुमार वैष्णव, वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चंद्र तंबोली, रमेश चंद्र सारस्वत,देवेंद्र पोरवाल, अनिल पारीक, सत्यनारायण जीनगर, ऋतुराज सिंह राठौड़, सांवरमल रेबारी, शराफत आसाम, हरीश सनाढय, दिनेश तंबोली, ओमप्रकाश पालीवाल, पुष्पेंद्र सिंह चारण, निरंजन राव, जमना लाल सेन, मथुरा लाल मीणा, संजय खटीक, निहाल सेन, मुकेश पढ़ियार, सुरेन्द्र सिंह राजावत, ब्रजमोहन शर्मा, देवेंद्र तंबोली, सी पी तंबोली, वेंकटेश चाष्टा, वीरेंद्र राव, हीरा लाल जीनगर, रतिराम रेबारी, नरेश रायका, मंजीत गुर्जर, सत्यनारायण माली, पृथ्वीराज पारीक, पवन जीनगर, मनीष धाकड़ सहित बार के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जैसलमेर के नहरी इलाकों के खेतों में टिड्डियों का हमला

■ किसानों ने शुरु किया देशी जुगाड़, कृषि विभाग की टीम ने नहरी इलाकों का मौका मुआयना किया

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेर के नहरी इलाकों में टिड्डी दल आने से किसान फसलों को लेकर परेशान होने लगे हैं। कृषि विभाग की टीम ने नहरी इलाकों का मौका मुआयना किया।

कृषि अधिकारी राधेश्याम नारवाल ने बताया कि इस बार पाकिस्तान से आया टिड्डी का दल नहीं है। टिड्डी को कंट्रोल करने के लिए बीकानेर और फलोदी से टीम बुलाई गई हैं। कृषि अधिकारी राधेश्याम नारवाल ने बताया कि मोहनगढ़ नहरी इलाके के 12 आरडी में टिड्डी के आने की जानकारी मिली है। जैसलमेर में टिड्डी दल किसानों की फसलें चट करने में कामयाब हो रहा है। प्रशासन साधनो की कमी के कारण चारों ओर फैल रहे टिड्डी दलों का सफाया करने में कामयाब नहीं हो पा रहा, किसान अपने साधनों से फसलों को बचाने में लगा हुआ है।

इन दिनों जैसलमेर में मानो कलियुग का असली रूप काश्तकारों को देखने को मिल रहा है। ज्ञात रहे की 3वर्ष पूर्व भी पाकिस्तान से आए टिड्डी दल ने जिले की फसलों को चट कर दिया था। इन दिनों किसानों ने टिड्डी को भगाने के लिए खेतों के अंदर थाली बजाना, धुआं करना, डीजे बजाना या फिर कोई और देशी जुगाड़ करके अपने-अपने खेतों को टिड्डी से बचाने का जुगाड़ चालू किया है।

# भट्टीकांड में सहयोगी फरार महिला पर इनाम घोषित

## महिला के साथ उसकी नाबालिग बेटी ने भी आरोपियों का साथ दिया था


फरार महिला

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। ज़िले के कोटड़ी थाना क्षेत्र ने हुए भट्टीकांड में पुलिस की कार्रवाई में तेज़ी आई है। पुलिस ने आरोपियों का साथ देने वाली फरार महिला पर इनाम घोषित किया है। महिला के साथ उसकी नाबालिग बेटी ने भी आरोपियों का साथ दिया था। पुलिस ने भीलवाड़ा सहित कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी है।

शाहपुरा एसपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में शाहपुरा के एक गांव की रहने वाली गीता कालबेलिया पत्नी प्रभु कालबेलिया शामिल थी। घटना के बाद से वह फरार है और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गीता कालबेलिया पर 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक एक महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार और दो नाबालिग को डिटेन किया गया है। मामले में गैंगरेप करने वाले कालू (25) पुत्र रंगराज व उसके भाई कान्हा कालबेलिया (21), कालू की पत्नी लाड उर्फ जीजी (25), पप्पू (35) पुत्र अमरनाथ कालबेलिया, संजय (20) पुत्र प्रभु कालबेलिया, कमलेश (30) पुत्र श्रवण कालबेलिया, प्रभु (40) पुत्र गंगाराम कालबेलिया को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही एक नाबालिग विवाहिता और एक नाबालिग किशोर को डिटेन किया गया है।

# अपहरण व लूट की वारदात का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार


उदयपुर की गोवर्धन थाना पुलिस ने लूट व अपहरण गैंग के तीन बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

■ आरोपियों के कब्जे से लूटी गई कार व अन्य माल बरामद

**उदयपुर,** (निसं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने शहर में अपहरण व लूट की वारदात करने का खुलासा करते हुए इस मामले में गैंग के तीन बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित हेमन्त अग्रवाल पुत्र राजकुमार निवासी सेक्टर 14 गोवर्धन विलास ने 10 जुलाई को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 9 जुलाई रात में मैं गुलाब बाग स्थित रेस्टोरेंट से अपने घर सेक्टर 14 की तरफ आ रहा था। जहां बीच रास्ते राष्ट्रीय मिष्ठान भंडार के समीप पहुंचने पर अज्ञात बदमाशों ने कार के आगे ऑटो लाकर खड़ा कर दिया। ऑटो से निचे उतरे तीन लड़कों ने चाकू दिखा कर मारपीट कर कार व मोबाईल लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण के लिप्त तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार इनके कब्जे से लूटी गई कार व अन्य माल बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने 9 जुलाई को सेवाश्रम पुलिया के पास राणा प्रतापनगर रेल्वे स्टेशन से पैदल घर लौट रहे महावीर शर्मा का अपहरण कर युआईटी पुलिया के पास ले गए जहां उसके साथ मारपीट कर मोबाईल, 15 हजार रूपये एटीएम से निकाल ले गए।

इसी तरह 17 जुलाई 2023 को आफिस से घर लौटने के दोरान रेती स्टेंड चौराहा के पास कार रोक लघुशंका करने उतरे गजेन्द्र सुहालका के साथ मारपीट कर कार लूटने, इसी तरह 18 जुलाई को उज्जैन से लौट रहे अनिल मेघवाल को कुम्हारों का भट्टे फ्लाईओवर से सूरजपोल चौराहे के बीच रोककर चाकू दिखा अपहरण कर सेक्टर 9 स्थित पेट्रोल पंप पर ले गए जहां जबरन पीड़ित के भाई से फोन करवा 5 हजार रूपये ऑनलाईन वसूल किए, 3 हजार रूपये डिजल भरवा कर मारपीट कर कार व मोबाईल तथा नकदी लूट कर ठोकर चौराहे के पास छोड़ कर फरार हो गए थे। इसी तरह 17 मार्च को गणेश लाल सेन देवाली स्थित अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान आए आरोपी ने रूपये मांगे मना करने पर सरिये से हमला करने तथा सूरजपोल पुलिस थाना क्षैत्र अमृत नमकीन के सामने राहगिर से नकदी व मोबाईल लूट की वारदात करना, इसी तरह सूरजपोलज थाना क्षैत्र सिटी स्टेशन रोड़ पर ऑटो चालक से नकदी लूट की वारदात करना स्वीकार किया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया

## आरोपी ने पीड़िता के वीडियो बनाए और वायरल करने की धमकी दी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शादी का झांसा देकर युवती से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता के वीडियो बना लिए और इन्हें वायरल करने की धमकी देकर लगातार रेप करता रहा। आरोपी के परिवार के लोगों ने पीड़िता को धमकाया। आरोपी के भाई ने भी खेत में बुलाकार उससे रेप का प्रयास किया। खेत के आसपास के लोगों ने उसे वहां से छुड़वाया। इस पर पीड़िता मामला दर्ज करवाने के लिए सादुलशहर थाने पहुंची।

पुलिस को दी रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह जिले के सादुलशहर इलाके के एक गांव की रहने वाली है। शादी के कुछ समय बाद जब वह पीहर आई तो उसका परिचित मुमताज खान उसे मिला। मुमताज ने उससे परिचय के कारण उसके साथ कुछ फोटो खिंचवा लिए। बाद में यह फोटो पीड़िता के पति को भिजवाने की धमकी देते हुए उसके साथ रेप किया। पीड़िता जब भी पीहर आती तो आरोपी उसे खेत में बुलाकर रेप करता। आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। आरोपी ये फोटो और वीडियो पीड़िता के पति को भिजवाने की धमकी देकर रेप करता।

इसी बीच आरोपी पीड़िता पर उससे शादी करने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता के नहीं मानने पर आरोपी ने उसके फोटो और वीडियो उसके पति को भिजवा दिए। इससे दोनों में तलाक हो गया। तलाक के बाद भी आरोपी पीड़िता को धमकाकर रेप करता रहा। दो अगस्त को आरोपी ने खेत में उसके साथ रेप किया। इसके बाद छह अगस्त को आरोपी ने फोन कर पीड़िता को खेत में बुलाया लेकिन मौके पर आरोपी की बजाय उसका भाई गामा मिला। गामा ने पीड़िता से रेप का प्रयास किया। इस दौरान पीड़िता के शोर मचाने पर पास के खेत के लोग आ गए। पीड़िता के पिता भी उसे ढूंढते हुए खेत पहुंच गए। इस पर पीड़िता ने सादुलशहर थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पाली में नौ साल की बालिका से दुष्कर्म

## आरोपी के घर छाछ लेने गई थी, अकेली देख किया दुष्कर्म

■ पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराया

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में नाबालिग बालिकाओं के साथ दुराचार के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिता द्वारा अपनी 13 साल की बेटी से रेप कर उसे गर्भवती करने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि नौ साल की बालिका से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बुधवार को हॉस्पिटल से नाबालिग का मेडिकल करवाया और आरोपी की तलाश शुरू की।

खिंवाड़ा थाना प्रभारी घेवरराम डांगी ने बताया कि मामला पाली जिले के एक थाना क्षेत्र के एक गांव का है। नौ साल की नाबालिग 8 अगस्त की शाम को छाछ लेने 25 साल के कालू सिंह पुत्र हकू सिंह उर्फ हुकम सिंह राजपूत के घर गई थी। आरोपी घर अकेला ही था। इसका फायदा उठाकर उसने नाबालिग को घर के अंदर ले जाकर उसके साथ रेप किया। रोती हुई नाबालिग घर पहुंची और घटना के बारे में मां को बताया। इस पर परिजनों ने खिंवाड़ा थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर किया और गुरुवार शाम को नाबालिग को मेडिकल के लिए पाली के हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां नाबालिग का मेडिकल करवाया गया। मामले में आरोपी की तलाश जारी है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## पीड़िता को दी जान से मारने की धमकी

**नोखा,** (निसं)। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि 11 जून को परिवादिया ने मुकदमा दर्ज करवाकर बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व धुडाराम पुत्र हरचंद नायक पीड़िता के घर आया व पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी की किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दूंगा या जबरदस्ती उठा कर ले जाउंगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी आलोकसिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण में त्वरित अनुसंधान व वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश शुरू की गई। आरोपी धुडाराम पुत्र हरचंदराम नायक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

# छात्रा से दुष्कर्म, व्यवस्थापक पर केस दर्ज

**हनुमानगढ़,** (निसं)। एक गांव में एक पूर्व छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में महिला थाना पुलिस ने एक निजी स्कूल के व्यवस्थापक के खिलाफ केस दर्ज किया। बताया जा रहा है कि आरोपी को परिजनों ने आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ लिया था जिस पर मामले का खुलासा हुआ।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि निजी स्कूल के व्यवस्थापक रामकुमार पुत्र लाधूराम जाट ने दिसंबर 2021 में उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह डरा-धमकाकर उससे जबरन दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता पूर्व में उसके स्कूल में पढ़ती थी। कक्षा 12वीं के बाद उसने जब स्कूल जाना बंद कर दिया था तो आरोपी एक दिन उसके घर आया और परिजनों को कहा कि स्कूल में शिक्षकों की कमी है इसलिए उसे बच्चों को पढ़ाने के लिए भेज दिया करें। इसके बाद वह उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। थानाप्रभारी भजनलाल लावा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा।

# युवक की हत्या करने के मामले में चार गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के समीप ट्रांसपोर्ट नगर में चाकू से हमला कर युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में चार आरोपियों को बपर्दा गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित चंद्रपाल सिंह पुत्र बन्नेसिंह राठौड़ निवासी आलमपुरा थाना मडरैला झुंझुनुं हाल नाकोडा नगर गणगौर वाटिका के पास प्रतापनगर ने पुलिस थाने में 7 अगस्त को रिपोर्ट दी कि मेरा भाई विरेन्द्रसिंह (22) जो जोशी ऑप्टिकल सेक्टर 3 पर काम करता है। मेरे मित्र कश्यपसिंह चौहान ने मोबाईल पर मेरे भाई विरेन्द्रसिंह पर हमलावरों द्वारा चाकू से हमला करने की सूचना दी तथा मुझे निजी चिकित्सालय बुलाया।

इस पर मैं व मेरी मां लीला देवी चिकित्सालय पहुंचे। वहां से भाई को एमबीजीएच चिकित्सलाय ले जाने की जानकारी मिलने पर मैं व परिजन वहां पहुंचे। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने विरेन्द्रसिंह को मृत घोषित कर दिया।

प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं चश्मदीद की निशानदेही से संदिग्ध कार मालिक कर उसे डिटेन किया। जिससे की गई पूछताछ में कार मालिक आरोपी विनोद लौहार पुत्र दुर्गाशंकर निवासी जोईडा तहसील कपासन आकोला चित्तौड़गढ़ द्वारा साथी के रिश्तेदार से संपर्क कर प्लॉट के पास में छिपाने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम ने कार वाहन छिपाने वाले राजु वैष्णव उर्फ राज किंग निवासी फतहनगर को तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन डिटेन किया। जिनसे की गई पूछताछ के बाद आरोपियों विनोद लौहार, राज वैष्णव, गोपाल सोनी उर्फ बिटु पुत्र नन्दलाल निवासी ताणा थाना आकोला चित्तौड़गढ़, दुर्गादास वैष्णव उर्फ दुर्गेश पुत्र गोटूदास, लोकेन्द्र पंवार पुत्र राजेन्द्रसिंह होना बताने पर सभी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की।

# फसल खराबे का मुआवजा, बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन

## किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे अधिकारी, नायब तहसीलदार ने मांगों को माना


मंडावा: किसान सभा में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी।

**मंडावा,** (निसं)। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंडावा के चुंगी नाका तीराहे पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। मंडावा विकास मंच के अध्यक्ष सज्जन पूनिया के नेतृत्व में किसानों के मुआवजे, अघोषित बिजली कटौती व बिमा कंपनियों की चल रही मनमानी के विरोध में किसान अधिकार हुंकार रैली व सभा का आयोजन किया।

किसानों की मांगों को लेकर मंच अध्यक्ष सज्जन पूनिया ने साफ़ कहा कि किसानों की मांगें मान जाओ, नहीं तो मना देंगे। सभा में हज़ारों की संख्या में लोगों ने आकर किसानों के हक़ की मांग को मजबूत किया। भीड़ को देखते हुए थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन मय पुलिस जाब्ता तैनात रहे। सभा स्थल पर नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक ने आकर सभी मांगों को माना जिनमें फसल खराबे का मुआवजा, अनावश्यक व बार-बार किसानों से दस्तावेज मांगना और ग्वार को फसल बिमा में तहसील स्तर से हटा कर पटवार स्तर पर जोड़ा जाये। नायब तहसीलदार ने कहा कि 10 दिन में सभी किसानों के खातों में पैसे ट्रांसफर करवा दिए जायेंगे। विद्युत विभाग के एईएन योगेश मित्तल व जेईएन राहुल ऐचरा व अजय जांगिड़ की मौके पर आए। एईएन ने अघोषित बिजली कटौती, सिंगल फेश बिजली 24 घंटे व डिमांड नोटिस के जमा होने के बाद तुरंत कनेक्शन जैसी सभी मांगों को माना और 7 दिन में सुचारु रूप से लागु कर दिया जायेगा।

एईएन ने कहा कि डिमांड नोटिस जमा होने के 3 दिन के अंदर कनेक्शन कर देंगे और 24 घंटे बिना ट्रिपिंग के बिजली की व्यवस्था की जाएगी और मैं ऐसा नहीं कर पाया तो आपको हटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी मुझे सीट पर बैठने का अधिकार नहीं है। अंत में सज्जन पूनिया ने सभी किसानों को धन्यवाद दिया और कहा कि किसान संगठन की जीत हुई। सभा में कल्याण सिंह, जगदीश पुनियाँ, मुकेश सरपंच मोजास, युवा नेता आमिर भाटी, विनेश तेतरवाल, अमित मीणा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनवर खान, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज घोटड़, पूर्व पंचायत सिमिति दलीप जाखड़, सलीम खान सरपंच शेखसर महेश पूनियां, इंद्रपाल बाबल, लखन ढेकरवाल, पालजी भड़िया, रफ़ीक पंच, अमर सिंह डूडी, रामसिंह डूडी, सुभाष पूनियां, इक़बाल भारु, फारूक भाटी, विवेक चकबास, रफ़ीक चौधरी, ताराचंद घोटड़, जगदीश पूनियां, सुनील चूड़ी, सुरेश कुमार, संदीप बुरडक, धर्मेंद्र सिंह, शीशराम मीणा, ओमप्रकाश बुडानियां, सुरेश डांगी, अनिल मीणा, श्रीराम फरड़ोलिया, श्याम जांगिड़, श्योपाल सिंह, रामलाल भड़िया, रामकुमार पूनिया, संजीव चाहर, विकास पूनियां, अलोक मोगा, संजीव रेवाड़, रामचंद्र पूनियां, गुलघरि पूनियां, प्यारेलाल तेतरवाल, अनिल भास्कर, शीशराम सानेल, रामनिवास मोगा, विनोद महला, जगमाल सिंह, आलम ख़ान, सद्दाम, सोकत ख़ान, लियाक़त ख़ान, सुभान ख़ान, विद्याधर जाट, बनवारी, मामचंद आदि लोग मौजूद थे सभा का संचालन प्रणव पूनियां ने किया।

# मनचलों की अब खैर नहीं, चरित्र सत्यापन में किया जाएगा उल्लेख

- पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश
- ऑपरेशन 'गरिमा' शुरू : पुलिस मनचलों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई करेगी
- स्कूल-कॉलेजों में हेल्पलाइन नंबर का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

जयपुर। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ व छींटाकशी से संबंधित घटनाओं को गम्भीरता से लेकर इन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को समस्त पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने निर्देश जारी कर बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ और छींटाकशी या अन्य अवांछित कृत्य करने वालों के विरुद्ध परिवाद के आधार पर निरोधात्मक कार्रवाई में चालान होने पर उनके चरित्र सत्यापन में इसका उल्लेख किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिवाद प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाइयों के विवरण की अलग से पंजिका का संधारण किया जाएगा। चरित्र सत्यापन में इस पंजिका के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं छींटाकशी या अन्य अवांछित कृत्य करने की निरोधात्मक कार्रवाई का उल्लेख किया जाएगा। एडीजी ने बताया कि नाबालिगों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं छींटाकशी करने की सूचना पर नाबालिग के परिजनों को बुलाकर उनके सामने समझाइश की जाएगी। उधर, स्कूल-कॉलेज के बाहर और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ और छींटाकशी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गुरूवार से पूरे प्रदेश में 18 अगस्त तक नौ दिवसीय राजव्यापी अभियान ऑपरेशन गरिमा संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के अंतर्गत स्कूल-कॉलेज, सार्वजनिक स्थान, कोचिंग सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा निगरानी की जाएगी। ट्रेन, बस आदि सार्वजनिक परिवहन के साधनों में सादा वस्त्रों में पुलिसकर्मी निगरानी रख कार्रवाई करेंगे।

निर्भया स्क्वॉड, मानव तस्करी विरोधी यूनिट और थाना पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर पर महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं संबंधित जिलों के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनकी सजाओं के बारे में आमजन, युवाओं एवं स्कूल कॉलेज के छात्राओं को जागरूक किया जाएगा।

साथ में ऐसी घटनाओं से बचने के उपाय के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के तहत किसी तरह की शिकायत प्राप्त होने और कोई भी संदिग्ध घटना संज्ञान में आने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं और बालिकाओं से आदतन छेड़छाड़ और छींटाकशी करने वाले मनचलों को चिन्हित कर उनकी समस्त गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

## उपभोक्ताओं का भी फ्यूल सरचार्ज माफ करने की मांग

जयपुर, (का.सं.)। आज बिजली बिलों में घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को फ्यूल सरचार्ज में राहत प्रदान की है लेकिन प्रदेश के 1.95 लाख इंडस्टीयल व 13.30 लाख कॉमर्शियल (व्यापारिक) उपभोक्ताओं को फ्यूल सरचार्ज में राहत प्रदान नहीं कर उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया है।

जिससे प्रदेश के इंडस्ट्रीयल एवं व्यवसायियक 14.25 लाख उपभोक्ता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है।द एम्पलायर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ने मांग की है कि उन्हें भी फ्यूल सरचार्ज में राहत मिलनी चाहिए और जो पिछला वसूल किया है उसको रिफण्ड करना चाहिए। मुख्यमंत्री को प्रदेश के उद्योगों एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं के प्रति सहृदय व्यवहार रख कर फ्यूल सरचार्ज माफ कर राहत प्रदान करनी चाहिए जिससे प्रदेशभर के उपभोक्तों का मंहगाई से राहत मिल सकेगी।

## सार-समाचार

### डॉ. मोनिका ओझा खत्री सम्मानित




जयपुर, (का.सं.)। पूर्णिमा विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, लेफ्टिनेंट जनरल ए अरुण ने सर्वश्रेष्ठ एड्मिशन उपलब्धियों के लिए बीबीए की एचओडी प्रो मोनिका ओझा खत्री को सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर डॉ. मोनिका की शाइनिंग इंडिया पर उनकी पुस्तक नई शिक्षा नीति 2020 का विमोचन भी किया।

### उपेन यादव ने किया उपवास

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति सहित विभिन्न मांगों को को लेकर गुरुवार को बेरोजगार एकीकृत महासंघ अध्यक्ष उपेन यादव गांधीवादी तरीके से उपवास किया। कर्मचारी चयन बोर्ड कार्यालय में उपवास करते हुए यादव ने कहा कि बोर्ड अध्यक्ष ने अपना इस्तीफा सरकार को सौंप दिया है। समय पर भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हो इसके लिए सरकार जल्द नए अध्यक्ष की नियुक्ति करे। रिक्त चल रहे पदों पर भी सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही फायरमैन, वनरक्षक, अध्यापक भर्तियों का परिणाम जारी करने, पशु परिचर, कनिष्ठ अनुदेशक सहित अन्य नई भर्तियों की विज्ञिप्त जारी करने की भी मांग की गई। उपेन ने कहा कि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानी तो 25 अगस्त को बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं द्वारा कर्मचारी चयन बोर्ड का घेराव किया जाएगा।

### यूनियन फुटबॉल क्लब में पौधारोपण शुरू



जयपुर, (का.सं.)। यूनियन फुटबॉल क्लब द्वारा आज अपने ग्राउंड न. 2, रामनिवास बाग जयपुर में वृक्षारोपण जारी रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फुटबॉल, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी, कोच, अभिभावक एवम जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने कदम, आंवला, अमरूद, आदि के पौधे लगाए। क्लब द्वारा इस सत्र में 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य है।इस अवसर पर क्लब सचिव महिपाल स्वामी, कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, जे. डी. ए. के वरिष्ठ उद्यान विज्ञ कनैया लाल, आचार्य डॉ. गरिमा शर्मा, आशीष जोहरी, निखलेश शर्मा एवम खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### पार्क में मासूम से दुष्कर्म का प्रयास

जयपुर। राजधानी के बनीपार्क इलाके में एक मासूम से दुष्कर्म का प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि 9 अगस्त की शाम करीब 5 बजे 7 वर्षीया बेटी अपने छोटे भाई के साथ घर के पास पार्क में खेल रही थी। इस दौरान पार्क के पास ही रहने वाला विश्वजीत रॉय आया और बेटी को चॉकलेट देकर पानी पिलाने के बहाने बाथरूम में ले गया। यहां उसने उससे अश्लील हरकत की। वह जबरदस्ती करने लगा तो बेटी जैसे तैसे वहां से भाग कर घर आ गई और पूरी घटना बताई। पार्क पहुंचने पर बच्ची ने इशारा कर गलत काम करने वाले लड़के के बारे में बताया। आरोपी लड़के को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विश्वजीत रॉय बताया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी को राउंडअप कर लिया है।

### वाहन चोरी करने वाला बदमाश दबोचा

जयपुर। माणक चौक थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले एक वाहन चोर को धर-दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि माणक चौक पुलिस और डीएसटी उत्तर ने कार्रवाई करते हुए वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर श्रवण उर्फ गौर निवासी आमेर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। आरोपी जयपुर शहर में वाहन चोरों की गैंग के सदस्य है जो जयपुर शहर में पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिलों को चुरा लेता है। बाद में चुराई गई मोटरसाइकिल को खुर्द-बुर्द कर राजस्थान से बाहर बेचकर मोटी कमाई करता है। आरोपित से पूछताछ में अनेकों वारादातों के खुलासे की संभावना है।

### कारीगर ज्वैलरी लेकर फरार

जयपुर। सोडाला इलाके में एक कारीगर 15 लाख रूपए की ज्वैलरी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया गीजगढ़ विहार निवासी गणेश शर्मा का बाइस गोदाम इंडस्ट्रियल एरिया में रानीवाला ज्वैलर्स के नाम से ऑफिस है। यहां शुभांकर शर्मा कारीगरी का काम करता है। आरोप है कुछ दिन पहले शुभांकर 15 लाख रूपए की ज्वैलरी से भरे डिब्बे को चुरा ले गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### आपत्तिजनक फोटा वायरल किए

जयपुर। करधनी इलाके में एक युवती के फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 24 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि प्रदीप सिंह उसका परिचित है। आरोप है प्रदीप ने उसकी आपत्तिजनक फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वह उसके चरित्र को कलंकित कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नौकरी के नाम पर 15 लाख रूपए हड़पे

जयपुर। झोटवाड़ा इलाके में एक व्यक्ति से नौकरी लगवाने के नाम पर 15 लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया बाल विहार कॉलोनी निवासी गणेश नारायण जाट ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दी है कि परिचित राजाराम बागड़ा ने उसे जेवीवीएनएल में अधिशाषी अभियंता विनय शर्मा से अच्छी जान पहचान होना बताया था।

## शिक्षकों व कर्मचारियों ने निकाली रैली

- ओपीएस की विसंगतियों को दूर करने की मांग

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अशैक्षिणक, सहायक और तकनीकी कर्मचारियों ने गुरुवार को ओपीएस की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से रैली निकाली।

रैली में गांधी टोपी पहनें करीब 800 प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से कुलपति सचिवालय से महात्मा गांधी सर्किल तक पैदल मार्च किया। ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति, राजस्थान के तत्वाधान में चल रहे इस प्रदर्शन में राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, अशैक्षिणक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. यशपाल चिराना, सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश पाठक, तकनीकी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और राजस्थान विश्वविद्यालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत ने इस रैली का नेतृत्व किया। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा घोषित ओपीएस को लागू करने में जो भेदभावपूर्ण तरीका अपनाया गया है, उससे विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। डॉ. यशपाल चिराना ने बताया कि पहले भी संघर्ष कर ही सरकार से जायज मांगे मनवाई जाती रही हैं और इस बार भी शांतिपूर्ण ढंग से यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय में 11 दिनों से पूर्ण ओपीएस की मांग को लेकर चल रहा है। सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश पाठक ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा ओपीएस लागू करने में विश्वविद्यालय कर्मचारियों पर 2 लाख से लेकर 35 लाख तक जमा करने की शर्त लगाई गई है जो कि न्याय संगत नहीं है।

## इंस्पेक्टर रविंद्र पाल सिंह 'डीजीपी डिस्क' से सम्मानित

- राजपुरोहित ने तूफान में फंसे युवक की जान बचाई थी

जयपुर। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गुरुवार को सभा कक्ष में सिरोही जिले में पदस्थापित पुलिस उपनिरीक्षक रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित को तूफान में फंसे युवक की जान बचाने के लिए डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीजी लॉ एंड आर्डर राजीव शर्मा और एडीजी क्राइम दिनेश एमएन भी उपस्थित थे।



डीजीपी उमेश मिश्रा ( बांए ) ने सिरोही जिले के उपनिरीक्षक रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित ( बांए से दूसरा ) को डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस दौरान डीजी लॉ एण्ड ऑर्डर राजीव शर्मा और एडीजी क्राईम दिनेश एम.एन ( दांए से दूसरे ) मौजूद रहे।

रविंद्र पाल सिंह ने सिरोही जिले के रानी थानाधिकारी के पद पर रहते हुए बिपर जॉय तूफान के दौरान माताजी का वाड़ा गांव की नदी में पिकअप समेत फंसे युवक शंकर लाल सीरवी को 2 घंटे तक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर सुरक्षित बाहर निकाला। सिंह ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध 6 कार्रवाई कर भारी मात्रा में डोडा पोस्त समेत अन्य नशे की सामग्री बरामद की। साथ ही इस धंधे में लिप्त कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी सूझबूझ से जिले में घटित 5 हत्याओं का खुलासा कर अभियुक्तों को पकड़ा।

## एटीएम कार्ड बदल कर ठगी करने वाली गैंग पकड़ी

- आरोपी किराए की गाड़ी लेकर एटीएम बूथ की रैकी करते थे
- पुलिस ने 23 एटीएम कार्ड बरामद किए

जयपुर। राजधानी की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने एटीएम बूथ से लोगों की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते ही तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 23 एटीएम कार्ड बरामद किए है। बताया जा रहा है की तीनों बदमाश किराए की गाड़ी में एटीएम बूथ की रैंकी करते थे और फिर वारदात को अंजाम देते थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने एटीएम बूथ से लोगों की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाली गैंग प्रेम मेघवाल उर्फ प्रेम गोदारा निवासी नागौर हाल निवारू रोड करधनी, हिम्मत सिंह गुर्जर निवासी करधनी व देवांश शर्मा निवासी वैशाली नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया की उन्होंने मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मानसरोवर और शिप्रापथ इलाके में एटीएम बूथ की रैकी कर वारदातों को अंजाम दिया है। जिसमें से सात वारदातों में एटीएम बदल कर रुपए निकाल लिए और करीब एक दर्जन वारदातों का प्रयास किया। बताया जा रहा है की आरोपी प्रेम मेघवाल कोतवाली नागौर से कई मामलों में वांटेड चल रहा है। गिरफ्तार प्रेम मेघवाल एटीएम ठगी का सरगना है। आरोपी के खिलाफ 6 एटीएम ठगी, 6 चोरी व नकबजनी एवं 1 प्रकरण अवैध मादक पदार्थ का दर्ज है। वह डेढ़ साल से रतनगढ़ चूरू जेल में बंद था और कुछ समय पहले ही बाहर आया है। आरोपी ने जयपुर शहर में करीब एक दर्जन वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी पांचवीं क्लास तक पढ़ा हुआ है। वारदात को अंजाम देने के लिए वह 92 हजार रुपए में मासिक किराए पर गाड़ी लेकर एटीएम बूथ की रैकी करता था।

## बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीना

जयपुर। प्रताप नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश एक व्यक्ति का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया सेक्टर-26, स्थित यूनिक टावर निवासी अनिन्दज भराचार्य ने रिपोर्ट दी है कि 8 अगस्त को बाइक सवार बदमाश अपार्टमेंट के पास ही हाथ पर झपट्टा मार मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राह चलते लोगों से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किया आरोपियों को चिन्हित**

- लूट का आई फोन - 11 बरामद

जयपुर। राजधानी की विधायकपुरी थाना पुलिस ने रात के अंधेरे में राह चलते हुए लोगों से लूटपाट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का आई फोन-11 बरामद किया है। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस को आरोपी से अन्य कई लूटपाट की वारदात खुलने की संभावना है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण जयपुर योगेश गोयल ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने रात के अंधेरे में राह चलते हुए लोगों से लूटपाट करने के आरोप में विनय स्वामी निवासी नूरानी मस्जिद नाहरी का नाका चांदपोल को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 6 अगस्त को परिवादी आशीष ने विधायकपुरी में मामला दर्ज कराया था कि वह रात करीब डेढ़ बजे उपासना बिल्डिग में स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपए निकाल कर ग्रांड अनुकम्पा श्याम नगर जाने के लिए ट्रैक्सी का इंतजार कर रहा था।

अजमेरी पुलिया के पास परिवहन मार्ग की तरफ पैदल ही जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आकर एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका गला दबाया। इस बीच दो-तीन लड़के एक मोटरसाइकिल लेकर आए। बाइक सवार बदमाश उसका आईफोन-11 व गले में पहनी सोने की चैन तोड कर फरार हो गए। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। फुटेज में आरोपी को चिन्हित कर गुरूवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## बदमाश ने बाप-बेटो को धमकी देकर 10 लाख रुपए मांगे

जयपुर। प्रताप नगर इलाके में एक बदमाश ने गैंगस्टर गिरोह का सदस्य बता कर बाप-बेटो को धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की है। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी जहीर अब्बास ने बताया कि सेक्टर-8 प्रताप नगर निवासी संतोष खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि 8 अगस्त की शाम को मोबाइल पर एक बदमाश ने कॉल किया। उसने खुद को एक बड़े गैंगस्टर के गिरोह से जुड़ना बताया। उसने कहा कि तुम तीनों बाप बेटों में से एक को मारने के लिए 10 लाख रूपए की सुपारी मिली है। तुम तय करो, पहले किसे मरना है, नहीं तो 10 लाख रुपए से ज्यादा रकम दो, तुम्हारी जान बच जाएगी। इसके बाद सुपारी देने वाले को मार दूंगा। बदमाश ने दोनों बेटों को कॉल कर यही बात कही। इस कॉल के बाद परिवार सदमे हैं। पुलिस मामला दर्ज कर मोबाइल नंबरों के आधार पर बदमाश की तलाश में जुटी है। फिलहाल नंबर बंद है। हालांकि यह भी संभव है कि जिस व्यक्ति के नंबर से फोन आया है उस व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज से ये नंबर हांसिल किया है। फिलहाल परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है।

## बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपरलीक से युवाओं के भविष्य पर संकट: शुक्ल

- एबीवीपी की न्याय पदयात्रा राजस्थान विश्वविद्यालय में हुंकार सभा के साथ हुई समाप्त

जयपुर। एबीवीपी की 3 अगस्त को करौली से शुरू हुई न्याय पदयात्रा राजस्थान विश्वविद्यालय में न्याय हुंकार सभा के साथ समापन हो गई। न्याय पदयात्रा गुरुवार को आगरा रोड से राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंची, यहां घूमर पांडाल में हजारों की संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता न्याय हुंकार सभा में शामिल हुए।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा राजस्थान का युवा अन्याय के विरुद्ध बिगुल बजा चुका है। राजस्थान में अपराध का आंकड़ा दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से बढ़ रहा है, राजस्थान में युवा शक्ति अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध एकजुट है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपरलीक से राजस्थान के युवाओं के भविष्य पर संकट है। उन्होंने कहा एबीवीपी अपनी आवाज तब तक उठाती रहेगी जब तक प्रदेश में अपराध खत्म नहीं हो जाता। राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा ने इस दौरान कहा राजस्थान में जिस प्रकार से जनजाति बहनों पर अत्याचार व अपराध की घटनाएं हो रही हैं, वह अत्यंत दुखद व शर्मनाक हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि आज राजस्थान प्रदेश का युवा त्रस्त है-पीड़ा में है। विद्यार्थी परिषद की न्याय यात्रा उस पीड़ा को दिखाने का साधन रही है। करौली सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदेश में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराध पीड़ा देने वाले हैं। नेतृत्व जहां उदाहरण देने वाला होना चाहिए वहीं राजस्थान का नेतृत्व पीड़ा देने वाला है। राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत ने संबोधित करते हुए कहा राजस्थान में अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को सरकार पुलिसिया दमन से डराने का प्रयास कर रही है, लेकिन छात्र डरेगा नहीं। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य पूनम शेखावत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौतमी अहिरावल, जयपुर प्रांत मंत्री शौर्य जैमन, जोधपुर प्रांत मंत्री श्याम शेखावत, चित्तौड़ प्रांत मंत्री हर्षित निनोमा, राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष भारत यादव ने भी संभा को संबोधित किया।

### पांडाल खाली हुआ भाषण से पहल

राजस्थान यूनिवर्सिटी के घूमर पांडाल में न्याय सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के एबीवीपी कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। तेज गर्मी की वजह से कुछ ही देर में पूरा पांडाल खाली हो गया। इसकी वजह से एबीवीपी के नेता खाली कुर्सियों के सामने ही भाषण देते नजर आए।

## छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भूख हड़ताल

जयपुर। छात्रसंघ चुनाव को लेकर विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता विनोद बंदोली आरयू में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की हार के डर से प्रदेश में छात्र संघ चुनाव नहीं कराना चाहती है, ऐसे में अगर अगले 5 दिनों में सरकार ने छात्र संघ चुनाव का ऐलान नहीं किया गया बड़ी संख्या में प्रदेशभर के छात्र मुख्यमंत्री आवास और राजभवन का घेराव करेंगे। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। जिसको लेकर अब छात्र नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर जहां छात्र नेता विनोद बंदोली छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए। वहीं छात्र नेता प्रशांत ढाका ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन कर छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की।

## कर्मचारी नेता स्व. राजकुमार शर्मा को जलदाय कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

- पानी पेच स्थित इंटक कार्यालय में राजकुमार शर्मा की 5वीं पुण्य तिथि मनाई

जयपुर, (का.सं.)। पानी पेच स्थित इंटक कार्यालय में प्रांतीय नल मजदूर कर्मचारी यूनियन इंटक के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रहे स्व. राजकुमार शर्मा की 5 वी पुण्यतिथि पर सैकड़ो जलदाय कर्मचारियो ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको याद किया।

प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा व जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी ने बताया कि स्व. राजकुमार शर्मा सरल स्वभाव के कर्मचारी नेता थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में जलदाय कर्मचारियों वह जनता जल कर्मचारियों के कल्याण के लिए कई संघर्ष किए धरने प्रदर्शन कर कर्मचारियों की मांगों का निराकरण कराने का काम किया। शर्मा कर्मचारी के संघर्ष के अलावा सामाजिक उत्थान कार्य में अपनी भूमिका निभाते रहे थे।

आज इनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर सैकड़ो जलदायक कर्मचारियों सहित सामाजिक नेताओं ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको याद किया।

इस मौके पर संघठन के कार्यवाहक अध्यक्ष केदार प्रसाद शर्मा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत वृत जयपुर दक्षिण अध्यक्ष मोहनलाला पालीवाल वृत उत्तर अध्यक्ष हरीश कुमार जिला महामंत्री रामधन सैनी उपाध्यक्ष राजेश वर्मा,सुभाष योगी,मूलचंद सेनी यूथ अध्यक्ष विनोद मीना सहित संघठन के लालाराम गुर्जर,फूलचंद गुर्जर, सुनील खत्री, टीकमचंद जांगिड़,ओमसिंह अमरावत, करण सैनी, अश्वनी मेहरा, रमेश शर्मा, श्यामवीर सिंह सहित संगठन इंटक के पध्धिकारी गण व सदस्यों गणों ने कर्मचारी नेता स्व राजकुमार शर्मा को भावपूर्णी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वांछित फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। आमेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस मामले में पिछले 18 माह से वांछित चल रहे फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर थाना पुलिस ने एनडीपीएस मामले में पिछले 18 माह से वांछित चल रहे फरार आरोपी विकास कुमार माली निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि पुलिस ने 28 जनवरी 2022 को आरोपित रामनारायण माली निवासी सवाई माधोपुर को दो किलो 580 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजे सहित पकडा था। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया । वहीं वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन स्वामी विकास कुमार की तलाश करते हुए धर-दबोचा।

## पीएचईडी घूस मामला: ठेकेदार पदमचंद एक दिन के रिमांड पर

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में चल रहे घूसकांड मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड अवधि पूरी होने पर गुरुवार को एसीबी ने न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने एक्सईएन मायालाल सैनी, एईएन राकेश चौहान, जेईएन प्रदीप, ठेकेदार की फर्म के कर्मचारी मलकेत सिंह व प्रवीण कुमार को जेल भेज दिया।

एसीबी ने ठेकेदार पदम चंद जैन की चार दिन की रिमांड मांगी। जिसका आरोपी के अधिवक्ता दीपक चौहान ने विरोध किया। उन्होंने कोर्ट से कहा कि एसीबी मामले में बरामद मेजरमेंट बुक और मुहर के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए रिमांड मांग रही है। जबकि यह पहले ही दिन बरामद हो गए थे और आरोपी तीन दिन की रिमांड पर रहे हैं। इस दौरान आरोपी से इनके संबंध में अनुसंधान क्यों नहीं किया गया। दोनों पक्षों की सुनने के बाद न्यायालय ने ठेकेदार पदमचंद की एक दिन की रिमांड अवधि बढ़ा दी।उधर, एसीबी ने एफआईआर में यह भी बताया कि ठेकेदार पदमचंद, एक्सईएन मायालाल से हुई बातचीत के बारे में 16 जून को निजी व्यक्ति उमेश को बताते हुए कहता है कि मायालाल जयपुर आया था और रात को ही निकल गया। उसने कहा कि पैसे तो वहां ही भेज देना। तब उमेश आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहता है कि मायालाल ने ऐसा कह दिया। तभी पदमचंद जैन बहरोड एईएन से बात करने के लिए कहता है। इस पर उमेश ने कहा कि उससे बात हो गई। तब पदमचंद गुस्से में कहता है कि ले जाओ पैसे और उसके माथे पर मार कर आ जाओ। ठेकेदार पदमचंद जैन और उमेश के बीच 5 अगस्त को भी बातचीत होती है। उमेश कहता है कि एक्सईएन से टाईअप कर लूंगा कि वो कब तक आएंगे। तब पदमचंद ने कहा कि वो 11-12 बजे तक आ जाएगा। तुम इन चोरों की पर्ची तो बना लो। जिसपर उमेश कहता है कि पर्ची क्या बनाऊंगा, मौके पर चेक में अमाउंट देखकर वहीं बता दूंगा।

## दो महिला सहित दस तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शहर में स्कूल, कॉलेजों के आस पास मादक पदार्थ बेचने वाले ड्रग्स माफियाओं और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। पुलिस ने इस अभियान में एनडीपीएस एक्ट में 11 प्रकरण दर्ज कर 2 महिला सहित 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया प्रतापनगर, विद्याधर नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, कालवाड़, भांकरोटा, बगरु, करधनी, मालपुरा गेट, श्याम नगर, नाहरगढ़, रामनगरिया एवं गलतागेट इलाके में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने यहां से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 97.99 ग्राम स्मैक, 624 ग्राम गांजा, 2 पिस्टल 10 कारतूस, बिक्री की राशि 3120 रूपए एवं 2 दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं।



### Mountain Day

Looking for a thrilling adventure? Explore the breath-taking heights, stunning vistas, and diverse wildlife of these majestic landmasses!Enacted on May 23, 2014, officials in Japan announced that they would celebrate and promote Mountain Day as a public holiday in the country. The purpose and idea behind the day is a simple one: get to know and appreciate the mountains and the blessings that come from them.Head into nature to enjoy the beauty and appreciate everything it has to offer on Mountain Day!



#RESEARCH

## Just ONE Drink A Day Can Raise Your Blood Pressure

Finding a linear correlation between alcohol consumption and systolic blood pressure is important because systolic pressure-the force against the artery walls as the heart contracts-is a strong predictor of cardiovascular disease risk.



Limiting yourself to one alcoholic drink a day may not be enough to avoid detrimental effects on your health, researchers report.

The new study confirms for the first time that both low and high daily alcohol intake are continuously associated with increases in blood pressure levels, potentially increasing the risk of cardiovascular disease.

The findings were the result of combined analysis of seven international research studies conducted between 1997 and 2021 in almost 20,000 adults in the US, Korea, and Japan in whom the association between usual intake of alcohol and blood pressure could be observed for periods of four to 12 years. None of the participants had been previously diagnosed with high blood pressure, cardiovascular diseases, or alcoholism.

Participants who consumed an average of 12 grams of alcohol per day-roughly equivalent to 1.5 oz. of liquor or one 11 oz. beer-saw systolic blood pressure rise 1.25 mmHg. Consuming 48 grams per day saw a systolic blood pressure increase of 4.9 mmHg.

The association between alcohol consumption and higher blood pressure was robust, being seen for all levels of alcohol intake, in both men and women, and in North Americans as well as Asians.

The findings may be most important for those who already have higher than desired blood pressure levels, says Paul Whelton, professor in the epidemiology department at Tulane University's School of Public Health and Tropical Medicine and co-author of the study in the journal Hypertension.

"We found participants with higher starting blood pressure readings had a stronger link between alcohol intake and blood pressure changes over time," he says.



"This suggests that people with a trend towards increased, though still not high, blood pressure may benefit the most from low to no alcohol consumption."

Finding a linear correlation between alcohol consumption and systolic blood pressure is important because systolic pressure-the force against the artery walls as the heart contracts-is a strong predictor of cardiovascular disease risk.

Diastolic blood pressure-the force against artery walls between heart beats-is less of a risk predictor. Still, diastolic blood pressure rose 1.14 mmHg per 12 grams of daily alcohol and 3.1mmHg per 48 grams of daily alcohol, though the effect was only seen in males.

"We found no beneficial effects in adults who drank a low level of alcohol compared to those who did not drink alcohol," says senior study author Marco Vinceti, professor of epidemiology and public health in the Medical School of the University of Modena and Reggio Emilia University in Italy.

"We were somewhat surprised to see that consuming an already-low level of alcohol was also linked to higher blood pressure changes over time compared to no consumption-although far less than the blood pressure increase seen in heavy drinkers."



# No Grief Greater Than "सन्तान शोक"



One morning we were told That Kaka and Khurima were leaving Jaipur to work with a group of Quakers in the interior of Odissa amongst the tribals. Their opulent property was sold at a short notice at one-tenth the market price. They couldn't have cared less. The Shalimar cinema was made on the plot and now the Sangam Complex dominates the area. After working with Quakers their sorrow was lessened by helping the tribals in the area. Besides this the strong principles of simple living and strict rules of behaviour amongst the Quakers made their burden lesser. I remember how Gita Khurima's eyes would moisten many years later whenever we met. I suppose I was a constant reminder of Kajaol for her. The sorrow diminishes but never disappears. It is only possible to divert one. Samir Kaka and Gita Khurima lived for nearly fifty years after that but they were never the same.



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

There is no greater loss than that of an adult Child. My heart goes out to Sejal and Mehul at the bereavement for their beloved son Keshav. There was so much joy when he was born. A fourth generation to the empire of the Emerald King, Khel Shankar Durlabhji had been born. Soon after his birth he failed to thrive and then it was discovered that he suffered from Thalassemia. It was a thunderous blow to the family. Rashmi Kant, his grandfather, was the one who decided about the measures to be taken to care for him. He was a man of clear thought and quick decisions. Rashmi Kant asked around and was informed that such children need repeated blood transfusions to survive. There would be side effects, out of which deposition of iron in all tissues, would be responsible for damage and shorter life. Incidentally, he and Keshav were of the same blood group and so a system of blood collection from Rashmi Kant and transfusion to Keshav was organised. This required a good blood bank. Since Santokba Durlabhji Hospital was a part of the Durlabhji trust it was decided that a good and modern blood bank be created as fast as possible.

That was the beginning by Dr. B C Sangal and then soon all other modalities like fractionation and other development raised the level of the SDMH blood bank to be that of a reliable regional blood bank. All hospitals in far-flung areas of Rajasthan and Haryana could appeal for blood components from it. I remember the very early days when blood was difficult to get and relatives had to be goaded to donate blood for major operations. They would all plead ill health or myriads of reasons to avoid donating blood. With increasing understanding of the need for blood donation the younger generation has come forward to donate blood voluntarily and repeatedly. Social and religious organisations have come forth with donation programmes and one can say that now there is virtually no shortage of blood of the common groups. It is amazing that more than thousand bags of blood can be collected in a single day in a blood donation camp. There is an assurance of reciprocity which ensures that the donor will be entitled to blood in required numbers when the need arises. Even the rare negative groups are available on lists and the donors come quickly on call. The blood bank at SDMH has gone one step further created a list of thalassemia patients who are now regular recipients of blood at no cost. Keshav's parents can find some solace that he has been responsible in being to help so many other patients. It will in no way alleviate their pain in this loss but many other families will always be thankful to them. It may also show them a meaning in life hereafter!

> With increasing understanding of the need for blood donation the younger generation has come forward to donate blood voluntarily and repeatedly. Social and religious organisations have come forth with donation programmes and one can say that now there is virtually no shortage of blood of the common groups. It is amazing that more than thousand bags of blood can be collected in a single day in a blood donation camp.



There can be no dearth of understanding as to how the death of a growing child can affect the lives of the parents. Samir Kaka and my father were distant cousins. They spent a large portion of growing years together in Kolkata. As it would happen Samir Kaka found a job in the Medical and Health Department of that state of Jaipur. My father became the Chief Surgeon besides many other posts. As DMHS he became Samir Kaka's boss too. Their earlier relationship matured and they continued to enjoy each other's company. I even have a black and White picture of both them wearing three piece suits made from the same material. They were that close! Samir Kaka and Geeta Khurima had one daughter

#GRIEF



My father and Samir Kaka



nearly my age. She was brought up in a prim manner as her mother was convent educated and improper behaviour was just not acceptable. We did not meet often although they lived in a magnificent thatched house with thick mud walls nearby. They could well afford a pucca house but this was a part fancy and part effect of Shantiniketan that encouraged them to be different.

When Kajol was about ten years old in the 1950's she suddenly became listless and unable to do any physical task. She was taken to Kolkata where she was finally diagnosed as leukemia (A blood cancer). This was the era when no treatment was available and even blood transfusion was a far thought in India. She withered and passed away in about a year. The parents were inconsolable. They must have wept their hearts out and every nook and corner of the house was a constant reminder of Kajol for them. One morning we were told That Kaka and Khurima were leaving Jaipur to work with a group of Quakers in the interior of Odissa amongst the tribals. Their opulent property was sold at a short notice at one-tenth the market price. They couldn't have cared less. The Shalimar cinema was made on the plot and now the Sangam Complex dominates the area. After working with Quakers their sorrow was lessened by helping the tribals in the area. Besides this the strong principles of simple living and strict rules of behaviour amongst the Quakers made their burden lesser. I remember how Gita Khurima's eyes would moisten many years later whenever we met. I suppose I was a constant reminder of Kajaol for her. The sorrow diminishes but never disappears. It is only possible to divert one. Samir Kaka and Gita Khurima lived for nearly fifty years after that but they were never the same.

Dr K. R… lost his son in a motor vehicle accident near Dudu on the Jaipur- Ajmer Road. At that time it used to be a two lane road. Accidents do happen and often one dies due to no fault except that one was at that location at that time. Dr. R… and his wife were devastated. Both just stopped living. Mrs. R… even stopped speaking. Her eyes were dry and yet they wept. Dr. R was a man of few words even before and became monosyllabic. He had a hearty laugh which disappeared completely. In his effort to remember his son he decided to get a trauma hospital created at Dudu. He felt many of the accident victims could have been saved if immediate medical care was given. His efforts were successful but the hospital had to be shut down due to man power shortage. The couple tried many methods of diversion. They started to go to religious gatherings. Attended Yoga and meditation meetings. Nothing seemed to help. Mrs. R. died an early death!

I often wonder if anyone can really prepare for the loss of a child due to illness or accident. No matter how many precautions are taken death will creep up suddenly on many occasions. The question 'What if?' keeps coming back at odd moments. I remember this teenager pestering his parents for a motorbike. The parents were unwilling. Finally they gave in. A few months later the boy was hit by a fast moving car from the rear and died on the spot. The refrain in their sorrow was – This would not happen if he had not been gifted the motor bike. We could have easily given him a car. I am sure it would have been safer but when death strikes there is no way out.

The biggest problem is how to cope with the sorrow. A couple is surrounded by many loving relations and friends initially, but this does not last long. Later they are totally dependent on each other and to a lesser degree on other children. I am sure there will be tons of books and talks available for coping mechanisms. In the end if there is a system that works it has to arise from within and it should be so powerful that it is able to involve the partner equally well. Joining and retiring into religious communities has been the common method advocated. Others feel listening to discourses help. Others try and immerse themselves into work and business in a wholesome manner. All this may help. But finally it must be accepted that there is no balm. In a solitary moment the face, smile and other actions of the beloved child lost does flit into the mind.

> The biggest problem is how to cope with the sorrow. A couple is surrounded by many loving relations and friends initially, but this does not last long. Later they are totally dependent on each other and to a lesser degree on other children. I am sure there will be tons of books and talks available for coping mechanisms. In the end if there is a system that works it has to arise from within and it should be so powerful that it is able to involve the partner equally well.

The day before Sanjay Gandhi's plane crashed, PM Indira Gandhi was to visit Chamunda temple in Himachal Pradesh. All arrangements had been made. For some unknown reason the programme was cancelled. The chief priest of the temple was very disturbed. He said:- 'Kali Ma is unforgiving when a promise is not completed. The PM should have come!' Indira Gandhi went to the temple later and went through all the rituals in an immaculate manner. She wept. She wept throughout the puja. At the end the priest had only this to say:-

'You have lost a beloved son. There is no way of getting him back. There are so many other sons who will look forward to your care!'

rajeshsharma1049@gmail.com



#CELEBRATION

## ART MEETS LUXURY

Jaipur Watch Company unveils Raja Ravi Varma Collection celebrating a fusion of heritage and horology.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The Jaipur Watch Company, renowned for its exceptional craftsmanship and innovation in horology, has unveiled a masterpiece that marries the realms of art and luxury. In a tribute to the eminent Indian painter Raja Ravi Varma, the company introduced the limited-edition Raja Ravi Varma collection amidst great fanfare in the Pink City.

### A Legacy of Artistic Brilliance

Raja Ravi Varma, a luminary in the annals of Indian artistry, is celebrated for his unparalleled fusion of European academic art and indigenous Indian sensibilities. Hailed as the first modern Indian artist, Varma's legacy is a tapestry of divine depictions and timeless mythological narratives. Notably, his groundbreaking efforts to democratize art through affordable lithographs made his work accessible to the masses, effectively shaping artistic tastes among common people. His renditions of Hindu deities and scenes from Indian epics garnered widespread acclaim and reverence.

### A Dual Celebration

The year 2023 marks the 175th birth anniversary of Raja Ravi Varma, coinciding with the 10th anniversary of the esteemed Jaipur Watch Company. To honour these monumental occasions, the company has curated a collection that captures the essence of Varma's artistry and the brand's commitment to excellence.

Telling more about this collection, Gaurav Mehta, Founder & CEO, Jaipur Watch Company, says: "While we have celebrated European artists, we have forgotten the legacy of India's first modernist. That inspired me to create the Raja Ravi Varma watch collection. I reached out to Sachin Kaluskar, who owns the largest collection of Raja Ravi Varma's oleographs and through him, to Rama Varma Thampuran of Kilimanoor Palace, the artist's descendant who heads the Kilimanoor Palace Art Trust. Kilimanoor Palace is where Raja Ravi Varma was born and where, even today, his studio continues to be visited by travellers and art enthusiasts."

### A Limited-Edition Tribute

The Raja Ravi Varma collection comprises a rare assortment of limited-edition watches, with only 112 pieces available. Each watch is a testament to precision engineering and artistic prowess, paying homage to the timeless legacy of Raja Ravi Varma.

Telling more about the process of these watches being made, Mehta says: "To recreate the paintings on the watch dial to perfection, Jaipur Watch Company signed a MoU with Kilimanoor Palace Art Trust and accessed high resolution images of the paintings. A special machine imported from Japan offered us the capability to recreate his oleographs with colours and tones similar to the painting, on the watch face. Each watch carries a certificate of Authenticity signed by Rama Varma Thampuran."










### A Cultural Extravaganza

The launch event, spanning two captivating days, transported attendees into the world of Kerala and the Kilimanoor Palace - the very heart of Raja Ravi Varma's inspiration. The festivities commenced with a vibrant welcome orchestrated by traditional drummers from the Dwarka Kala Samithi, setting the stage for an immersive cultural experience. The highlight of the event was a mesmerizing performance by Rama Varma Thampuram, a direct descendant of Raja Ravi Varma and a distinguished Carnatic musician and vocalist. Adding to the allure was an authentic Sadya, a sumptuous feast meticulously prepared by the culinary artisans of Kilimanoor Palace and Taj Jai Mahal Palace, invoking the rich flavors and traditions of Kerala. There was also a polo match, Rajasthani high tea and a tour of the city palace to give a feel of the Pink City to the guests who had come from Kerala.

### Preserving Heritage

The Raja Ravi Varma collection by Jaipur Watch Company stands as a testament to the symbiotic relationship between art and luxury. By encapsulating the spirit of an artistic visionary within the confines of a watch, this collection not only honours the past but also paves the way for a timeless legacy that merges art, heritage, and horology. As admirers and collectors eagerly admired these limited-edition timepieces, the Raja Ravi Varma collection emerged as an eloquent reminder that art and luxury are not just commodities, but conduits to the very essence of human creativity and expression.

### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रसुता की मौत मामले में चिकित्सक दम्पति पर लापरवाही का आरोप

## मेघवाल समाज के लोगों ने ए.डी.एम. को ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्यवाही की मांग की

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर के जांगिड़ अस्पताल में चिकित्सक दम्पति पर लापरवाही से प्रसुता की मौत के आरोप की जांच को लेकर मेघवाल समाज द्वारा प्रदर्शन किया गया। जांगिड़ अस्पताल के बाहर धरने पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने चिकित्सक दम्पति पर लापरवाही सहित अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अस्पताल के बाहर करीब तीन घंटे तक धरना देने के बाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए लोग रैली के रूप में रवाना हुए, जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एडीएम कार्यालय पहुंचे। एडीएम भागीरथ साख को ज्ञापन सौंप कर दोषी चिकित्सक दम्पति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि गांव डूंगरास आथुणा निवासी उर्मिला पत्नी सुरेश कुमार मेघवाल एक अगस्त को निजी अस्पताल में अपने पति के साथ परामर्श एवं जांच के लिए आई थी। उपस्थित चिकित्सकों ने मां और गर्भस्थ बच्चे को शारीरिक नुकसान का भय दिखा कर उसी दिन प्रसव करवाने की सलाह दी। जिस पर डॉक्टर द्वारा ईलाज के लिए बताए गए पांच हजार रूपये की व्यवस्था कर जमा करवाने के साथ ही दवाईयों एवं कमरे का खर्च अलग से दिया गया।


सुजानगढ़ में चिकित्सक दम्पति पर लापरवाही के आरोप लगाकर प्रदर्शन करते हुए सर्वसमाज के लोग।

इसके बाद डॉ. नीलम जांगिड़ ने उर्मिला का प्रसव करवाया। प्रसव के बाद डॉ. जांगिड़ द्वारा 40 हजार रूपये की और मांग की गई। जिस पर हमारे द्वारा 40 हजार रूपये का भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस दौरान उर्मिला ने ब्लडिंग होने के बारे में बताया। डॉ. नीलम जांगिड़ एवं डॉ. सत्यनारायण जांगिड़ एवं नर्सिंग स्टाफ को बार-बार कहने के बाद भी उन्होने लापरवाही बरतते हुए उर्मिला की ओर कोई ध्यान नहीं दिया तथा बच्चे के हार्ट में छेद बताते हुए अरिहंत हॉस्पीटल सीकर के लिए रैफर कर दिया। इसी दौरान डॉ. सीआर सेठिया को बुलवाया गया, जिन्होने भी बच्चे को सीरियस बताया। चिकित्सक दम्पति ने प्रसुता को पूर्ण स्वस्थ एवं बच्चे को सीरियस बताते हुए रैफर कर दिया। सीकर ले जाते समय अधिक ब्लडिंग होने के कारण उर्मिला की रास्ते में मृत्यु हो गई।

इस सम्बंध में डॉ. सत्यनारायण जांगिड़ ने बताया कि उर्मिला की दो अगस्त को सामान्य डिलीवरी हो गई थी। वार्ड में शिफ्ट करवाया गया। बच्चे के सांस में दिक्कत थी तथा लीवर बढा हुआ लग रहा था। बच्चों के डॉक्टर ने देख कर रैफर करने का परामर्श दिया। इससे पहले उसके तीन अबॉर्शन हो चूके थे। यह उसका प्रीसीएस बेबी था। तीन बजे एम्बूलेंस आई, तो बच्चे को देख कर उसके सदमा लगा। वह झट से खडी हुई और न्यूरोजनिक शॉक से उसके ब्लडिंग शुरू हो गई। लेबर रूम में लाकर अच्छी तरह से मैनेज कर उसे रैफर कर दिया। सीकर में हॉस्पीटल को लेकर निर्णय नहीं ले पाये तथा दूसरी बार ब्लडिंग हो गई। समय पर सीकर पहूंच जाते तो उर्मिला की जिंदगी बच जाती।

ज्ञापन सौंपने एवं प्रदर्शन के दौरान नरसी मीठडी राजगढिया, सरपंच गिरधारी लाल मेघवाल, एडवोकेट तिलोक मेघवाल, हरि मेहरडा एडवोकेट, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, देवीलाल मेघवाल, मुकेश मेघवाल, विक्रम राणा, मोहन मेघवाल पार्षद, पूनमचंद, सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़, जीतू सिंह बैनाथा, हीरालाल कालवा, पुनाराम करेला, एडवोकेट सलीम खान पार्षद, दिलीप चौहान, गोविंद बामणिया, नमी कांटीवाल, विक्रम सुरूवास, भगवती प्रसाद सोनी, लियाकत अली, अकरम राइन, मांगीलाल मेघवाल, मूलाराम, मंगलाराम, भागीरथ, मोहनलाल पार्षद, गिरधारी लाल चिनिया, गोपीचंद बडाबर, शिवपाल, महिंद्र बालन, परमाराम नायक, ताराचंद मलसीसर, चंद्रकांत ढोली सहित अनेक सर्व समाज के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनो के साथी उपस्थित रहे।

# छात्रा का शव कुएं से बरामद, टीचर पर हत्या का आरोप

## छात्रा का शव स्कूल परिसर में रखा, प्रदर्शन किया

**बौंली, बामनवास** (निसं)। मित्रपुरा तहसील के एक गांव के पास ढाणी में 16 वर्षीय छात्रा का शव गुरुवार को करीब 11 बजे कुएं में तैरता मिला। शव को तैरता देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस, ग्रामीण, परिजन व जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। बालिका के शव को कुएं से बाहर निकाल कर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनुतिया के प्रांगण में रखकर प्रदर्शन किया।

आरोपी शिक्षक सहित सभी स्टाफ को निलंबित करने सहित 7 सूत्री मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया। सूचना पाकर सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल, बौंली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम प्रजापत, सीओ मीना मीना, थाना प्रभारी मनीषा मीणा सहित मित्रपुरा व बौंली पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन व ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया।

- **एक करोड़ का मुआवजा सहित सात सूत्री मांगों पर वार्ता जारी**

मौके पर जनप्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री रामावतार मीना, बामनवास प्रधान शशि कला मीणा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित सहित आसपास के अनेको जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने पुलिस प्रशासन से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पूरे स्टाफ को निलंबित करने एवं दोषी शिक्षक को फांसी की सजा देने व मृतका के परिजनों को 1 करोड़ की मुआवजा राशि सहित 7 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता शुरू की। देर रात तक पुलिस प्रशासन, परिजन, ग्रामीण व जन प्रतिनिधियों में वार्ता जारी थी। छात्रा के परिजनों ने 8 अगस्त को बौंली पुलिस थाने में 16 वर्षीय बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी शिक्षक राम रतन मीणा को नामजद किया था। छात्रा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत थी।

आरोपी शिक्षक गणित का वरिष्ठ अध्यापक था। बौंली पुलिस ने आरोपी शिक्षक रामरतन मीणा को 9 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। इस कारण संयुक्त निदेशक भरतपुर संभाग रामखिलाड़ी बैरवा ने आरोपी शिक्षक को 10 अगस्त को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधियों में वार्ता जारी थी लेकिन किस प्रकार का समझौता नहीं होने के कारण बालिका का शव विद्यालय प्रांगण में ही रखा हुआ है। अभी तक उसका पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि या अन्य मामले का खुलासा हो पाएगा।

# काउंसलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के हिन्दी, अंग्रेजी, व्याकरण, सामान्य व्याकरण एवं साहित्य विषय की काउंसलिंग के लिए प्रदत्त अवसरों में अनुपस्थित रहे विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थियों को 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना होगा। संबंधित अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से जरिए एसएमएस भी सूचित किया जा रहा है। आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त को उक्त परीक्षा के तहत 5 विषयों की काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इसमें अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा 10 अगस्त को काउंसलिंग का पुनः अवसर दिया गया था। इसमें भी कतिपय अभ्यर्थी काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए। ऐसे अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से निर्धारित दिनांक को आयोग कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इसके बाद पात्रता जांच के लिए अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा।

# स्मार्ट सिटी के कामों पर पलीता लगा रहे हैं अधिकारी : देवनानी

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने एक बार फिर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों पर निशाना साधा है। आनासागर झील पर हुए अतिक्रमण को लेकर एनजीटी के फैसले के बाद बुधवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद डीटीपी मीनाक्षी वर्मा को एपीओ किए जाने पर देवनानी ने राज्य सरकार पर सच को छुपाने का आरोप लगाया है।

देवनानी ने कहा कि अपनी गलती को छुपाने के लिए छोटे अधिकारियों पर बिना मतलब कार्यवाही की जा रही है और यह सच को दबाने की साजिश है। देवनानी ने कहा कि डीपी मीनाक्षी वर्मा को एपीओ करने के पीछे एक बड़ा कारण 11 अगस्त को एनजीटी में होने वाली सुनवाई में उनकी ओर से सच को बताने से रोकना है। देवनानी ने आरोप लगाया कि आनासागर झील के कैचमेंट ऐरिया को छोटा कर झील के चारों तरफ अवैध निर्माण की बाढ़ आ गई और कुछ ऐसे निर्माण भी कर दिए गए जो स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में शामिल ही नहीं थे। ऐसे में लापरवाहों पर कार्यवाही करने की बजाय जो अधिकारी सच बोलने का साहस कर देते हैं यह सरकार उन्हें इनाम के रूप में एपीओ करती है।

- **'अपनी गलती छुपाने के लिए छोटों का बनाया जा रहा निशाना'**
- **सार्वजनिक अवकाश के बावजूद डीटीपी मीनाक्षी वर्मा को एपीओ किए जाने पर देवनानी ने राज्य सरकार पर सच को छुपाने का आरोप लगाया**

देवनानी ने स्मार्ट सिटी के कामों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि साल 2018 के बाद से ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को सुनिश्चित नहीं किया गया है। अधिकारी अपनी मनमर्जी से ही चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने के लिए नियम कायदा को ताक पर रखकर झील के प्राकृतिक स्वरूप के साथ छेड़खानी करते रहे। देवनानी ने कहा कि आनासागर झील के केचमेंट एरिया में बने सेवन वंडर्स का निर्माण भी अनाधिकृत रूप से किया गया। इसके अलावा गांधी स्मृति उद्यान और लव कुश गार्डन के पास में फूड कोर्ट का निर्माण भी नियम कायदों को ताकत पर रखकर किया गया इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए आरक्षित पटेल मैदान में भी स्मार्ट सिटी के नाम पर व्यवसायिक दुकानों का निर्माण किया गया।

देवनानी ने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को राज्य सरकार की लगातार शह मिलती रही जिसके चलते उनके हौसले बुलंद रहे हैं और उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर इन अवैध निर्माणों को जारी रखा और न सिर्फ जारी रखा बल्कि इनका लोकार्पण भी करवाया और अब जब एनजीटी के आदेश में झील के चारों तरफ बने इन निर्माणों को अवैध माना गया है और तोड़ने के आदेश जारी किए गए हैं। तब अधिकारी अपनी गलती को छुपाने के लिए छोटे अधिकारियों पर कार्यवाही कर खुद को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। देवनानी ने डीटीपी मीनाक्षी वर्मा को एपीओ करने पर भी तंज करते हुए कहा कि एक ऐसे अधिकारी को एपीओ किया गया जो पिछले 1 साल से बिना काम के ही वेतन ले रहा था और बिना डीटीपी की सहमति के एनजीटी में गलत जवाब पेश किया जा रहे थे जिनमें तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की गई।

# युवक की हत्या के बाद मौताणा नहीं देने पर आरोपी के घर में तोड़फोड़

## मृतक के परिजनों ने आरोपी के घर पर हमला कर दिया, सामान बाहर निकाल कर जलाया

**डूंगरपुर,** (निासं)। सदर थाना क्षेत्र के खेमारू में एक युवक की हत्या के बाद मौताणा नहीं देने पर मृतक के परिजनों ने आरोपी के घर पर हमला कर दिया। घर में रखे सामान का बाहर निकालकर आग लगा दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने 16 नामजद और 25 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना खेमारू गांव में सात अगस्त की रात की है।

पुलिस के अनुसार खेमारू निवासी रामलाल कटारा पुत्र नाथूलाल कटारा ने थाने में रिपोर्ट दी है जिसमें बताया है कि सात अगस्त की रात नौ बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर था। इतने में चिल्लाने की आवाज आने लगी। आंगन में लाइट जलाकर देखा तो लक्ष्मण पुत्र धनजी कटारा निवासी खेमारू और उसके परिवार के लोग आ रहे थे। वे कह रहे थे सुनील को तुमने मार दिया और अभी तक मौताणा भी नहीं दिया है। दो बार अल्टीमेटम देने के बाद भी मौताणा नहीं दिया है। सभी हमलावरों के हाथों में मशाल, लट्ठ, पत्थर, धारिया और कुल्हाडी थी। यह देख उसकी पत्नी केसर और पुत्रवधु ललिता मक्के के खेतों में जाकर छुप गईं। हमलावरों के हाथों में पेट्रोल से भरा केन देखकर वह भी भाग गया। हमलावरों ने पहले उसके घर में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद कपडे, बिस्तर और अन्य सामान घर से बाहर फेंक कर आग लगा दी। घर के केलू और टीनशेड भी तोड़ दिए। हमलावरों के डर सभी खेतों में छुपकर देखते रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


खेमारू गांव में हमलावरों ने घर का सामान बाहर निकाल कर जला दिया।

इस संबंध में पुलिस ने घर पर चढ़ोतरा, तोड़फोड़ आगजनी करने के मामले में खेमारू निवासी लक्ष्मण पुत्र धनजी कटारा, शांता पत्नी लक्ष्मण कटारा, कोकिला पत्नी थावरा कटारा, जमनालाल पुत्र लक्ष्मण कटारा, फता पुत्र पूंजा कटारा, राजू पुत्र पूंजा, गटू पुत्र सोमा, दिता पुत्र सोमा, मणिलाल पुत्र सोमा, लिलाराम पुत्र विरमा कटारा, विरमा पुत्र ताजू, अमरा पुत्र हीरा, मंजू पत्नी भरत, हजाराम पुत्र लक्ष्मण, रूपसी पुत्र हलिया, प्रभुलाल पुत्र रूपसी कटारा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसके अलावा 25 अन्य सहयोगियों को भी आरोपी बनाया है।

- **पुलिस ने 16 नामजद और 25 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया**

जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के खेमारू गांव में 23 जून को स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के पीछे की तरफ पहाड़ियों में एक बंद माइंस में भरे पानी में एक युवक का शव मिला था। मृतक युवक की पहचान खेमारू निवासी सुनील 18 पुत्र लक्ष्मण कटारा के रूप में हुई। मृतक के पिता लक्ष्मण ने बताया था की सुनील 21 जून सुबह 7 बजे घर से निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। परिजनों ने हत्या का शक जताया था। पुलिस ने डूबने से मौत का केस दर्ज किया था। लक्ष्मण कटारा की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने एक महीने बाद विशाल पुत्र रामा कटारा, केशवलाल पुत्र रामा कटारा,राहुल पुत्र रामा कटारा, ललिता पत्नी केशवलाल और माधवलाल पर हत्या का केस दर्ज किया था।

# टंकी पर चढ़े युवकों पर मधुमक्खियों का हमला

**जोधपुर,** (कासं)। शेरगढ़ विधानसभा के देचू क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर दो युवक टंकी पर चढ़ गए। युवकों का कहना था कि गांव में लंबे समय से पानी की किल्लत है कोई भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए मजबूर होकर उन्हें टंकी पर चढ़ना पड़ा। इसी दौरान अचानक टंकी पर चढ़े युवकों पर मधुमक्खियों के दल ने हमला बोल दिया। इसके चलते दोनों जान बचाकर नीचे उतरने लगे। उतरने के दौरान एक युवक श्रवण 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में ग्रामीण देचू के सरकारी चिकित्सा केंद्र में लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रैफर किया गया है। युवक के शरीर पर कई जगहों पर मधुमक्खियों ने काट दिया।

टंकी पर चढ़े युवक ने वीडियो जारी कर बताया कि उनके गांव ठाडिया क्षेत्र के दर्जियों की ढाणी में पिछले 12 महीनों से पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। इसके चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या को लेकर कई बार स्थानीय सरपंच से लेकर पीएचईडी के अधिकारियों को भी बताया गया लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। दोनों युवक आज सुबह गांधीगिरी तरीके से विरोध जताने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ गए। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान टंकी के नीचे ठामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इधर घटना के बाद भी मौके पर पीएचईडी अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में रोष है।

ग्रामीणों ने बताया शेरगढ़ विधानसभा के इस गांव में पिछले लंबे समय से पानी की किल्लत है। पीएचईडी के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां पर ट्ययूबवेल बंद पड़ी है। 1500 रुपए देकर भी पानी के टैंकर नहीं मिल रहे हैं। इस घटना को लेकर भी एईएन, जेईएन को कॉल किया लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया। जनप्रतिनिधि भी समस्या को लेकर सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

# एम.जी. हॉस्पिटल में खंभे से कूदने वाले अधेड़ ने दम तोड़ा

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। एमजी हॉस्पिटल परिसर में गत दिनों बिजली के खंभे पर चढ़कर कूदने वाले अधेड़ ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, चचेरे भाई का आरोप है कि मृतक राधेश्याम को उसकी पत्नी, सास व साला धमकी देकर मरने पर मजबूर कर रहे थे। इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

बागौर थाना प्रभारी मोतीलाल रायका ने बताया कि लेसवा निवासी राधेश्याम (45) पुत्र छोगा सुथार 6 अगस्त रविवार की शाम एमजी अस्पताल के मुख्य मार्ग पर स्थित एक बिजली के खंभे पर चढ़ने के बाद नीचे कूद गया था। चौकी पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवा दिया, जहां उसका उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान राधेश्याम ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि राधेश्याम ने 31 जुलाई को जहरीली वस्तु के सेवन करने के बाद बागौर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां से उसे अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया, जहां मेल मेडिकल वार्ड में उसका उपचार चल रहा था। 6 अगस्त को वह वार्ड से बिना बताये बाहर निकल आया और इसके बाद थम्भे पर चढ़ के कूद गया। उधर, आज मौत के बाद शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। इस बीच, मृतक के चचेरे भाई लेसवा निवासी लेहरू लाल पुत्र सोहन लाल सुथार ने बागौर पुलिस को रिपोर्ट दी।

थानाप्रभारी ने बताया कि लेहरू ने मृतक राधेश्याम की पत्नी गायत्री, सास लाली व साले सोनू को आरोपित बनाया है। थाना प्रभारी का कहना है कि गायत्री, पति राधेश्याम को धमकी देकर पीहर चली गई। इसके बाद पारोली थाने में मारपीट व दहेज प्रताड़ना का केस भी राधेश्याम पर दर्ज करवा दिया था। इनकी धमकी से मजबूर होकर राधेश्याम ने पहले कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद भी जब वह बच गया तो बिजली से खंभे से कूद गया। पुलिस ने लेहरु की रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी, सास व साले पर खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया जा रहा है।

# बस में अफ़ीम दूध की तस्करी, एक गिरफ़्तार

## बस में बीमार मरीज होने से बस को गंतव्य के लिए रवाना किया

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। ज़िले के बदनोर थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतापगढ़ से जौधपुर जा रही वीडियोकोच बस के एक यात्री से दो किलो अफीम दुग्ध बरामद किया है।

बदनौर थाना पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी रामकिशन सैनी मय जाब्ता अल सुबह थाने से रवाना होकर नाकोड़ा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और नाकाबंदी शुरु की। इस दौरान सुबह करीब 5.50 बजे भीलवाड़ा की ओर से आई जाखड़ ट्रैवल्स की बस को रोका। चालक से पूछताछ करने पर उसने खुद को आमलीखेड़ा, नीमच निवासी अमृत सिंह पुत्र केसरसिंह राजपूत, जबकि खलासी ने कुड़ी, जौधपुर निवासी मुकेश पुत्र खेताराम जाट बताया। पुलिस को देखकर बस की सीट संख्या 10 पर सवार यात्री घबराया। शंका होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की तो खुद को बाड़मेर जिले के लापुन्दड़ा बारठान निवासी चूनाराम (23) पुत्र देवाराम जाट बताया। उसके पास एक बैग मिला, जिसकी पुलिस ने तलाशी ली तो तीन थैलियों में अफीम दुग्ध भरा मिला।

पुलिस ने यात्री को बस से उतारा। बस में बीमार मरीज होने से बस को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। वहीं चूनाराम के पास मिले अफीम दुग्ध का वजन करने पर 2 किलो ठाम पाया गया। चूनाराम के पास बैग में उसका आधार कार्ड भी मिला। इसके अलावा उसके पास जाखड़ ट्रैवल्स का प्रतापगढ़ से जौधपुर का टिकिट भी मिला। पुलिस ने अफीम दुग्ध बरामद कर चूनाराम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। इसकी जांच बर थाना प्रभी राज दीपेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# फिजिक्स विषय का परिणाम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के फिजिक्स विषय का परिणाम जारी किया गया। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त विषय की विचारित सूची 6 अप्रेल 2023 को जारी की गई थी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से करवाई गई। पात्रता जांच उपरांत संबंधित सेवा नियमानुसार 71 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

- **71 अभ्यर्थी मुख्य सूची में सफल घोषित**

# भाजपाईयों ने नगर परिषद पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाया

## प्रदर्शन के बाद नगर परिषद आयुक्त दिलीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा

**सुजानगढ़,** (निसं)। भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने नगरपरिषद कार्यालय के सामने विकास कार्यों पर भेदभाव का आरोप लगाते जमकर आंदोलन किया। भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के वार्डों में नाली, सड़क, सफाई कार्यों में जमकर भेदभाव हो रहा है। साथ ही कहा कि पट्टे बनाने के कार्यों में नगरपरिषद धांधली कर रही है। इसके अलावा भाजपा पार्षदों ने कहा कि जमकर टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हो रहे हैं।

आंदोलन के बाद नगरपरिषद आयुक्त दिलीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर आयुक्त ने कहा कि भाजपा के वार्डों में कार्य करवाए जायेंगे, निष्पक्ष व सामान रूप से शहर में कार्य होंगे। सभापति नीलोफर गौरी ने कहा कि भाजपा द्वारा लगाए गए आरोप झूठे व निराधार है, सामान रूप से सभी वार्डो में नाली, सड़क के कार्य हो रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा पार्षद हरिओम खोड, मनीष दाधीच, पार्षद ममता ओझा, वैद्य भंवरलाल शर्मा रिछपाल बिजारणिया, हरिओम खोड, भंवरलाल गिलाण, मनोज पारीक, विजय चौहान, वैद्य भंवरलाल शर्मा, रामनिवास बुगालिया, पन्नालाल सोनी, प्रेम स्वामी, डॉ. शर्मिला सोनी, ममता शर्मा, महेश जोशी, एड. प्रियांशु लड्ढा, पुरूषोतम शर्मा, प्रकाश सोनी सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। इस दौरान पुलिस जाप्ता तैनात रहा।


सुजानगढ़ नगर परिषद में प्रदर्शन करते हुए भाजपा पार्षद एवं कार्यकर्ता।

- **आयुक्त ने कहा कि भाजपा के वार्डों में कार्य करवाए जायेंगे**
- **पार्षदों ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हो रहे हैं।**



जब मेरा नाम एशियाई खेलों के लिए टीम में नहीं था, मैं थोड़ा हैरान था। लेकिन फिर मुझे लगा कि उनकी सोचने की प्रक्रिया अलग होगी, आपको इसे स्वीकार करना होगा। खुश हूं कि रुतु टीम की कप्तानी करेगा। इसमें सभी युवा खिलाड़ी हैं, मुझे पूर भरोसा हे कि वे अच्छा करेंगे। -शिखर धवन

भारतीय क्रिकेटर, एशिया कप के लिये टीम में नहीं चुने जाने पर।




## आज का खिलाड़ी ▶ रानी रामपाल



**पूर्व** भारतीय कप्तान रानी रामपाल ने पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से अनदेखी के लिए महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन पर निशाना साधा और कहा कि उनका जल्द ही संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के पहली बार चौथे स्थान पर रहने के दौरान टीम की अगुआई करने वाली रानी तब से टीम से बाहर हैं। इस 28 साल की स्ट्राइकर ने शॉपमैन से जवाब मांगा कि आखिर क्यों उनकी अनदेखी हो रही है। नाराज रानी ने भारतीय अंडर-17 लड़कियों की टीम की कोच बनाए जाने के बाद कहा, ''पिछले दो साल में मेरे साथ जो हुआ वह सही नहीं है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# थाल में सजाकर नहीं मिलती विश्व कप जीत, भारत इसे जीतने के लिए बेताव : रोहित शर्मा

मुंबई, 10 अगस्त। कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि भारत आगामी एकदिवसीय विश्व कप में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने के लिए 'बेताब' है और उसके पास खिताब जीतने के लिए 'आत्मविश्वास' है।

भारत ने एक दशक से आईसीसी प्रतियोगिताओं में खिताब नहीं जीता है। टीम ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता था जबकि इससे दो साल पहले स्वदेश में विश्व कप जीता था। रोहित ने यहां एक कार्यक्रम के इतर मीडिया से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी (50 ओवर का) विश्व कप नहीं जीता है। विश्व कप जीतना सपना है और यहां इसके लिए चुनौती पेश करने से खुशी की बात कुछ और नहीं हो सकती।''

उन्होंने कहा, ''आपको विश्व कप थाल में सजाकर नहीं मिलता, आपको कड़ी मेहनत करनी होती है और 2011 से इतने वर्षों से हम यही कर रहे हैं। हम सभी इसके लिए लड़ रहे हैं।'' रोहित ने कहा, ''सभी मैदान पर उतरने और जीतने के लिए बेताब हैं क्योंकि हमें पता है कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम सभी अच्छे खिलाड़ी हैं, हमारे पास आत्मविश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। ऐसा नहीं हुआ का मतलब नहीं कि हम इसे हल्के में लेंगे। जब हम 2022 विश्व कप में हारे तो मैंने कहा था कि हम अगले विश्व कप के लिए चुनौती पेश करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''विश्व टेस्ट चैंपियनशिप होने वाली थी और मैंने कहा कि हम इसके लिए लड़ाई जारी रखेंगे। कभी ना कभी तो मिलेगा।'' रोहित ने कहा कि उन्हें टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन उनका मुख्य काम बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है।

उन्होंने कहा, ''मुझे सबसे पहले बल्लेबाज के रूप में अच्छा करना होगा। कप्तानी इसके बाद आती है... टीम में मेरी भूमिका बल्लेबाज की अधिक है। सबसे पहले मुझे बड़ी पारियां खेलनी होंगी और टीम के लिए मैच जीतने होंगे।'' विश्व कप से पहले लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी अनुपलब्ध हैं और रोहित ने कहा कि वह अब चोटों से डरते हैं। उन्होंने हालांकि खिलाड़ियों को आराम देने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, ''पिछले साल भी हमने ऐसा ही किया था- टी20 विश्व कप होने वाला था इसलिए हमने एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला। अब भी हम ऐसा ही कर रहे हैं, एकदिवसीय विश्व कप होने वाला है तो हम टी20 मैच नहीं खेल रहे।'' कोहली के हाल में भारत की टी20 श्रृंखलाओं में नहीं खेलने के बारे में पूछने पर रोहित ने कहा, ''यह विश्व कप वर्ष है, हम सभी को तरोताजा रखना चाहते हैं। पहले से ही हमारी टीम में इतनी चोटें हैं कि अब मुझे चोटों से डर लगता है।''

रोहित ने एकदिवसीय क्रिकेट में फॉर्म हासिल करने के लिए सूर्यकुमार यादव का समर्थन किया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि भारत को यह देखना होगा कि वे दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज का समर्थन कब तक करते रहेंगे जो अब नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हैं। रोहित ने कहा, ''वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है और वह कई ऐसे लोगों से बात कर रहा है जिन्होंने बहुत अधिक वनडे क्रिकेट खेला है जिसके कि पता कर सके कि किस तरह के रवैये और मानसिकता की जरूरत होती है।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''उसके जैसे बल्लेबाज को अतिरिक्त मैच देना महत्वपूर्ण है ताकि वह लय और आत्मविश्वास हासिल कर सके। जिस तरह से उसने इस साल आईपीएल की शुरुआत की, पहले चार-पांच मैच में उसके नाम अधिक रन नहीं थे लेकिन देखो उसने उसके बाद क्या किया।''

## रोहित ने माना, एशिया कप और विश्वकप से पहले वनडे में नंबर चार का स्थान मसला

मुंबई, 10 अगस्त। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद भारतीय वनडे टीम में बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार पर कोई भी बल्लेबाज खास सफल नहीं हो पाया और विश्वकप से पहले यह टीम के लिए एक मसला है। वनडे विश्व कप में अब दो महीने का समय बचा है लेकिन भारत अब भी बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान के लिए उपयुक्त खिलाड़ी ढूंढ रहा है। इससे पहले 2019 के विश्व कप में भी भारतीय टीम के लिए यह स्थान बड़ा मसला बना हुआ था। चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब वापसी की तैयारियों में जुटे श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 20 मैचों में 805 रन बनाए जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। रोहित ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा,''देखिए बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान पिछले लंबे समय से एक मसला बना हुआ है। युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद कोई भी अन्य खिलाड़ी इस नंबर पर अपना स्थान पक्का नहीं कर पाया।'' उन्होंने कहा,''लेकिन पिछले कुछ समय से श्रेयस अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी कर रहा था और उसने अच्छा प्रदर्शन भी किया । उसके आंकड़े वास्तव में शानदार हैं।'' रोहित ने कहा,''दुर्भाग्य से चोटिल होने के कारण वह परेशानी में रहा। चोटिल होने के कारण वह पिछले कुछ समय से बाहर है और ईमानदारी से कहूं तो पिछले चार-पांच वर्षों से ऐसा हो रहा है। इनमें से कई खिलाड़ी चोटिल हो गए और ऐसे में नए खिलाड़ी को उस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा।'' भारतीय कप्तान ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम के प्रमुख स्थानों के खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से टीम को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा,''पिछले चार-पांच वर्षों में काफी खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। जब कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहता है तो फिर आप भिन्न खिलाड़ियों के साथ भिन्न तरह की चीजें आजमाने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान के लिए मैं असल में यही कहना चाहता हूं।''

# विश्व चैम्पियनशिप : निशिमोती से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

कुआला लंपुर, 10 अगस्त। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की। कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोज़ोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी। दूसरी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी बाई मिली है। विश्व की नंबर दो पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में आयरलैंड के जोशुआ मैगी/पॉल रेनॉल्ड्स या ऑस्ट्रेलिया के केनेथ झे हूई चू/मिंग चुएन लिम से भिड़ेगी। भारत के एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की स्टार तिकड़ी पुरुष एकल में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। पहले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का मुकाबला फिनलैंड के काले कोलजोनेन से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य का मुकाबला मॉरीशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल से होगा। महिला युगल प्रतियोगिता में 15वीं वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई/यांग चिन तुन या एस्टोनिया की केटी-क्रीट मरान/हेलिना रूटेल से भिड़ेगी। अश्विनी भट्ट के. और शिखा गौतम की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी नीदरलैंड की देबोरा जिल और चेरिल सेनेन के खिलाफ क्वालीफिकेशन के लिये लड़ेगी। रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को पहले चरण में स्कॉटलैंड के ऐडम हॉल और जूली मेकफ़र्सन से भिड़ना होगा। इसी प्रतियोगिता में वेंकट प्रसाद और जूही देवांगन जर्मनी के जोन्स रैल्फी जैनसेन और लिंडा एफ्लर से भिड़ेंगे। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का 28वां संस्करण 21 से 27 अगस्त के बीच डेनमार्क के कॉपेनहैगन में खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता की पांच अलग-अलग श्रेणियों में 55 देशों के 375 शटलर हिस्सा लेंगे।

## ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में लगी आग

कोलकाता, 10 अगस्त। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित क्रिकेट मैदान ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में बुधवार रात आग लगने से छत और कुछ फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने कहा कि बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) में टीम के ड्रेसिंग रूम में झूठी छत के कुछ हिस्से और कुछ फर्नीचर बुधवार को लगभग 11:40 बजे वायरिंग में संदिग्ध शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में क्षतिग्रस्त हो गये।

जो लोग ड्रेसिंग रूम में काम कर रहे थे, उन्होंने सबसे पहले आग पर ध्यान दिया। तीन अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचने के बाद आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी में ईडन गार्डन में नवीनीकरण का काम चल रहा है। पिछले सप्ताहांत आईसीसी की एक टीम ने इस प्रतिष्ठित स्टेडियम की तैयारियों का निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त की। यह मैदान विश्व कप के पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

## हॉकी इंडिया लीग के वित्तीय मॉडल को मिली मंजूरी

चेन्नई, 10 अगस्त। हॉकी इंडिया ने कार्यकारी बोर्ड की 100वीं बैठक में गुरुवार को हॉकी इंडिया लीग के लिये प्रस्तावित बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के वित्तीय मॉडल को मंजूरी दे दी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की ने बैठक के बाद कहा, पिछले महीने हमने अपनी मार्केटिंग एजेंसी द्वारा प्रस्तावित एचआईएल पुनरुद्धार योजनाओं की समीक्षा करने के लिये बैठक बुलाई थी। आज कार्यकारी बोर्ड ने हॉकी इंडिया लीग के लिये बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी। हम इस नतीजे पर पहुंचे कि एजेंसी को आधिकारिक तौर पर हॉकी इंडिया लीग के लिये बाजार में कदम रखने दें। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बहुत उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी का उत्पादन करना है, जो खेल को और भी ऊपर उठाने में मदद करेगा। डॉ टिर्की की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम और एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष फुमियो ओगुरा भी उपस्थित थे। दोनों को स्मारक स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मेरा मानना है कि हॉकी इंडिया लीग न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में इस खेल के विकास के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों को भी प्रतिस्पर्धा करके अपने खेल को ऊपर उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा, कौशल और रणनीतियों का यह अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान न केवल खिलाड़ियों की क्षमताओं में सुधार करता है बल्कि खेल की गहरी समझ को भी बढ़ावा देता है।

# काउंटी क्रिकेट में दोहरे शतक के बाद अब भारतीय टीम में चयन के बारे में नहीं सोच रहा : पृथ्वी साव

नार्थम्पटन, 10 अगस्त। हाल में लिस्ट ए क्रिकेट में दूसरा दोहरा शतक जड़ने के बाद भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने माना कि वह इस समय राष्ट्रीय टीम में अपने भविष्य के बारे में नहीं सोच रहे हैं बल्कि वह सिर्फ काउंटी क्रिकेट में अपने खेल का लुत्फ लेना चाहते हैं। साव ने नॉर्थम्पटनशर की तरफ से खेलते हुए इंग्लैंड के एकदिवसीय कप टूर्नामेंट में समरसेट के खिलाफ बुधवार को 153 गेंदों पर 244 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहली बार काउंटी क्रिकेट में खेल रहे इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 28 चौके और 11 छक्के लगाए। यह लिस्ट ए में उनका दूसरा दोहरा शतक है। यह उनका इस प्रारूप में कुल नौवां शतक है।

वह पिछले दो साल से भारतीय टीम की दौड़ से बाहर चल रहे हैं, उन्होंने भारत के लिए अंतिम मैच जुलाई 2021 में श्रीलंका दौरे पर खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया और वह आगामी आयरलैंड श्रृंखला और एशियाई खेलों के लिए दूसरे दर्जे की भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा नहीं हैं।

साव ने मैच के बाद कहा, ''निश्चित रूप से यहां अनुभव हासिल करने के लिए खेल रहा हूं। मैं इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि भारतीय चयनकर्ता क्या सोच रहे हैं। लेकिन मैं यहां अच्छा समय बिताना चाहता हूं। उन्होंने कहा, ''नॉर्थम्पटनशर ने मुझे यह मौका दिया, वे मेरा ख्याल रख रहे हैं और मैं इसका आनंद ले रहा हूं। ''

साव ने कहा कि अच्छी धूप निकल रही थी और यह उनकी बल्लेबाजी के लिए आदर्श हालात थे। उन्होंने कहा, ''धूप निकल रही थी, यह भारत के मौसम जैसा ही दिन था इसलिये यह अच्छा था। मैं किसी भी चीज के बारे में नहीं सोच रहा था। ''

उन्होंने कहा, ''आप जानते हो कि जब अंदरूनी किनारा भी मुझे आउट नहीं कर पाता तो मतलब है कि यह दिन मेरा है। आप कभी कभार भाग्यशाली होते हो इसलिये यह मेरा दिन था। जब मैंने 150 रन बनाये तो मैंने सोचा कि गेंद की टाइमिंग काफी अच्छी थी और यह बड़ी पारी खेलने का दिन हो सकता है। साव ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो 227 रन मेरे दिमाग में था। मैंने वाइटी (सैम वाइटमैन) से बात की तो मैंने उससे कहा कि 227 रन होंगे, जो मेरा सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने कहा, ''यह अच्छा टीम प्रयास था। मैं हमेशा टीम के लिए मैच जीतने की कोशिश करता हूं और मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो खुद से पहले टीम को रखता हूं।''

## डूरंड कप : चेन्नईयिन एफसी ने हैदराबाद एफसी को हराया, पीएफसी और बीएएफटी का मैच गोल रहित ड्रॉ

गुवाहाटी, 10 अगस्त। चेन्नईयिन एफसी ने गुरुवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 3-1 से हराया। इस जीत से चेन्नईयिन की टीम ग्रुप ई में शीर्ष पर पहुंच गई है। चेन्नईयिन एफसी की ओर से जोर्डन मरे (46वें मिनट) और कोनोर शील्ड्स (15वें मिनट) ने गोल दागे जबकि हैदराबाद के एलेक्स साजी (छठे मिनट) ने आत्मघाती गोल किया। हैदराबाद एफसी की तरफ से एकमात्र गोल चिंगलेनसाना सिंह ने चौथे मिनट में पेनल्टी पर किया। दिन के एक अन्य मैच में पंजाब एफसी (पीएफसी) ने बांग्लादेश आर्मी एकादश एफटी से ग्रुप ए में गोल रहित ड्रॉ खेला। बीएएफटी का आईएसएल टीम के खिलाफ यह लगातार दूसरा ड्रॉ है। टीम ने इससे पहले ईस्ट बंगाल को भी बराबरी पर रोका था।

## लाल कार्ड मिलने के बाद क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेगी जेम्स

सिडनी, 10 अगस्त। इंग्लैंड की मिडफील्डर लॉरेन जेम्स पर महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टरफाइनल में नाइजीरिया के खिलाफ हार के बाद गुरुवार को दो मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया। नाइजीरिया की डिफेंडर मिशेल अलोजी के ऊपर खड़े होने के बाद हिंसक आचरण के लिये जेम्स को लाल कार्ड दिया गया था। वह कोलंबिया के विरुद्ध शनिवार को होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। अगर इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचती है तो जेम्स को उस मैच से भी बाहर रहना होगा। जेम्स इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड के लिये महत्वपूर्ण रही हैं और उन्होंने तीन गोल जमाने के अलावा तीन असिस्ट भी किये हैं। इस घटना के बाद जेम्स ने अलोजी से माफी भी मांगी थी। जेम्स ने ट्वीट किया था, आपको मेरा सारा प्यार और सम्मान। जो हुआ उसके लिए मुझे खेद है। साथ ही, हमारे इंग्लैंड प्रशंसकों और मेरी टीम के साथियों के लिये आपके साथ खेलना मेरे लिये सबसे बड़ा सम्मान है और मैं अपने अनुभव से सीखने का वादा करता हूं। उन्होंने कहा, यह एक क्षिणक भावनात्मक घटना थी जो घट गयी। यह अच्छा है कि उसने गलती स्वीकार कर माफी मांग ली है।

## एशियाड से पहले जून-जुलाई में नाडा ने डोप परीक्षण के लिए 900 से ज्यादा नमूने एकत्रित किये

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने आगामी एशियाई खेलों से पहले जून और जुलाई में विभिन्न खेलों के 900 से ज्यादा खिलाड़ियों के नमूने इकट्ठे किये जिसमें से 199 सिर्फ ट्रैक एवं फील्ड से ही लिये गये। नाडा द्वारा गुरुवार को जारी ताजा डेटा के अनुसार एजेंसी ने एक जून से 31 जुलाई तक कुल 914 नमूने लिये जिसमें से ज्यादातर मूत्र के ही थे जबकि कुछे रक्त के नमूने थे। एथलेटिक्स के बाद इन दो महीनों में मुक्केबाजी (71), तैराकी (65), भारोत्तोलन (56), साइकिलिंग (55), कबड्डी (52), कुश्ती (46), निशानेबाजी (43) के खिलाड़ियों के नमूने लिये गये। इनकी संख्या वुशु में 35, तलवारबाजी में 33, कैनोइंग में 32, बैडमिंटन में 24, हॉकी में 23, ट्राथलॉन में 23, रोइंग में 20, तीरंदाजी में 15, फुटबॉल में 11, जूडो में 11, सॉफ्टबॉल में 10, इलेक्ट्रोनिक खेलों में आठ, क्लाइंबिंग में सात और क्रिकेट में दो है। देश में ट्रेनिंग करने वाले या घरेलू स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले ट्रैक एवं फील्ड के लगभग सभी खिलाड़ी इस सूची में शामिल रहे। इनमें मुरली श्रीशंकर, शैली सिंह, एल्धोस पॉल, अब्दुल्ला अबूबाकर, ज्योति याराजी, तेजस्विन शंकर, प्रवीण चित्रावेल तेजिंदरपाल सिंह तूर, अन्नु रानी, पारुल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी और अमलान बोरगोहेन शामिल हैं। डेटा के अनुसार भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (15 से 19 जून) के दौरान करीब 30 नमूने लिये गये जो 23 सितंबर से शुरु होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल प्रतियोगिता भी थी।

## विश्व कप में अहम भूमिका निभाना चाहते है बोल्ट

वेलिंगटन, 10 अगस्त। विश्व कप 2015 और 2019 के फाइनल में हार का स्वाद चखने के बाद न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट आगामी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम के लिये 'अहम भूमिका' निभाकर ट्रॉफी उठाना चाहते हैं।

पिछले आयोजनों में हमारा अनुभव बेहद रोमांचक रहा है। इसलिये मैं टीम के साथ जुड़ने और बड़ी भूमिका निभाने के लिये उत्सुक हूं। उम्मीद है कि जिस चमकदार चीज के बेहद करीब हम चार साल पहले आये थे, उसे इस बार उठा सकेंगे। बोल्ट ने पिछले साल न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध से नाम वापस लेकर दुनियाभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का फैसला लिया था। वह कई मौकों पर फ्रेंचाइजी लीग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये न्यूज़ीलैंड की टीम से बाहर रहे, लेकिन विश्व कप से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड के इंग्लैंड दौरे पर उन्हें टीम में शामिल किया गया है। बोल्ट ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के अपने फैसले पर कहा, एक साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट से दूर जाना आसान निर्णय नहीं था।

मैं कभी नहीं चाहता था कि यह न्यूजीलैंड और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच चुनना नहीं चाहता था। मैं सिर्फ यह जानता था कि मेरा करियर कितना लंबा है और एक गेंदबाज के रूप में अपने बचे हुए वर्षों का अधिकतम लाभ उठाना चाहता था। मैं निश्चित रूप से अब भी पहले की तरह अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिये भूखा हूं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में लोगों के साथ कुछ खास करूंगा। बोल्ट ने कहा, मैं अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का बहुत सम्मान करता हूं। यह क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले किसी भी बच्चे के लिये अहम भूमिका निभाता है।

# संजय सिंह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष न बन पाए यह सुनिश्चित करने में लगे है बजरंग और विनेश

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। भारत के चोटी के पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक कथित तौर पर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष न बन पाएं। डब्ल्यूएफआई के शनिवार को होने वाले चुनाव के लिए अध्यक्ष पद की दौड़ में दो उम्मीदवार- बृजभूषण के करीबी संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण – हैं। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का आरोप लगाकर जंतर-मंतर पर दो महीने तक विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवान अनीता श्योराण का पक्ष ले रहे हैं । अनीता भाजपा नेता के खिलाफ लगाए गए यौन शोषण के आरोपों में गवाह भी है ।

बजरंग, विनेश और साक्षी गुट के करीबी सूत्रों ने बताया कि इन पहलवानों ने सुबह खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें गृह मंत्री अमित शाह से बैठक के लिए समय मिलने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा, ''कुछ मध्यस्थ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आज संसद सत्र के बाद गृहमंत्री उनसे मिल सकते हैं । उन्होंने सुबह खेल मंत्री से मुलाकात की और उनसे इस मामले पर गौर करने का आग्रह किया ।''

उन्होंने कहा,''पहलवानों ने बृजभूषण गुट के संजय सिंह के अध्यक्ष चुने जाने को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त की। पहलवानों ने कहा कि उन्होंने बृजभूषण के किसी रिश्तेदार के डब्ल्यूएफआई चुनाव में नहीं उतारने की मांग की थी और इसका मतलब यह भी था कि उनका कोई करीबी भी चुनाव न लड़े।'' सूत्रों ने कहा,''संजय सिंह बृजभूषण के बेहद करीबी हैं। वह शायद भाजपा नेता के व्यावसायिक साझेदार हैं। उनके डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने पर उन्हें आपत्ति है। यदि ऐसा ही मामला है तो फिर बृजभूषण का बेटा भी चुनाव लड़ सकता है। इसमें क्या अंतर है।''

उन्होंने कहा,''पहलवानों ने मंत्री के पास सारी बातें विस्तार से रखी। वे चाहते हैं कि अनीता श्योराण (हरियाणा में पुलिस अधिकारी और ओड़ीसा की प्रतिनिधि) डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बने और इसलिए वह गृहमंत्री से भी मिलना चाहते हैं।'' इस बीच बृजभूषण गुट के एक करीबी सूत्र ने कहा कि अगर संजय सिंह चुनाव नहीं लड़ते हैं तो क्या पहलवान भाजपा नेता के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के सभी आरोपों को वापस ले लेंगे । उन्होंने कहा,''क्या इसका मतलब यह है कि बृज भूषण के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के सभी मामले वापस चले जाएंगे । अब दौड़ से हटना संभव ही नहीं है। हम डब्ल्यूएफआई चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त हैं ।''

## किराक हैदराबाद ने प्लेऑफ की ओर बढ़ाया कदम

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। किराक हैदराबाद ने प्रो पंजा लीग के उद्घाटन संस्करण में प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाते हुए बुधवार को रोहतक राउडीज पर 16-12 की जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गये दिन के एक अन्य मुकाबले में कोच्चि केडीज ने मुंबई मसल को 16-12 से मात दी। हार के बावजूद दिन के अंत तक मुंबई मसल 119 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर कायम रही। कोच्चि केडीज़ नौ मैचों में 117 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किराक हैदराबाद (112 अंक) जीत के बावजूद रोहतक राउडीज़ (117 पॉइंट) के बाद चौथे पायदान पर कायम है। हैदराबाद गुरुवार को कोच्चि से मुकाबला करेगी जहां उसके पास बड़ी जीत हासिल कर शीर्ष पायदान पर पहुंचने का मौका होगा। रोहतक राउडीज़ की भिड़ंत लुधियाना लायंस से होगी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** **आवश्यक सूचना**

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि 219 (इमली वाला फाटक) गांधीनगर-जयपुर के मध्य किमी 237/3-4 पर रेल पथ मरम्मत के लिए दिनांक 12.08.2023 समय 7:00 बजे से 13.08.2023 को 18.00 बजे तक बंद रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।

840-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

प्ररूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर जयपुर**

सं. 1166 **लोक सूचना** दिनांक-08.08.2023

श्री अजय कुमार जाखड पुत्र स्व. श्री आशा राम निवासी-जोरपुरा, जोबनेर तहसील-जोबनेर ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार औद्योगिक के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं। अर्थात-

| जिले सहित नगर का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| माच्छरखानी-जोबनेर जिला-जयपुर | राजस्व ग्राम माच्छरखानी, तहसील-जोबनेर | 1930/1695 | कुल रकबा 1.0875 हैक्टेयर में से 2529.26 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.08.23 को जारी की जाती है।

प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका जोबनेर

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तो की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26576719 एवं 32720727 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. गायत्री पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति 2. राधा सैनी 3. गायत्री देवी 4. कविता सैनी 5. मोहन सिंह सैनी 6. विद्या देवी 7. खेम सिंह सैनी 8. सुनीता सैनी | 26.07.2023 | 2,95,10,663.67/- | आइटम-1-प्लाट नं. जी-38, क्षेत्रफल 312.39 वर्गगज, नन्दपुरी-जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है-पूर्व-प्लाट नं. जी-37, पश्चिम-रोड 40'0" चौडी, उत्तर- प्लाट नं. जी-39, दक्षिण-रोड 30'0" चौडी आइटम-2- प्लाट नं. जी-39, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-रोड 40'0" चौडी, उत्तर-प्लाट नं. जी-40, दक्षिण-प्लाट जी-38 आइटम-3- प्लाट नं. जी-40, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-रोड 40'0" चौडी, उत्तर-प्लाट नं. जी-41, दक्षिण-प्लाट जी-39 आइटम-4- प्लाट नं. जी-41, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. जी-441 और रोड 30'0" चौडी, पश्चिम-रोड 40'0" चौडी, उत्तर-प्लाट नं. जी-42, दक्षिण-प्लाट जी-40 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि मे दर्शायी राशियो को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चो, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

दिनांक- 11.08.2023
स्थान- जयपुर

ह./- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# ‘राजस्थान की गहलोत सरकार तो विश्वास करने लायक भी नहीं है’

## लोकसभा में गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राजस्थान की गहलोत सरकार पर जमकर बरसे

नई दिल्ली, 10 अगस्त। लोकसभा में गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राजस्थान की गहलोत सरकार पर जमकर बरसे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव को मूर्खता भरा हुआ प्रस्ताव करार दिया।

- राज्यवर्धन ने गहलोत सरकार को घेरते हुए कहा, शर्म करो कांग्रेस! बहन-बेटियों से माफी मांगो। एक पिता का दर्द महसूस करो, जिसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया, गोली मार दी, एसिड डाल कुएं में फेंक दिया। गहलोत कुशासन ने राजस्थान को मर्दों का नहीं, मुर्दों का प्रदेश बना दिया है।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखा है। लेकिन राजस्थान की गहलोत सरकार तो, विश्वास करने के लायक भी नहीं है। उन्होंने राजस्थान में बिगड़ी कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर जमकर हमले बोले। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस कहती है कि भारत पहली बार असुरक्षित है। लेकिन हम कहते हैं कि राजस्थान अब तक अपने को सबसे असुरक्षित महसूस कर रहा है। जहां राजस्थान भ्रष्टाचार में नंबर वन है। वहीं तुष्टिकरण की नीति में भी नंबर वन है। इस दौरान राज्यवर्धन सिंह ने गहलोत सरकार के विधायकों, कानून व्यवस्था, अपराध, तुष्टिकरण की नीति और कांग्रेस के घोषणा पत्र समेत कई मुद्दों को लेकर जमकर घेरा।

भाजपा सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि, जब वह अन्य खिलाड़ियों के साथ बीजिंग ओलंपिक में भाग ले रहे थे तो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ बैठक में व्यस्त थे। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की।

संसद के चल रहे मानसून सत्र के दौरान भाजपा सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। यही नहीं राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने तक की मांग कर डाली। राज्यवर्धन ने आगे कांग्रेस गहलोत सरकार को घेरते हुए कहा, शर्म करो कांग्रेस! बहन-बेटियों से माफी मांगों। एक पिता का दर्द महसूस करो, जिसकी बेटी का दुष्कर्म किया गया, गोली मार दी, एसिड डाल कुएं में पेंक दिया। गहलोत कुशासन ने राजस्थान को मर्दों का नहीं, मुर्दों का प्रदेश बना दिया है।

## ई-पास से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक वैब बेस्ड एवं मोबाइल फ्रैण्डली एप्लीकेशन है जो यूज़र्स को विभिन्न उद्देश्यों जैसे कि केस की सुनवाइयां व एडवोकेट्स मीटिंग्स आदि में भाग लेने के लिए ऑनलाइन ई-पास रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान करती है।

सी.जे.आई. ने कहा कि इस पोर्टल का 25 जुलाई 2023 से एक पायलट प्रोजैक्ट के रूप में परीक्षण किया गया है, जिसमें यूज़र्स से सकारात्मक फीडबैक मिला है। उन्होंने आगे कहा कि 9 अगस्त को पोर्टल के जरिए 10 हजार से अधिक ई-पास पोर्टल के जरिए जारी किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि "आप को सुबह लाइन में लगकर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़गी। सभी पास ऑनलाइन जनरेट किए गए हैं। यह सुविधा गुरूवार सुबह से उपलब्ध करवा दी गई। सी.जे.आई. ने आग कहा कि कोर्ट की वैबसाइट पर एक वीडियो ट्यूटोरियल उपलब्ध है जिसमें इस एप्लीकेशन का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई है।

## हिमाचल में बादल फटा, पांच जनों की मौत

शिमला, 10 अगस्त। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिला के पांवटा साहिब उपमण्डल की ग्राम पंचायत मुगलावाला के सिरमौरी ताल में बुधवार की रात बादल फटने से भारी तबाही मच गई। बादल फटने से गांव में आई भयंकर बाढ़ के कारण एक मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया और इसमें एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। यह जानकारी उपायुक्त सुमित खिमटा ने ने दी। खिमटा

- हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के पांवटा साहिब उपमण्डल की ग्राम पंचायत मुगलावाला के सिरमौरी ताल में बुधवार की रात बादल फटने से भारी तबाही मची।

ने बताया कि, बाढ़ में कुलदीप सिंह (63), उनकी पत्नी जीतो देवी (57), विनोद कुमार की पत्नी रजनी (31), पुत्र नितेश (10) तथा आठ वर्षीय पुत्री दीपिका लापता हो गए। इनमें से कुलदीप सिंह तथा उनकी पोती दीपिका के शवों को राहत एवं बचाव दल ने निकाल लिया। खबर लिखने तक शेष लापता व्यक्तियों की तलाश का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि, आज दिनभर बारिश के बीच लापता लोगों तलाश के अभियान में किसी प्रकार की कमी नहीं रही। कल प्रात: पुन: लापता लोगों को खोजने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

# अधीर रंजन की मोदी विरोधी टिप्पणी के बाद लोकसभा में हाथापाई की नौबत आई

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सदन में सत्तापक्ष ने जोरदार हंगामा किया और हाथापाई की नौबत आ गयी।

सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी भाषण दे रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आदि सभी सदन में मौजूद थे।

- चौधरी ने कहा, हम समझ रहे थे कि, नीरव मोदी देश से भाग गया और कैरीबियाई देशों में मजे कर रहा है। लेकिन अब समझ में आया है कि, नीरव मोदी कहीं नहीं गया। वह देश में ही है और नरेन्द्र मोदी बनकर बैठा हुआ है।
- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुटकी लेते हुए कहा कि, देश की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है और सदन से बाहर ये खुद ही जा रहे हैं। इन्हें अपने अविश्वास प्रस्ताव पर खुद ही विश्वास नहीं है। देश की जनता ने जो परिणाम दिया है, उसे स्वीकार करना चाहिए।

विपक्षी बेंच पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला की उपस्थिति में चर्चा के बीच चौधरी ने कहा, हम समझ रहे थे कि नीरव मोदी देश से भाग गया और कैरेबियाई देशों में मजे कर रहा है। लेकिन अब समझ में आया है कि नीरव मोदी कहीं नहीं गया। वह देश में ही है और नरेन्द्र मोदी बनकर बैठा हुआ है।

इतना कहना था कि, सत्तापक्ष में तेज शोर उठा और प्रधानमंत्री को छोड़ कर सभी मंत्री एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सांसद अपने स्थान से उठकर कांग्रेस नेता को ललकारने लगे। इसी बीच भाजपा के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त अपने स्थान से उठ कर तेजी से अधीर रंजन चौधरी की ओर लपके और चुनौती देने लगे। इस पर विपक्ष के कई सांसद भी आगे बढ़े। उधर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वीरेन्द्र सिंह मस्त को पकड़ा और उन्हें वापस ले आये। अधीर रंजन चौधरी भी एक बारगी सहम गये थे।

प्रधानमंत्री मोदी अपने स्थान पर बैठे हुए सब देखते रहे और उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इससे पहले भी चौधरी ने मणिपुर के हालात पर गृह मंत्री शाह के कल के भाषण पर नुक्ताचीनी करते हुए कहा कि, गृह मंत्री को बफर ज़ोन में सुरक्षा बलों की तैनाती की बात नहीं कहनी चाहिए थी।

इसके बाद अध्यक्ष ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम पुकारा और सिंधिया ने उठकर अपनी बात शुरू की। इसके चंद मिनट बाद प्रधानमंत्री उठकर सदन से चले गये।

उनके पीछे संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, गृह मंत्री शाह भी चले गये। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुटकी लेते हुए कहा कि, देश की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है और सदन से बाहर ये खुद ही जा रहे हैं। इन्हें अपने अविश्वास प्रस्ताव पर खुद ही विश्वास नहीं है।

## सुक्खू के हैलीकॉप्टर की खेत में लैंडिंग

शिमला, 10 अगस्त। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में रामपुर के बिथल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हेलीकॉप्टर की गुरुवार को आपातकालीन लैंडिंग करवानी पड़ी।

हैलीकॉप्टर चिन्हित स्थान पर नहीं उतर पाया। पांच सौ मीटर दूरी पर खेत में हैलीकॉप्टर लैंड करवाया गया।

- पायलटों की मुस्तैदी से हेलिकॉप्टर में सवार मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित।

पायलटों की मुस्तैदी से हेलिकॉप्टर में सवार मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। जेएसडब्ल्यू कंपनी के प्रोजेक्ट के परिसर में हेलीपैड बनाया गया था।

हैलीकॉप्टर में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर व मुख्यमंत्री के पीएसओ भी सवार थे।

# वरिष्ठ आदिवासी नेता नेताम ने कांग्रेस छोड़ी

जगदलपुर, 10 अगस्त। कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है। नेताम सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक हैं, वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पी. वी. नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रह चुके हैं। नेताम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में कहा कि, वे कांग्रेस पार्टी के क्रियाशील सदस्य रहे। पांच वर्ष पूर्व तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के आ ान पर कांग्रेस में वापस आकर अपने अनुभव से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का हमेशा प्रयास किया, लेकिन प्रदेश नेतृत्व के असहयोग रवैये के कारण उन्हें निराशा हुयी है।

- नेताम सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक हैं, वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पी. वी. नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रह चुके हैं।
- वर्ष 2018 में नेताम ने दोबारा कांग्रेस प्रवेश किया था। नेताम बसपा, भाजपा और राकांपा के साथ अपनी राजनीतिक पारियां खेल चुके हैं।

प्रदेश नेतृत्व राज्य में आदिवासी समाज के लिए बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के द्वारा प्रदान संवैधानिक अधिकारों के विपरीत काम करने तथा पेसा कानून 1996 में आदिवासी समाज को जल, जंगल, जमीन में ग्रामसभा के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया है। इस प्रकार से आदिवासी विरोधी सरकार है। अत: वे विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहे हैं। पत्र में उन्होंने कहा कि, केन्द्रीय नेतृत्व से उन्हें हमेशा मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मिलता रहा है, उसके लिए पार्टी का आभार व्यक्त करते हैं।

चार बार के सांसद नेताम इंदिरा गांधी और नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं। वर्ष 1996 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ी थी और फिर 1998 में कांग्रेस में लौट आए थे। वर्ष 2012 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान आदिवासी नेता पीएम संगमा का समर्थन किया, तो उन्हें फिर से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वर्ष 2018 में नेताम ने दोबारा कांग्रेस प्रवेश किया था। नेताम बसपा, भाजपा और राकांपा के साथ अपनी राजनीतिक पारियां खेल चुके हैं।

# ‘2014 से पहले पूर्वोत्तर के लोगों का दिल्ली व बड़े शहरों में उत्पीड़न होता था’

## केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान कहा कि, 2014 के बाद स्थिति बदली और आज़ादी के बाद पहली बार गुवाहाटी में डीजीपी कॉन्फ्रेंस हुई

नई दिल्ली, 10 अगस्त। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान कहा कि, 2014 से पहले पूर्वोत्तर के लोगों के साथ दिल्ली और बड़े शहरों में उत्पीड़न होता था लेकिन इसके बाद स्थिति बदली है।

रिजिजू ने कहा, कोविड के समय जब लगभग पूरी दुनिया फेल हो चुकी थी। भारत ने दिखा दिया कि महामारी कोविड से भी हम निपट सकते हैं। पूरे देश में मुफ़्त में टीका लगा।

- रिजिजू ने कहा, गठबंधन को इंडिया नाम देने से कुछ नहीं होगा, जबकि, आप स्वयं वास्तव में भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 2014 से पहले पूर्वोत्तर के कई लोगों को दिल्ली और देश के अन्य बड़े शहरों में नस्लीय उत्पीड़न का सामना करना पड़ता था। 2014 के बाद स्थिति बदली और आज़ादी के बाद पहली बार गुवाहाटी में डीजीपी कॉन्फ्रेंस हुआ। इस बैठक के दौरान पीएम ने पुलिस को निर्देश दिया कि वे पूर्वोत्तर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

अविश्वास प्रस्ताव पर रिजिजू ने कहा, वो समय चला गया जब विदेशी ताकतें भारत को बताती थीं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। आज कोई भी विदेश ताकत हमारे आंतरिक मामलों में दखल नहीं दे सकती।

उन्होंने विपक्ष से कहा, आज जब आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो उसमें भी आप साथ आइए, इसको मिलकर सेलीब्रेट करते हैं। ये कोई बीजेपी का कार्यक्रम नहीं है देश का कार्यक्रम है। मैं इस सदन में अपनी पार्टी और सरकार की तरफ से आपसे अपील करना चाहता हूं कि, आप भी इसमें आइए। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित बनाने के लिए हमें साथ काम करना चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व का भी आप समर्थन करें तभी हम मानेंगे कि आप देश के लिए सोचते हैं।

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता किरण रिजिजू ने कहा, गठबंधन को इंडिया नाम देने से कुछ नहीं होगा जबकि आप वास्तव में भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं।

## मध्यप्रदेश वि.सभा चुनाव के लिए बसपा की पहली सूची जारी

भोपाल, 10 अगस्त। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आज यहां प्रत्याशियों के नामों की पहली सूची जारी की। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने प्रत्याशियों के नामों की पहली सूची जारी की, जिसमें मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से बलबीर सिंह डंडोतिया को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह निवाड़ी से अवधेश प्रताप सिंह राठौर को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, छतरपुर जिले के राजनगर से रामराजा पाठक बसपा के प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा सतना जिले की रैगांव विधानसभा से देवराज अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है। सतना की रामपुर बाघेलान विधानसभा से मणिराज सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। रीवा जिले के सिरमौर से विष्णु देव पांडे बसपा के उम्मीदवार बनाए गए हैं।

# "आप" के कई पूर्व पदाधिकारी शिंदे की शिवसेना में शामिल

## आम आदमी पार्टी के कुछ संस्थापक सदस्य और पूर्व पदाधिकारी भी मुख्यमंत्री एक नाथ शिंदे के पाले में आए

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। राजधानी दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के कई संस्थापक सदस्य और पूर्व पदाधिकारी आज यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए।

शिवसेना में शामिल होने वालों में बवाना से पूर्व विधायक उम्मीदवार 'आप' के संस्थापक सदस्य एडवोकेट मनोज धिरयान, संस्थापक सदस्य और सार्वजनिक शिकायत निगरानी प्रणाली (पीजीएमएस सेल) के संयोजक और सलाहकार उधम सिंह और आप के पूर्व जिला सचिव एवं पीजीएमएस सेल के पूर्व सदस्य यशपाल शर्मा शामिल हैं।

- शिवसेना में शामिल होने वालों में बवाना से पूर्व विधायक उम्मीदवार "आप" के संस्थापक सदस्य एडवोकेट मनोज धिरयान, संस्थापक सदस्य और सार्वजनिक शिकायत निगरानी प्रणाली (पी.जी.एम.एस. सैल) के संयोजक और सलाहकार उधम सिंह और आप के पूर्व जिला सचिव एवं पी.जी.एम.एस. सैल के पूर्व सदस्य यशपाल शर्मा शामिल हैं।

शिवसेना के प्रमुख नेता आनंदराव अडसुल, दिल्ली और गोवा के लिए मुख्य समन्वयक अंशुमान जोशी और दिल्ली के प्रभारी कर्नल देविंदर सहरावत की मौजूदगी के इन सभी लोगों ने शिवसेना की सदस्यता ली।

दिल्ली के लोगों के कल्याण और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने के लिए शिवसेना नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आप के पूर्व नेताओं ने सामूहिक रूप से सत्तारूढ़ दल द्वारा नियुक्तियों, दान और अन्य कथित अनियमितताओं के संबंध में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और गलत कामों को उजागर करने की बात कही।

इस मौके पर अडसुल ने कहा, दिल्ली के दिग्गज नेता अब हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और यह राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## जम्मू-कश्मीर में गुरूवार को ग्रेनेड हमला

श्रीनगर, 10 अगस्त। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में गुरुवार को हुए ग्रेनेड हमले में एक सैनिक और दो आम नागरिक घायल हुए।

अनतांग जिले के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली है। संयुक्त बल कोकरनाग इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी यह घटना हुयी। सूत्रों ने कहा, घेराबंदी और तलशी अभियान के दौरान एक ग्रेनेड फेंका गया जिसके परिणामस्वरूप एक सैनिक और दो स्थानीय नागरिक घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक इलाके में तलाशी अभियान जारी था। इस घटना पर हालांकि पुलिस अधिकारी या सेना से कोई भी औपचारिक बयान नहीं दिया है।

# मुठभेड़ में नूह हिंसा के दो आरोपी गिरफ्तार

नूंह, 10 अगस्त। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को ब्रजमंडल शोभायात्रा के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये राज्य पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ रखा है और इसी कड़ी में उसने गुरुवार को एक मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हिंसा के बाद फरार हुये अथवा छिप गये ऐसे ही दो आरोपियों को पकड़ने के लिये निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में अपराध शाखा टीम ने सूचना मिलने पर तावडू के सिलको गांव की पहाड़ी के निकट धावा बोला। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में पुलिस दो आरोपियों गवारका निवासी मुनफेद और सैकुल को पकड़ लिया गया। फायरिंग के दौरान सैकुल के पैर में गोली लगी है तथा उसे नल्हड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा, एक मोटरसाइकिल और अन्य सामान भी बरामद किया है। इससे पहले पुलिस ने बुधवार को ड्रोन की मदद से नूंह में अरावली की पहाड़ियों से नौ हिंसा आरोपियों को हिरासत में लिया था। ये सभी नल्हड़ और मेवली गांवों के रहने वाले हैं तथा संदिग्ध तौर पर हिंसा में शामिल थे। वहीं गत मंगलवार को हिरासत में लिये गये आठ आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि नूंह हिसा में शामिल लोग पुलिस कार्रवाई के डर से अब आसपास की पहाड़ियों पर जाकर छिप गये हैं। पुलिस को इन पर पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस काम में पुलिस ड्रोन की भी मदद ले रही है।

उल्लेखनीय है कि नूंह हिंसा में होम गार्ड के दो जवानों और बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं समेत छह लोगों की मौत हो गई थी।

## ‘मोदी ने हमें कुछ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शादी-विवाह की व्यवस्था राहुल की मदद के कारण संभव हो सकी। वीडियो क्लिप में वे कहती हैं, "मोदी ऐसा क्यों कह रहे है कि उन्होंने मेरी मदद की? सब बकवास एवं झूठ हैं। कैसी सहायता? अगर उन्होंने मेरी मदद की होती तो मैं उनकी तारीफ जरूर करती। राहुल गांधी ने हमारी शुरु से ही मदद की तथा इसलिये मैं उनकी प्रशंसा करती हूँ।"

उन्होंने कहा, "मुझे 2008 में एक मकान मिला था, 2013-14 में, मैंने इसमें दो कमरे और एक बाथरूम में बनवाया। मोदी ने हमें कुछ भी नहीं दिया। हमें सब कुछ कांग्रेस की मदद से मिला।"

भाजपा को अब कोई नई कलावती ढूँढ़नी पड़ेगी ताकि वह दर्शा सके कि अमित शाह इस महिला के बारे में बात कर रहे थे, उस महिला के बारे में नहीं, जो प्रधानमंत्री की तरफ से किसी भी प्रकार की मदद के दावे का खण्डन कर रही है। यवतमाल की ये कलावती बंदूरकर कहती है कि उनकी गरीबी दूर करने के लिये वे राहुल गांधी की आभारी हैं। उनका परिवार एक झोंपडी में रहा करता था, किन्तु अब उनके पास पक्का मकान हैं जिसमें बिजली-पानी की सुविधा है। उनके पति ने, कर्ज न चुका पाने के कारण, 2005 में आत्महत्या कर ली थी। राहुल उनसे मिले तथा उन्हें ढ़ाढ़स बँधाया और फिर उन्होंने उननहें मदद दी। अब वे कयास के खेलों में कृषि मजदूर का काम करती हैं।

## ‘भारत में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आयाम हैं और इससे भारत सरकार की संप्रभुता प्रभावित नहीं होती। पांच सदस्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता करते हुए सी.जे.आई. ने कहा, "एक बात स्पष्ट है कि, भारत में विलय का मतलब यही था कि, जम्मू-कश्मीर ने अपनी संप्रभुता भारत को समर्पित कर दी।"

न्यायाधीशों की पांच सदस्यीय पीठ के सदस्य जस्टिस किशन कौल ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा, "यह कहना गलत होगा कि अनुच्छेद 370 को कभी खत्म नहीं किया जा सकता था। हमें सिर्फ यह देखना है कि सरकार ने इसे हटाने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई वह सही थी या नहीं।"

# दो घंटे 13 मिनट के भाषण...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बल्कि विपक्ष का फ्लोर टैस्ट है, एक साल बाद जब चुनाव हुए तो विपक्ष पहले जितने वोट नहीं ला सका। जनता ने विपक्ष में अविश्वास जता दिया। हम 2028 में फिर अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे।"

विपक्ष पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा कि विपक्ष ने मातहत जनता को इतना धोखा दिया है कि आज सूचना को दूसरा तेल माना जाता है। उनके लिए राजनीति प्राथमिकता है। गरीब, पिछड़ों और दलितों के लिए कई विधेयक लंबित हैं लेकिन विपक्ष को इनमें कोई रुचि नहीं है।

विपक्ष पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन लोगों ने क्या चर्चा की हैं। विपक्ष ने फील्डिंग तैयार की जबकि सरकार ने चौके-छक्के लगाए। उन्होंने कहा, "अविश्वास और अहंकार आपको परिभाषित करता है। विपक्ष जितना ज्यादा मुझ पर हमला करता है उतना ही मैं सफल होता हूँ।"

मोदी ने कहा, "विपक्ष एच.ए.एल. के बारे में नकारात्मक बाते करता है। वे कहते थे कि एच.ए.एल. समाप्त हो गया और देश का रक्षा क्षेत्र बर्बाद हो गया। जैसे फार्म पर वीडियो शूट होते है। वैसे ही एक वीडियो एच.ए.एल. के दरवाजे पर शूट किया गया। विपक्ष ने एच.ए.एल. के कर्मचारियों को ब्रेनवास करने का प्रयास किया, लेकिन आज एच.ए.एल. ने अब तक का सर्वाधिक राजस्व एकत्रित किया है।"

अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए मोदी ने कहा, "विपक्ष ने कहा था कि बैंकिंग क्षेत्र डूब जाएगा। उन्होंने विदेशी विशेषज्ञों से यह कहलवाया। उन्होंने बैंकों के बारे में झूठ फैलाया लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा दुगुना हुआ। उन्होंने एल.आई.सी. के बारे में झूठ बोला।"

विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चुटकी लेते हुए मोदी ने पूछा, "लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को क्यों दरकिनार कर दिया गया? क्या कोलकाता से फोन आया था? वे तो अविश्वास प्रस्ताव के लिए वक्ता भी नहीं हैं।"

मोदी ने कहा, "पाकिस्तान हमारी सीमाओं पर हमला करता था और हमारे देश में आतंकवादी भेजता था। वह अपनी भूमिका से इंकार करता और कांग्रेस हुर्रियत एवं अन्य अलगाववादियों पर विश्वास करती थी। हमने सर्जिकल स्ट्राइक की। आज कोई भारत के लिए गलत बोलता है तो वे विश्वास कर लेते हैं।"

मोदी ने इंडिया गठबंधन पर प्रहार करने में काफी समय खर्च किया और उसकी तुलना पुराने भवन पर किए गए नए प्लास्टर से की। उन्होंने कहा कि इंडिया केवल एक खराब मशीन पर नए पेंट की तरह है।

हमारे संविधान निर्माताओं ने वंशानुगत राजनीति की आलोचना की थी क्योंकि यह आम आदमी के अधिकारों के खिलाफ है मे। देश को याद दिलाना चाहता हूँ कि यह लड़ाई "नामदार" (विपक्ष) और "कामदार" (एन.डी.ए.) के बीच है।

मोदी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह सदन में मणिपुर पर विस्तार से बोले थे। मणिपुर में कोर्ट हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार उन लोगों को सजा देने का पूरा प्रयास कर रही हैं जिन्होंने अपराध किए, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ।

उन्होंने कहा कि हम मणिपुर को विकास के मार्ग पर लाने का प्रयास कर रहे हैं और सरकार तथा सदन मणिपुर के लोगों के साथ है। उन्होंने उत्तर-पूर्व की समस्या के लिए कांग्रेस जिम्मेवार ठहराया। मोदी ने मणिपुर के वर्तमान हालात पर विस्तार से बोलने की जगह गड़े मुर्दे उखाड़े।

## वक्ताओं की लिस्ट में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रवक्ताओं ने किसी भी मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के साथ संबंध रखने के किसी भी विचार को खारिज किया है। उन्होंने तो यहाँ तक सलाह दी है कि अगर पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व कोई अन्यथा या भिन्न निर्णय लेता है तथा तृणमूल के साथ जाता है तो स्थानीय स्तर पर पार्टी को समझौत करना पड़ेगा।

यह स्पष्ट है कि बंगाल के विपक्षी दल, तृणमूल कांग्रेस के साथ संभावित सहयोग के राष्ट्रीय स्तर के किसी निर्णय के विरूद्ध काम करेंगे। इस प्रकार, स्थानीय स्तर पर वे टी.एम.सी. के साथ सहयोग के मामले में, पार्टी की नीति के अनुरुप काम नहीं करेंगे। ऐसा होने से विपक्षी गठबंधन इंडिया में बने सहमति के बिन्दुओं एवं नीतियों में बिगाड़ पैदा होने की संभावना रहेगा।

वस्तुत: तृणमूल कांग्रेस अपनी इस मान्यता पर अटल है कि स्थानीय क्षेत्रों के मजबूत क्षेत्रीय दल "इंडिया" का मुख्य चेहरा रहेंगे। इस प्रकार, चेनावी समायोजनक या सीटां का बँटवारा में अड़चनें आ सकती हैं। अगर कोई रास्ता निकलता भी है तो वह अनिवार्यत: अन्य विपक्षी देलों की कीमत पर ही निकलेगा, तृणमूल कांग्रेस की ओर से किसी समायोजन की दिशा में सहयोग नहीं मिलेगा।

विपक्षी राजनैतिक दलों के प्रति तृणमूल कांग्रेस के रुख एवं व्यवहार ने राज्य में कार्यरत संगठनों के बीच के "आदान-प्रदान" संबंधी सभी जुड़ाव तक आहत कर दिये हैं। टी.एम.सी. हाल ही में पंचायत चुनावों में जीते उम्मीदवारों से संबंधित पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अलग-थलग करने से लेकर उनकी हत्या तक कुछ भी कर सकती है।

राज्य में सत्तारूढ़ टी.एम.सी. ने पंचायत चुनावों में जीत कांग्रेस के बहुत से उम्मीदवारों का अपहरण तक करने में कोई संकोच नहीं किया है। एक प्रकरण तो ऐसा भी बताया जाता है कि विपक्षी दल के विजयी उम्मीदवार के बेटे तक का अपहरण कर लिया गया तथा इसके परिणामस्वरूप विजयी उम्मीदवार को पार्टी बदलनी पड़ी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### ओलंपिक खेलों का समापन

**मंडावरी ।** नगर पालिका स्तर पर आयोजित हो रहे राजीव गांधी सारी ओलंपिक खेलों के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका मंडावरी के दिशा से अधिकारी नमन शर्मा ने कहा कि जीतने वाली टीम के खिलाड़ी आगे बड़े स्तर की तैयारी करें एवं हारने वाले टीमों के खिलाड़ी खुद की कर्मियों को दूर कर आगे नए स्तर से तैयारी कर जीत हासिल करें । अधिशासी अधिकारी शर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है उसी के साथ खेलों से नियमित दिनचर्या का संचार होता है उसी से शरीर स्वस्थ एवं तन मस्त रहता है । नगरपालिका मुख्यालय पर आयोजित हो रहे शहरी ओलंपिक खेलों का गुरुवार को विधिवत व्रत उतार का समापन किया गया । इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद नोनीहाल द्वारा विजेता टीमों को शील्ड प्रमाण पत्र पारितोषिक वितरित कर उत्साह वर्धन किया । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि शिक्षा के साथ जीवन में नियमित खेल व्यायाम आदि का होना आवश्यक है । समापन कार्यक्रम के दौरान कई टीम खिलाड़ी एवं भामाशाह आम शहर वासी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### अंतरिम सूची का प्रकाशन

**रामगढ पचवारा ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में सत्र 2023 24 में स्नातक स्तर बीए, प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार प्रवेशित विद्यार्थियों के प्रथम अंतरिम सूची का प्रकाशन किया गया जिसमे सामान्य केटेगरी में 72.20 प्रतिशत तथा अल्प आय वर्ग में 63.8, अन्य पिछडा वर्ग में61.40, अनुसूचित जाति वर्ग में 54.40, अनुसूचित जनजाति वर्ग में 69.80 तथा विशेष पिछड़ा वर्ग में46.60 प्रतिशत कटऑफ रही। प्रवेशित विधार्थियों के वर्ग का निर्धारण व विषय का आवंटन 11अगस्त को किया जाएगा।

# भाजपा की सरकार आते ही सारे भ्रष्टाचारी जेल में होंगे : शर्मा

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )** चौमूं शहर के वार्ड 22 में एसडीएम ऑफिस से बाइपास तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक रामलाल शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में वार्डवासियों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर आभार व्यक्त किया। जयपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाई जा रही एसडीएम ऑफिस से बाइपास तक सड़क निर्माण कार्य में 43 लाख रुपये खर्च होंगे। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही

> ■ 'एसडीएम ऑफिस से बाइपास तक सड़क निर्माण कार्य में 43 लाख रुपये खर्च होंगे'



चौमू शहर के वार्ड 22 में एसडीएम ऑफिस से बाइपास तक सड़क निर्माण कार्य का विधायक रामलाल शर्मा ने शिलान्यास किया ।

भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करेगें। कांग्रेस सरकार के राज में जीतने भी घोटाले किए गये उन सब घोटालों की जॉच होगी और दोषियों के ख़िलाफ़ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओ ने चौमूं के लिये 36 करोड़ की पेयजल योजना में घोटाला करने का आरोप लगाया परंतु मैंने बार बार कहा कि वर्तमान में तो आपकी सरकार है तो फिर क्यों नहीं आप इसकी जॉच करवाते हो। लेकिन नगरपालिका द्वारा तिरंगा लाईटो की ख़रीद में घोटाले में 3 कर्मचारी सस्पेंड कर दिये गये, वार्डो में बिना पानी की उपलब्धता के बिछाई गई पाइप लाईनो की जॉच सतर्कता समिति में चल रही है। इस मोके पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, ज़िला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, पार्षद गजेन्द्र यादव, संदीप शर्मा, राहुल शर्मा, राहुल बागड़ा, मुकेश सिद्ध, सूरजमल, गोपीराम, गुलाब, कालूराम, लालाराम, केसर, रामकुमार, रामेश्वर, गिरधारी, रामस्वरूप, धन्नालाल, कानाराम, बुद्धाराम, मुरली, रामनिवास, मदन, मोहन, दिनेश, दिलीप, अनुपम, नरेश, राजेन्द्र , प्रवीण, शैलेन्द्र , बँटी, महादेव, अर्जुन, कृष्ण, रोहित व मंजु शर्मा सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## ओलम्पिक खेलों का समापन

**फुलेरा।** स्थानीय नगरपालिका सभागार में गुरुवार को प्रात: राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सांभर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी छोटे लाल बुनकर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के प्रधानाचार्य डॉ. संजय यादव रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ही छात्रों का विरोध शुरू हो गया उनका आरोप यह था कि हमारी टीम का रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद भी हमें नहीं खिलाया गया। इसके चलते कार्यक्रम को बीच में ही रोकना पड़ा। इसको लेकर काफी समझाईश के बाद करीब डेढ़ घन्टे के बाद पुन: कार्यक्रम शुरू किया गया। जबकि कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों को सम्मानित किया गया। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पार्षद जितेन्द्र वर्मा, गोरी शंकर सैनी, सरदार सिंह चौधरी, पूजा भाटी, सीमाराज कुमावत, दिलीप जाजोरिया सहित विद्यालयों के अध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल की मौत

**मालपुरा (निस)** मालपुरा से जयपुर स्टेट हाईवे के अविकानगर टॉल प्लाजा के पास गुरूवार की दोपहर एक रोडवेज बस की चपेट में आकर गंभीर घायल हुए एक जने की मौत हो गयी।

> ■ मोपेड लेकर अपने खेत की ओर जाते समय हुआ हादसा

मालपुरा शहर के मौहल्ला सादात निवासी मो. शकुर पुत्र मोहम्मद अली जो कि गुरूवार की दोपहर मोपेड लेकर अपने खेत की ओर जा रहा था। अविकानगर टॉल प्लाजा के पास तेज रफ्तार दौसा डीपो की रोडवेज बस ने मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार रोडवेज के टायरों के निचे आई मोपेड के परखच्चे उड गये। मोपेड सवार मो. शुकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान मौके से गुजर रहे समाजसेवी व कांग्रेस पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी ने मानवीयता दिखाते हुए तत्काल मौके पर रूक एम्बूलेंस की सहायता से गंभीर घायल को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिन्ताजनक होने पर घायल को जयपुर रैफर किया गया। मालपुरा से जयपुर ले जाने के दौरान बीच रास्ते मे ही घायल ने दम तोड दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस टीम ने एएसआई रामनारायण गुर्जर ने रोडवेज बस को पुलिस सुरक्षा मे ले थाने मे सुरक्षित खडी करवाई गई। घायल की मौत के बाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। हादसे के दौरान दिखाई मानवीयता व तत्परता पर मौजूद ग्रामीणो ने जीएल चौधरी का आभार जताया तो चौधरी ने कहा कि यह उनका मानव धर्म था जो कि प्रत्येक नागरिक का होता है। किसी भी अन्य जरूरी कार्य से बडा ऐसे वक्त पर घायल व जरूरतमंद को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाना मानव धर्म है।

# तालाब में डूबने से एक महिला व पुरूष की मौत

**मालपुरा ।** केकडी जिले के मोर थानान्तर्गत पथराज कलां गांव में गुरूवार की दोपहर तालाब से भैंसों को निकालते समय डुबी महिला को बचाने के लिए कुदे अधेड का भी मौत हो गई।

छह घंटे के रैस्क्यू के बाद एनडीआरएफ की टीम को शव निकालने में सफलता मिला। मोर थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि गुरूवार की दोपहर को पथराज कलां गांव के तालाब में दो जनो की डुबने की मिली सुचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

तालाब के पास एकत्रित ग्रामीणों ने एक महिला व पुरूष के डुबने की जानकारी दी। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने तालाब में शवों को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। मौके पर पहुंचे विधायक कन्हैयालाल चौधरी के हस्तक्षेप व उच्चाधिकारियो से हुई चर्चा के बाद पहुंची एनडीआरएफ टीम ने तालाब में रैस्क्यू करते हुए 6 घंटे की कडी मशक्कत व रैस्क्यू के बाद पोण्ड में डुबे पथराज कलां निवासी बदाम देवी पत्नी श्योराज जाट व सुखलाल पुत्र गोपाल जाट के शवों को पोण्ड से बाहर निकाला । ग्रामीणों ने बताया कि महिला बदाम देवी की भैंसे तालाब में पानी पीने के बाद बाहर नही निकली। जिन्हे निकालने के लिए बदाम देवी पानी में उतर गई। महिला तैरना तो जानती थी लेकिन भैंसो को निकालने के दौरान महिला पानी में डूब गई। तालाब के पास मवेशी चरा रहे लोगों के चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण गोपाल जाट महिला को बचाने के लिए तालाब में कुद गया। पानी में डुबी महिला की तलाशी करने के दौरान सांस फुल जाने से सुखलाल भी पानी डुब गया। दोनो महिला-पुरूष के शवों को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ टीम को 6 घंटे तक रैस्क्यू के बाद सफलता मिली। विदित रहे कि कृषि विभाग द्वारा किसानो को फार्म पोण्ड योजना के अन्तर्गत अनुदान राशि तो स्वीकृत की जाती है लेकिन पोण्ड पर बिना सुरक्षा संसाधनो के अभाव मे ही किसानो को अनुदान राशि का भुगतान कर देने से क्षैत्र मे खोदे गये फार्म पोण्ड सुरक्षा विहिन होने के बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने से आये दिन पोण्ड मे लोगो के डुबने व जान गंवाने का सिलसिला आज भी जारी है।

## सार-समाचार

### 'खेलों से प्रतिभाओं को मिलता है निखरने का मौक



**लालसोट ।** उपखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को शहरी एवं ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका लालसोट की चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि इन ओलंपिक खेलों से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिला है। अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि जीत हार खेल के दो पहलू है हारने वाले खिलाड़ी निराश ना हो कर्मियों को पूरा कर आगे अपनी मंजिल की ओर बड़े एवं जीतने वाले खिलाड़ी बड़े खेलों की ओर खुद का ध्यान केंद्रित कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। चेयरमैन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस प्रगतिशील सोचने एक तरफ जहां स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखरने का मौका तो दिया ही है साथ ही उनको स्थानीय संस्कृति से रूबरू होने के साथ भाईचारे को बढ़ावा देने एवं आसपास की संस्कृति से रूबरू होने का मौका भी मिला है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार इन खेलों के माध्यम से विकासशील शोध एवं स्वस्थ वातावरण का विकास करना चाहती है। पूर्व चेयरमैन पीसीसी सदस्य मिश्रा ने कहा कि आज हमारे पास सबसे ज्यादा तादात युवाओं की है अगर युवा शक्ति किसी मिशन को लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो हमारे देश प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। इस शहरी एवं ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में उतार कर विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा जीत दर्ज करने वाली टीम खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र शील्ड आदि देकर सम्मानित किया गया। ओलंपिक खेल समापन कार्यक्रम को उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामचंद्र अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य मदन पारीक सहित विभिन्न टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा निकाली



**सांभरझील।** यह भाटी परिवार की ओर से आज से शुरू श्री मदभागवत कथा के पहले रोगी श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। भाटी परिवार अभिजीत कथा से पहले सैकड़ो महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। पंडित राधारमन शास्त्री ने भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए भागवत के महत्व को समझाया तथा सभी को भागवत को अपने जीवन में उतारने के लिए कहा।

### भाजपाईयों ने संसद की कार्रवाई देखी

**फुलेरा।** जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र फुलेरा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं को गुरुवार को स्थानीय सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड की व्यवस्था पर संसद की कार्यवाही को क़रीब से देखने का अवसर मिला। उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा के संजय पारीक, रतन राजौरा ने बताया कि संसद की कारवाई में हम सबको संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं राजस्थान के करीब सभी सांसदो को संसद की बहस में भाग लेते हुए देखने का अवसर मिला। साथ ही कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की भी बहस सुनी, जिसमें भीलवाड़ा की 14 वर्षीय बच्ची के साथ गठित हुई घटना के बारे में सांसद कर्नल राठौड़ ने विपक्ष के सांसदों को खरी-खोटी सुनाई। इस अवसर पर फुलेरा से पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजौरा, नेता प्रतिपक्ष संजय पारिक, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष शिवजी राम कुमावत, गोविन्द सिंह बडगुर्जर, अनिल शर्मा, महावीर बेनाडा, आलोक तिवाड़ी , सुरेश मिश्रा, एडवोकेट महेन्द्र कुमावत, संजय वार्ष्णेय, कमल शर्मा, विनोद अरोड़ा, विष्णु सैन, विस्तारक रोहित सैन, जितेन्द्र बारहठ मौजूद रहे।

### शव मिलने से फैली सनसनी

**कोटपूतली (निस)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरूवार अल-सुबह बानसूर कट पर पुरानी ट्रक यूनियन के पास नाले में अधेड़ उम्र के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जैसे ही लोगों ने शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस टीम ने शव को नाले से निकलवाकर राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां उसे शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस एएसआई शक्ति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की उम्र करीब 55-60 वर्ष है। जो देखने में नशे का आदि लगता है। तलाशी में किसी भी प्रकार का मोबाईल व दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। मृतक ने काली टी-शर्ट व नीली पेन्ट पहनी हुई है। साथ ही सफेद बाल व सफेद दाढ़ी है। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। पुलिस मृतक के परिजनों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है।

### राशि दिलवाने की मांग

**निवाई ।** तपजप संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ठगी पीडित जमा कर्ताओं की राशि का भुगतान करवाने की मांग की है। संगठन सदस्य प्रकाशचन्द मूण्डिया, कैलाशचन्द बारेठ, डालचन्द हाथीवाल, कैलाशचन्द बैरवा, प्रहलादराय व चन्द्रप्रकाश ने एसडीएम को सौपे गए ज्ञापन में बताया कि पिछले एक वर्ष तप जप संगठन मिशन भुगतान भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन देशभर में कर रहा है। उन्होंने बताया कि बड्स एक्ट 2019 को अधिसूचित किया गया है। इसके अन्तर्गत पीडितों का भुगतान करवाया जाना सुनिश्चित है। देश के लगभग 42 करोड ठगी पीडित जमा कर्ता परिवारों की करीब 20 लाख करोड रूपये की मेहनत की कमाई डूब चुकी है।

### सचिन का एल.डी.सी.में चयन

**बहरोड़/नीमराना।** बहरोड़ के कल्याणपुरा गांव के सचिन पुत्र शमशेर सिंह यादव का एसएससी सीएचएसएल में एलडीसी पद पर चयन होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई।कल्याणपुरा पु गांव के वेद प्रकाश पीटीआई ने बताया कि सचिन ने ऑल इंडिया में 45 वी रैंक हासिल कर गांव और समाज तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं उन्होंने बताया कि सचिन प्रारंभ से ही होशिया छात्र रहा है और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ेजुड़े होने के नाते उते न्होंने गांव की प्रतिभा के उज्जवल भविष्य की कामना करते बताया कि सारे गांव में सचिन के एलडीसी में चयन होने पर खुशी का माहौल है।

### 50 ग्राम स्मैक बरामद

**टोंक ।** पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज वर्मा निर्देशो के तहत वृताधिकारी एवं सदर थानाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया अभियान के तहत दौराने गस्त बिना नम्बरी स्कुटर पर सवार चालक अकरम पुत्र जफर मोहम्मद उम्र 32 साल निवासी सादिया को डिटेन कर जब तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 50 ग्राम माद पदार्थ मिला, जिसे जप्त किया, जाकर मुल्जिम को एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान कार्य गहनता से जारी है।

### सुंदरकांड पाठ आज

**मंडावरी।** सूरजपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आज शनिवार को भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस संगीतमय भव्य सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह प्रहलाद मीणा होंगे। आयोजन से जुड़े लोगों द्वारा बताया गया कि सुरतपुरा ग्राम के श्री केशव राय जी मंदिर प्रांगण में शनिवार रात 8 बजे से हरी इच्छा तक भव्य संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन सार्वजनिक तौर पर किया जाएगा। इस भव्य संगीत में सुंदरकांड पाठ को गिर्राज एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : गुर्जर

**निवाई ।** ग्राम पंचायत भरथला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक 2023 का समापन समारोह उपसरपंच भेरूलाल गुर्जर, वार्ड पंच महेंद्रसिंह राजावत, एसडीएमसी सदस्य लादूलाल गुर्जर, शंकरलाल कुमावत, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी गिरिराजप्रसाद गुर्जर, रामनगर प्रधानाचार्य सीता साहू द्वारा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर गुर्जर ने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए कहां की खेलों से ही शारीरिक और मानसिक विकास होता है। जो विद्यार्थी खेल में आगे रहते

> ■ 'जो विद्यार्थी खेल में आगे रहते हैं वह जीवन भर अपनी हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में ही रहते हैं'

हैं वह जीवन भर अपनी हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में ही रहते हैं। उन्होंने खेलेगा राजस्थान जीतेगा राजस्थान तथा हिट राजस्थान फिट राजस्थान के उद्घोष से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो गया। ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता 2023 में कबड्डी, टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल की टीम भरथला राजस्व गांव की टीम और खो-खो एवं रस्साकशी में सिवनी गांव की टीम के प्रथम आने पर सभी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रामस्वरूप मीणा, व्याख्याता सीताराम मीणा, वरिष्ठ अध्यापक गिरिराज पारीक, मुकेशचंद मीणा, बृजेंद्र सिंह, उमाशंकर गुर्जर, चांदमल सेन, शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह, मंजू गुर्जर, गणेश नारायण मीणा, के आर मीणा, अजय सिंह, शिवम वर्मा, हरिशंकर शर्मा, प्रधानाध्यापक हेमलता विजयवर्गीय, गिरिराज प्रसाद जाट, अवधेश मीणा, महावीर मीणा, नीतू शर्मा, सुरज्ञान गुर्जर व उमेद सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 'मेरा वोट मेरी ताकत' कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/ नीमराना।** राजकीय धर्मचंद गांधी जैन महाविद्यालय बहरोड़ में निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से मेरा वोट मेरी ताकत विषय पर स्टोरी प्ले तथा मतदान करना जरूरी है पर लघु नाटिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉक्टर विनय सिंह यादव ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अलवर के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित स्वीकृत कार्यक्रम के तहत विद्यालय में मेरा वोट मेरी ताकत विषय पर स्टोरी प्ले तथा मतदान करना जरूरी है पर लघु नाटिका में कैंपस ब्रांड एंबेसडर पुष्पेंद्र तथा देवांशी एवं कृष्ण चौहान, भवानी शंकर, मुस्कान, संगीता, अजय इत्यादि विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# डॉ. नेगी ने ए.डी.एम. का पदभार संभाला

**टोंक (निस)।** डॉ. सुरजसिंह नेगी ने 10 अगस्त को दोपहर बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ. नेगी इससे पूर्व जिला सवाईमाधोपुर में भी एडीएम पद पर ही पदस्थापित थे। डॉ. नेगी का टोक आना ऐसा ही है जैसा कि डॉ. नेगी ने माधोपुर से अपने स्थानान्तरण पर कहां कि मुझे लगता है कि मेरे घर लोट रखा हुं।



डॉ. सुरजसिंह नेगी

डॉ. नेगी का टोक आगमन कई अर्थो में महत्वपूर्ण इसलिए भी माना जा रहा है कि डॉ. नेगी सदभावना से ओतप्रोत, मिलनसार व हर पीडित के दुखदर्द को समझते हुए अपना प्रशासनिक दायित्व पूरा करते रहे है, वे जिले के सबसे अधिक चहते प्रशासनिक अधिकारी बन चुके है। वही डॉ. नेगी का अपना साहित्यिक रूझान, उनके द्वारा जारी पातीलेखन अभियान जो अब अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं तक पंहुच चुका है तथा विशेष रूप से स्कुली छात्र-छात्राओं में लोकप्रियता की उचाईयां छु रहा है। टोक जिले को कुशल प्रशासनिक अधिकारी मिलने के साथ, जिले में समयबद्व योजनाओं का क्रियान्वयन होने का स्वप्न जिलेवासी देख रहें।

## दौसा में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना शुरु

**दौसा।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश स्तरीय इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना' का शुभारम्भ के साथ चिरंजीवी परिवार की महिला मुखियाओं को स्मार्टफोन व इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ सिम वितरित किए गए।'डिजिटल सखी बुक लॉन्च करने के बाद राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए सभागार में उपस्थित तथा वी.सी. से जुड़ी लाभार्थियों से संवाद भी किया।

दौसा में जिला स्तरीय इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन जिम्नेजियम भवन, स्वर्गीय पंडित नवल किशोर शर्मा पीजी कॉलेज, दौसा में किया गया। इस योजना के प्रथम चरण में राज्य की 40 लाख महिला लाभार्थियों में से दौसा जिले की 74,312 चिरंजीवी परिवारो की महिला मुखिया को एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। इसके लिए लाभार्थियों को स्मार्ट फोन व सिम के लिए 6800 रुपए डीबीटी के माध्यम से ई-वॉलेट में जमा किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला प्रमुख हीरालाल सैनी,नगर परिषद सभापति ममता चौधरी,, उप सभापति कल्पना जैमन व जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने उपस्थित चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को प्रथम चरण में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के लिए चयनित होने पर बधाई प्रेषित की। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में कुल 13 कैंपों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें शहरी क्षेत्र में 2 एवं 11 कैंप ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चयनित लाभार्थी एसएमएस या आमंत्रण पत्र पर अंकित कैंप की जगह एवं तिथि अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सेज का सांकेतिक धरना जारी

**टोंक ।** ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशव्यापी आह्वान के अंर्तगत 10 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टर कार्यालयों पर सैंकड़ों की संख्या में नर्सेज ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को 23 अगस्त के सामूहिक अवकाश की सूचना का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से पहुंचाया।

सभी नर्सेज जिला सआदत अस्पताल के बाहर गत 18 जुलाई से चल रहे सांकेतिक धरना स्थल पर एकत्रित हुए, वही आम नर्सेज की बैठक हुई, जिसमें जिला नर्सेज पदाधिकरियों ने

> ■ सभा के बाद सभी नर्सेज रैली के रुप में कलेक्ट्रट पहुंच प्रदर्शन किया

सभा को संबोधित किया उसके पश्चात अनुशासन से सआदत हॉस्पिटल से हाथों में तख्तियां लेकर रैली के रुप में कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापनकर्ताओं में ऑफ ड्यूटी नर्सिंग ऑफिसर्स, सीनियर नर्सिंग आफिसर्स, एएनएम बहने और एलएचवी बहनें साथ ही हमारे नर्सिंग कॉलेज और एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से




ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया।

नर्सिंग ट्यूटर्स व स्टुडेंट हमारे छोटे भाई बहन आदि संघर्षशील साथी नर्सेज शामिल हुए। जिसमें संयोजक देवेंद्र सिंह, सभी ब्लॉक संयोजको में रामकिशन मीना, मोहम्मद जाकिर, राजेश कुम्हार त्रिलोक चंद मीना, रामजी गुर्जर, सत्यप्रकाश, कैलाश और नर्सिंग कॉलेज और एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से नर्सिंग ट्यूटर्स शामिल हुए।

## शेखावत ने सड़क का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर ।** बामरडा जोहड़ा - झाड़ली सड़क से जवान सिंह की ढाणी वाया टंकी की ढाणी के मध्य 1.80 कि मी की 48.55 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के प्रतिनिधि पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत ने गुरुवार को किया। बालेंदु सिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर में इस बार सबसे ज्यादा छह सड़कें झाड़ली ग्राम पंचायत में बन रही हैं और आगे भी इसी प्रकार लगातार विकास का कार्य निरंतर चलता रहेगा। शिलान्यास समारोह में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रमेश ढबास, झाड़ली सरपंच मगन कंवर, अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, युवा नेता नरपत सिंह झाड़ली, देवी लाल साई, कर्मजीत खैरवा, विशाल सिंह, रामोतार सिंह, रामपुरा सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सोलैत, बीरबल यादव, सुभाष यादव, नरेंद्र कुमावत, सुरेश गुर्जर, मंजीत दीक्षित, विनय प्रताप सिंह, भूपेन्द्र सिंह, नगेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामचंद्र यादव, जयेश दीक्षित, श्याम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, कुलदीप सिंह, अजय सिंह, आकाश सिंह, रामसिंह,रूपसिंह, विकास सिंह, सुरेश सिंह, ललित सिंह, बलदेव सिंह, मुकेश सिंह, कमल सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह, अनिल सिंह, रवि सिंह, छाजू सिंह, अशोक सिंह, छाजु राम गुर्जर, गोपाल सिंह,दशरथ सिंह, शैतान सिंह, रैवत सिंह, बने सिंह, अर्जुन सिंह,सरदार सिंह, धोलू गुर्जर, मुकेश डोई, बनवारी डोई, रणवीर यादव आदि मौजूद थे।


MARUTI SUZUKI ARENA
हो रही है ऑफ़र्स की बौछार!
नयी मारुति सुज़ुकी एरीना कार घर लाएं और शानदार ऑफ़र्स का लाभ उठाएं.
ईंधन कार्यकुशल^ 32.73 km/kg
ईंधन कार्यकुशल^ 34.05 km/kg
ईंधन कार्यकुशल^ 34.43 km/kg
ईंधन कार्यकुशल^ 33.85 km/kg
S-PRESSO
WAGONR
CELERIO
ALTO K10
ज़बर्दस्त परफॉर्मेंस
बेहतर सुरक्षा
ज़्यादा बचत
S-CNG
DRIVE SMART. CHOOSE GREEN.
महा बचत
S-PRESSO ₹56 000*
WAGONR ₹46 000*
CELERIO ₹56 000*
ALTO K10 ₹42 000*
S-PRESSO WAGONR CELERIO ALTO K10
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: 8955664400. CHURU: TRS CHURU: 9356501550. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. JAIPUR CITY: SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727 AJMER: RELAN MOTORS: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: AJMER: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. AURIC MOTORS: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111.
*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. The offers of cars mentioned above are of their selected CNG variants. It is inclusive of Consumer offer, Exchange bonus, Corporate offer/Rural offer (wherever applicable). All offers are applicable till 31st August 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.